CMYK

अधिकतम : 19° C
न्यूनतम : 08° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शुक्रवार 12 दिसम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 107 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



लोकतंत्र के मंदिर संसद में धुम्रपान करना संविधान का अपमानः शहजाद पूनावाला पेज 2



रोहित-कोहली का ए+ ग्रेड खतरे में, गिल का प्रमोशन संभव खेल टाइम्स



कोशिकाओं की सुरक्षा प्रणाली के लिए घातक है जीका वायरस सम्पादकीय



नौ करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता, ट्रम्प गोल्ड कार्ड आज से लागू पेज 12

# बहराइच हिंसा के दोषी सरफराज को फांसी की सजा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए 22 वर्षीय राम गोपाल मिश्रा की हत्या मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गुरुवार को दोषियों को सजा सुनाई।

बहराइच कोर्ट ने राम गोपाल की हत्या के आरोपी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं 9 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। बता दें कि कोर्ट ने 9 दिसम्बर को 13 आरोपियों में से 10 को दोषी ठहराया था, जबकि तीन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। दोषी ठहराए गए आरोपी अब्दुल हमीद, उसके बेटे फहीम, सरफराज, तालिब, सैफ, जावेद, जीशान, ननकऊ, शोएब और मारुफ हैं। इनमें से सरफराज को फांसी की सजा मिली है। शासकीय अधिवक्ता प्रमोद सिंह ने बताया कि महज 13 महीने 26 दिन में ट्रायल पूरा होकर फैसला आया, जो तेज न्याय का उदाहरण है। घटना महसी थाना क्षेत्र के महराजगंज में हुई थी, जहां डीजे पर बजते गाने को लेकर विवाद शुरू हुआ। पथराव और फायरिंग में राम गोपाल मिश्रा को गोली लगी और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने 11 जनवरी 2025 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की, 18 फरवरी को दोषियों पर आरोप तय हुए। 12 गवाहों की गवाही के बाद 21 नवम्बर को फैसला सुरक्षित रखा लिया गया। आरोपियों पर बीएनएस की धारा 103(2) (मॉब लिंचिंग में हत्या) लगी है, जिसमें फांसी या आजीवन कारावास का प्रावधान है। अन्य धाराएं 191(2), 191(3), 190, 109(2), 249, 61(2) और आर्म्स एक्ट की धारा 30 हैं, जिनमें 2 से 5 वर्ष तक की सजा या मौत की सजा तक हो सकती है। 9 दिसम्बर को जब कोर्ट ने तीन आरोपियों को बरी कर दिया था, तब राम गोपाल मिश्रा की पत्नी रोली मिश्रा ने कहा था कि मेरे पति के हत्यारों को फांसी दो, तभी न्याय मिलेगा। बरी किए गए तीन भी दोषी हैं, उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए। परिवार ने सभी दोषियों को मौत की सजा की मांग की है। बरी हुए खुर्शीद, शकील और अफजल हैं। मामले में रासुका भी लगाई गई थी। प्रशासन ने इलाके में भारी फोर्स तैनात की है, ताकि सांप्रदायिक सद्भाव बना रहे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले ही सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था।



दोषियों को अदालत ले जाती पुलिस।

- नौ को उम्रकैद, मूर्ति विसर्जन के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में राम गोपाल मिश्रा की हुई थी हत्या

# दिल्ली दंगा: उमर खालिद को बड़ी राहत

## बहन की शादी के लिए मिली अंतरिम जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा केस में आरोपी और जेएनयू के छात्र रहे उमर खालिद को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उमर को बहन की शादी में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दी है। ये जमानत 16 से 29 दिसम्बर तक के लिए मिली है। कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी तय की हैं।

कोर्ट ने कहा कि इस दौरान उमर सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करेंगे। सिर्फ अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलेंगे। जमानत देते हुए अदालत ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए कि शादी याचिकाकर्ता की सगी बहन की है, इसलिए याचिका मंजूर की जाती है। याचिकाकर्ता को 16 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक 20 हजार रुपये के पर्सनल बॉन्ड और इतनी ही रकम के दो जमानतदारों के साथ कुछ शर्तों पर अंतरिम जमानत दी जाती है। कोर्ट ने कहा कि जमानत के दौरान उमर अपने घर पर या उन जगहों पर रहेगा, जहां शादी की रस्में होंगी। बता दें कि उमर खालिद ने 14 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक जमानत मांगी थी। उसकी बहन की शादी 27 दिसम्बर को है। उमर को सितम्बर 2020 में अरेस्ट किया गया था। उस पर आपराधिक साजिश, दंगा, गैरकानूनी सभा साथ ही गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत कई अन्य अपराधों का आरोप लगाया गया था।



- कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ शर्तें भी तय की

## संक्षिप्त समाचार

### लखीमपुर हिंसा केस में आशीष मिश्रा को राहत

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मुख्य आरोपी और पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे आशीष मिश्रा को 25 से 31 दिसम्बर तक अपने पैतृक आवास लखीमपुर जाने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने उनकी जमानत की शर्तों में सीमित राहत देते हुए यह आदेश जारी किया। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दाखिल अद्यतन स्थिति रिपोर्ट का उल्लेख किया, जिसके अनुसार मुख्य ट्रायल में 36 गवाहों के बयान दर्ज हो चुके हैं, जबकि 85 गवाह अभी बाकी हैं। इसमें बताया गया कि 10 गवाहों को छूट भी दी गई है।

### भारत की समुद्री सीमा में घुसी पाकिस्तानी नाव

**अहमदाबाद।** भारत की जल सीमा के अंदर घुसने वाली एक पाकिस्तानी नाव को तटरक्षक बल ने गुरुवार को जब्त कर लिया। इस नाव में सवार 11 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने भारतीय जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में एक पाकिस्तानी नाव को जब्त कर लिया है और उसके चालक दल के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को आगे की जांच के लिए गुजरात की जाखौ मरीन पुलिस को सौंप दिया गया है।

### उत्तराखंड में झरने जमे, केदारनाथ व बद्रीनाथ का तापमान -13 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों की बर्फबारी और हिमालयी क्षेत्र में वेस्टर्न डिस्टरबेंस बनने से मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ी है। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में झरने जमने लगे हैं। चमोली-पिथौरागढ़ में पाइपलाइन में पानी जम गया। केदारनाथ में तापमान -15 डिग्री सेल्सियस, बद्रीनाथ में -13 डिग्री सेल्सियस चला गया। मध्य प्रदेश में पारा 3डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर 13 दिसम्बर से दिखना शुरू होगा इससे और तेजी से तापमान गिरेगा। राजस्थान में भी पारा गिरने लगा है। राज्य के 20 से ज्यादा जिलों में मिनिमम टेम्परेचर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया।

# यूपी सहित छह राज्यों में बढ़ाई गई एसआईआर की समयसीमा

## मप्र-छत्तीसगढ़ में 18, उप्र में 26 दिसम्बर तक फार्म भर सकेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उप्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और तमिलनाडु तथा केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यक्रम में गुरुवार को संशोधन की घोषणा की। आयोग ने इन पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार के मुख्य चुनाव अधिकारियों के अनुरोध पर वहां मतगणना प्रपत्र जमा कराने और संशोधित मतदाता सूची के मसौदों के प्रकाशन की तिथियां बढ़ा दी हैं।

आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि 11 दिसम्बर से बढ़ाकर 26 दिसम्बर कर दी गई है और राज्य की संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाएगा। इसी तरह मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित प्रदेश अंडमान में मतगणना प्रपत्र जमा कराने की तिथि 18 दिसम्बर और संशोधित मतदाता सूची के मसौदे के प्रकाशन की तिथि 23 दिसम्बर कर दी गई है। गुजरात और तमिलनाडु में मतगणना प्रपत्र को जमा करने की अंतिम तारीख 14 दिसम्बर कर दी गई है और इन दोनों राज्यों की संशोधित सूची का मसौदा 19 दिसम्बर को जारी किया जाएगा। इससे पहले के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, इन सभी जगहों पर मतगणना प्रपत्र जमा करने की तिथि गुरुवार को ही समाप्त हो रही थी, जबकि इनमें संशोधित सूची का मसौदा 16 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाना था। आयोग ने इससे पहले केरल में मतगणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि संशोधित कर 18 दिसम्बर कर दी थी और वहां संशोधित सूची का मसौदा 23 दिसम्बर को आयोग ने कहा है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छुटे।



- पहले 11 दिसम्बर थी लास्ट डेट
- यूपी संशोधित मतदाता सूची का मसौदा 31 दिसम्बर को किया जाएगा प्रकाशित

### संजीव भट्ट की 20 साल की सजा को निलंबित करने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को 1996 के मादक पदार्थ प्लांट करने के मामले में दी गई 20 साल की सजा को निलंबित करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने गुरुवार को भट्ट की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिससे 2024 में गुजरात की एक अदालत द्वारा एनडीपीएस अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत दी गई सजा बरकरार रही। सुनवाई के दौरान, भट्ट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि पूर्व आईपीएस अधिकारी पहले ही सात वर्षों से अधिक समय जेल में गुजार चुके हैं और वह गैर-व्यावसायिक मात्रा में मादक पदार्थों का दोषी ठहराए गए थे। याचिका का विरोध करते हुए, राज्य की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से साजिश का मामला है और कहा कि एक साजिश रची गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रज्वल रेवन्ना की याचिका ठुकराई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व जेडी(एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने दो लंबित बलात्कार मामलों की सुनवाई बेंगलुरु की 81वीं अतिरिक्त सिटी सिविल एवं सेशंस कोर्ट से किसी अन्य अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की थी।

रेवन्ना ने दलील दी थी कि मौजूदा ट्रायल जज पहले ही उन्हें एक अन्य बलात्कार मामले में दोषी ठहरा चुके हैं, इसलिए उनके निष्पक्ष ट्रायल की संभावना कम है। हालांकि, सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि जज की टिप्पणियां रिकॉर्ड और कर्नाटक हाईकोर्ट के अवलोकनों के आधार पर थीं और इन्हें पक्षपात का आधार नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि ट्रायल जज पुराने फैसले से प्रभावित हुए बिना वर्तमान मामलों का निर्णय सबूतों के आधार पर करेंगे। मामला रेवन्ना के खिलाफ दायर गंभीर आरोपों से जुड़ा है, जिनमें दोहराया गया बलात्कार, छेड़छाड़, धमकी, सबूत नष्ट करना और आईटी एक्ट के तहत गोपनीयता उल्लंघन शामिल हैं। आरोप तब सामने आए जब करीब 2,900 कथित आपत्तिजनक वीडियो ऑनलाइन प्रसारित हुए थे। रेवन्ना को इसी साल अगस्त में एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी और वे वर्तमान में बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में बंद हैं। सुनवाई के दौरान उनके वकीलों ने ट्रायल जज की टिप्पणियों को हटाने की मांग की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे भी ठुकरा दिया और कहा कि इस तरह के आरोप न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने जैसे हैं।

- बलात्कार मामलों की सुनवाई, याचिका किसी अन्य अदालत में भेजने से इन्कार

# फरार लूथरा भाई हिरासत में

**नई दिल्ली।** गोवा नाइट क्लब आग हादसे के कुछ ही घंटों बाद भारत से फरार हुए नाइट क्लब के मालिक गौरव और सौरभ लूथरा को थाईलैंड के फुकेट में हिरासत में ले लिया गया है, जिन्हें दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने गोवा के 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में आरोपी गौरव और सौरभ लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुना दिया है। अदालत ने अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी है। यह मामला गोवा के एक रेस्तरां में आग लगने के बाद दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें लूथरा भाइयों पर लापरवाही के आरोप हैं।

अदालत में दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें रखीं। पुलिस का कहना है कि लूथरा भाइयों ने जांच में सहयोग नहीं किया, जबकि बचाव पक्ष ने गिरफ्तारी पर रोक की मांग करते हुए कहा कि मामला गैर-हत्यात्मक बताया, बचाव पक्ष की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने जमानत की याचिका खारिज कर दी। लूथरा भाइयों के वकील तनवीर अहमद मीर ने कहा था कि एफआईआर के अनुसार घटना लापरवाही का मामला है, कोई हत्या नहीं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाहों के कारण परिवार को खतरा है और बिना नोटिस दो रेस्तरां तोड़े गए।

**गोवा आग त्रासदी**

- रोहिणी कोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत की याचिका


### सेना पर टिप्पणी मामले में आजम खां बरी

**रामपुर- शाह टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व मंत्री आजम खां को कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। उनके सेना के जवानों पर दिए गए बयान मामले रामपुर कोर्ट ने बरी कर दिया है। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि मामले में पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए जा सके हैं। यह मामला साल 2017 के चुनाव के दौरान का है। कोर्ट में उनकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई गई। आजम खां पर यह मुकदमा बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना द्वारा 30 जून 2017 को सिविल लाइंस कोतवाली में दर्ज कराया गया था। आरोप था कि आजम खां ने सेना के खिलाफ विवादित बयान दिया था, जिससे उनकी छवि और मनोबल को ठेस पहुंचती है। लगभग 8 वर्ष तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों, गवाहों और तथ्यों पर विचार करने के बाद आजम खां को आरोपों से मुक्त कर दिया।

# अरुणाचल में ट्रक खाई में गिरा, 21 की मौत

**हयुलियांग (अरुणाचल प्रदेश)।** अरुणाचल प्रदेश के अनजा जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसम्बर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई।

दरअसल हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप तक पहुंचा। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंची। टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे। हादसे में घायल व्यक्ति खाई से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग- चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर दिसम्बर की रात चिपरा जीआरईएफ कैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे वाली जगह चगलगाम से लगभग 12 किमी आगे पहाड़ी और घने जंगल वाला इलाका है। यहां बहुत कम ही आवाजाही होती है। आर्मी की रेस्क्यू टीमें रस्सी से खाई में उतरीं और करीब 4 घंटें की मशक्कत के बाद ट्रक तक पहुंची।



- जिंदा बचा एक मजदूर दो दिनों तक पैदल चलकर आर्मी कैंप पहुंचा, तब हादसे की जानकारी मिली

# राहुल गांधी ने सीईसी की नियुक्ति पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर (सीईसी) और 8 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स की नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों की जातियों पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने असहमति जताई।

इनकी नियुक्ति को लेकर बुधवार को पीएम मोदी, राहुल और अमित शाह के बीच प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में डेढ़ घंटे मीटिंग हुई। राहुल गांधी ने कुछ हफ्ते पहले सरकार से आवेदकों और चुने गए उम्मीदवारों की जाति की जानकारी मांगी थी। बैठक के पहले सरकार ने नेता प्रतिपक्ष से इसकी जानकारी साझा की। इस पर राहुल ने कहा कि चयनित उम्मीदवारों में अनुसूचित जाति/जनजाति, ओबीसी, ईबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के नाम शामिल नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, आवेदकों की लिस्ट में सिर्फ 7 फीसदी लोग पिछड़े समुदाय से थे। वहीं, चयनित उम्मीदवारों में सिर्फ एक नाम पिछड़े समुदाय से था। राहुल गांधी ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और सभी नियुक्तियों के मानदंडों पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखित में अपना असहमति पत्र सौंपा और चयनित उम्मीदवारों से जुड़ी और जानकारी मांगी। केन्द्रीय सूचना आयोग एक वैधानिक संस्था है। यह सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत नागरिकों को सरकारी जानकारी दिलाने में मदद करती है। आयोग में एक चीफ इन्फॉर्मेशन कमिश्नर और अधिकतम 10 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स होते हैं। सीईसी और 10 इन्फॉर्मेशन कमिश्नर्स की नियुक्ति तीन सदस्यीय समिति करती है। प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष होते हैं।



- पूछा-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय से कितने उम्मीदवार
- पीएम व शाह के साथ बैठक में असहमति जताई

# इंडिगो मुआवजे में 10 हजार का ट्रैवल वाउचर देगा

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो फ्लाइट कैंसिल से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि 3-5 दिसम्बर के बीच फ्लाइट कैंसिल से ज्यादा परेशान हुए पैसेंजर्स को 10000 का ट्रैवल वाउचर मिलेगा।

हालांकि इंडिगो ने यह साफ नहीं किया है कि ज्यादा परेशान का मतलब क्या है और किन यात्रियों को यह मुआवजा मिलेगा। एयरलाइन ने बताया कि ट्रैवल वाउचर अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। कंपनी के अनुसार यह मुआवजा उन 5000-10,000 रुपये के अलावा होगा, जो फ्लाइट उड़ाने के 24 घंटे के अंदर कैंसिल होने पर मिलता है।

- 3-5 दिसम्बर के बीच ज्यादा परेशान पैसेंजर्स को मिलेगा

# डीएफओ पौड़ी पर गिरी गाज, सीएम धामी ने दिए तुरंत हटाने के निर्देश

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानव वन्यजीव संघर्ष को खत्म करने के लिए वन विभाग के साथ ही शासन-प्रशासन के स्तर पर भी प्रभावी प्रयास किये जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटना की सूचना मिलने के 30 मिनट के अन्दर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच जाए। इसके लिए संबंधित डीएफओ और रेंजर की जिम्मेदारी तय की जाए। प्रभावितों को आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए।सचिवालय में वन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान

मुख्यमंत्री ने पौड़ी में मानव -वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं के दृष्टिगत पौड़ी के डीएफओ को तत्काल प्रभाव से वहां से हटाने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में जंगली जानव. रों का अधिक भय है, ऐसे क्षेत्रों में स्कूली बच्चों को स्कूल तक छोड़ने और घर तक लाने के लिए वन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा एस्कॉर्ट की व्यवस्था की जाए। मानव-वन्यजीव संघर्ष में किसी परिवार से कमाने वाले व्यक्ति की मृत्यु होने पर उनके परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना न करना, ऐसी स्थिति से निपटने के लिए वन विभाग प्रभावित परिवार की आजीविका को सहायता देने के लिए दो सप्ताह के अंदर नीति बनाकर प्रस्तुत करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए जिन भी उपकरणों की आवश्यकता है, उन्हें यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पहली जिम्मेदारी वन्यजीवों से लोगों के जीवन को बचाना है, इसके लिए नई तकनीक के इस्तेमाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। जंगली जानवर आबादी क्षेत्रों में न आये, इसके लिए स्थाई समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाए। वन्यजीवों की दृष्टि से संवे. दनशील क्षेत्रों में कैमरों के माध्यम से निरंतर नजर बनाये रखें।

वन कर्मी लगातार निगरानी रखें, साथ ही ग्रामीणों के साथ अपना संवाद मजबूत रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तियों के आस पास जंगली झाडियों को अभियान चलाकर साफ किया जाए, साथ ही बच्चों और महिलाओं को विशेष तौर पर आस पास वन्य जीवों की मौजूदगी को लेकर जागरुक किया जाए। बैठक में वन मंत्री सुबोध उनियाल, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पांडेय, सी रविशंकर, प्रमुख वन संरक्षक रंजन मिश्रा, अपर सचिव हिमांशु खुराना शामिल हुए।



■ वन्यजीव प्रभावित क्षेत्रों में स्कूली नौनिहालों को मिलेगी एस्कार्ट की सुविधा: सीएम
मुख्यमंत्री ने वन विभाग की समीक्षा बैठक में दिए डीएफओ पौड़ी को हटाने के निर्देश, गांव के आस पास झाड़ियों को भी साफ करने के निर्देश, सूचना के 30 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचे टीम

## मैक्स अस्पताल जाकर सीएम ने जाना स्व. प्रकाश पंत की माताजी का हालचाल



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित मैक्स अस्पताल पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. प्रकाश पंत की माताजी का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की एवं ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## महाराज ने एम्स में कंचन देवी का जाना हालचाल



प्रमुख संवाददाता शाहटाइम्स

**देहरादून।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज और भाजपा युवा नेता सुयश रावत ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर गुलदार के हमले में गंभीर रूप से घायल विकासखण्ड पोखड़ा के ग्राम देवराड़ी निवासी 36 वर्षीय श्रीमती कंचन देवी पत्नी अर्जुन सिंह का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने डाक्टरों से बातचीत कर उनकी देखभाल और उचित इलाज करने को भी कहा। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज और भाजपा युवा नेता सुयश रावत ने गुरुवार को ऋषिकेश एम्स पहुंचकर अपने विधानसभा क्षेत्र में गुलदार के हमले में गंभीर रूप से घायल विकासखण्ड पोखड़ा के ग्राम देवराड़ी निवासी 36 वर्षीय श्रीमती कंचन देवी पत्नी अर्जुन सिंह का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने डाक्टरों से बातचीत कर उनकी देखभाल और उचित इलाज करने को भी कहा। उन्होंने घटना पर चिंता जताते हुए बुधवार को जिलाधिकारी से वार्ता कर गुलदार के हमले में घायल श्रीमती कंचन देवी को तत्काल एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश में उनका उपचार करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद उन्हें इलाज हेतु एयर एंबुलेंस से एम्स लाया गया था।

महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल में जंगली जानवरों के हमलों की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए वन मंत्री सुबोध उनियाल से वार्ता कर लोगों की सुरक्षा के साथ-साथ बढ़ती घटनाओं का अध्ययन कर उनसे सभी तरह के ऐतिहाती कदम उठने का भी अनुरोध किया।

# कांग्रेस ने वंदेमातरम विघटन से देश विभाजन की नींव रखने का पाप किया: भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा है कि कांग्रेस ने वन्देमातरम को छांट कर देश को बांटने का काम किया है। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में वंदेमातरम के 150वीं वर्षगांठ पर, उसके मौलिक स्वरूप की चर्चा से गौरवमई संसदीय इतिहास का सृजन हुआ है।



राज्यसभा में वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर हुई चर्चा में भाग लेने की चर्चा करते उन्होंने इस अवसर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए सरकार की राष्ट्रवादी नीति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सदन में कहा कि, हम वंदे मातरम की चर्चा कर रहे हैं, जो मात्र राष्ट्रगीत नहीं बल्कि एक महामंत्र है जिसने आजादी के संघर्ष को क्रांति ने बदला था। जिसे गुनगुनाते हुए युवाओं में हंसते हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया था। स्वयं का जिक्र करते हुए कहा, मैं देवभूमि से आता हूं जो ऋषियों की तपोभूमि है, मेरी रगों में गंगा जमुना का जल बहता है, देवताओं का आशीर्वाद जहां मिलता है। मेरे पहाड़ के लोग सीढ़ीदार खेतों में पसीना बहाते हैं, सीमा पर शून्य से नीचे तापमान पर सीमा रक्षा सेवा में जीवन खपाते हैं। देश के अन्य लोगों की तरह हमारे लिए भी भारत मात्र एक जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि साक्षात धरती मां है। ऐसे में जब को सैनिक सीमा पर गोली खाता है तो उसके मुंह से अंत समय, जय हिंद और वन्देमातरम ही निकलता है। इस जीवित जागृत भावना की स्तुति का नाम है वन्देमातरम गीत। अफसोस राजनैतिक तुष्टिकरण के चलते गीत पूर्ण स्वरूप से एक बड़ी पीढ़ी को महरूम रखा गया। क्योंकि कांग्रेस के वामपंथी इतिहासकारों की किताब पढ़ेंगे तो उसमें बताया जाएगा कि सहमति से सद्भावना बनाने के लिए इसे संक्षिप्त किया गया। जबकि सच यह है कि इसे मुस्लिम लीग के दबाब में खंडित किया गया।

■ कहा - वंदेमातरम के मौलिक स्वरूप की चर्चा से गौरवमई संसदीय इतिहास का सृजन

उन्होंने आरोप लगाया कि इस गीत पर ही नही बल्कि राष्ट्र की आत्मा पर कैंची चलाई गई है।

कांग्रेस ने इस गीत के विघटन से देश के विभाजन की नींव रखने का पाप किया है।उन्होंने जोर देते हुए कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में आज देश बदल चुका है। उनके प्रयासों से ही इस सदन में वंदे मातरम के पूर्ण स्वरूप की बात हम सब कर पा रहे हैं। प्रधानमंत्री भारत को सांस्कृतिक और राष्ट्रीय गौरव की गर्वानुभूति कराते हुए विकास मार्ग पर आगे बढ़ा रहे हैं।

# मतदाताओं से संपर्क, समन्वय व संवाद स्थापित करें बीएलओ: सीईओ

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने गुरुवार को सचिवालय में वीडियो कॉफ्रेंस में माध्यम से सभी जनपदों के जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों, जनपद और ईआरओ स्तर पर प्रत्येक मतदाता तक पहुंच और बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सम्बंध में विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि बूथ लेवल ऑफिसर "बीएलओ आउटरीच अभियान" के तहत अपने क्षेत्र के मतदाताओं से संपर्क, समन्वय और संवाद स्थापित करें। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बीएलओ की नियमित भ्रमण की मॉनिटरिंग की जाए और नियमित रिर्पोट मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन मतदाताओं द्वारा वोटर हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से मतदाता सूची की जानकारी ली जा रही है उनका हर हाल में समाधान किया जाए। जनपद एवं ईआरओ ऑफिस में हेल्पडेस्क प्रभावी रुप से स्थापित की जाए और इसके लिए प्रभारी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बैग) के सम्बंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता स्थलों पर बैग का गठन तत्काल पूर्ण कर लिया जाए।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से शामिल रहे।



■ कहा - "बीएलओ आउटरीच अभियान" की हो नियमित मॉनिटरिंग, सीईओ डॉ. पुरुषोत्तम ने एसआईआर की तैयारियों के सम्बंध में की जिलों की समीक्षा, मतदाताओं की सुविधा के लिए स्थापित हेल्पडेस्क में अधिकारियों की तय की जाए जिम्मेदारी, सभी जनपदों में बूथ अवेयरनेस ग्रुप का तत्काल गठन

# विद्यालय में बच्चों से मारपीट और कठोर व्यवहार पर बाल आयोग सख्त

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** जनपद देहरादून के डोईवाला क्षेत्र स्थित एक विद्यालय में मुख्य रूप से चीनी मिल एवं प्रवासी मजदूरों के बच्चे अध्ययनरत हैं, वहां एक अभिभावक/प्रार्थी ने उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को यह शिकायत प्राप्त हुई कि विद्यालय में बच्चों के साथ मारपीट तथा कठोर व्यवहार किया जा रहा है।

शिकायत प्राप्त होते ही डॉ. गीता खन्ना, अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए विद्यालय प्रबंधन से विस्तृत रिपोर्ट तलब की तथा निर्देश जारी किए।किसी भी परिस्थिति में बच्चों को शारीरिक दंड न दिया जाए।बच्चों से संबंधित व्यवहारिक चुनौतियों का समाधान समझाइश, परामर्श एवं संवादात्मक तरीकों से किया जाए।



विद्यालय के प्रधानाचार्य ने स्पष्टीकरण देते हुए बताया गया कि कुछ छात्राओं द्वारा हाल ही में विशेष प्रकार के वस्त्र पहनने की अनुमति तथा दो चोटी न बनाने का आग्रह किया गया था।

इस पर आयोग ने निर्देशित किया कि विद्यालय प्रबंधन बच्चियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ सुने ताकि उनकी चयनात्मक सोच (ैमसमबजपअम जीपदापदह) को सकारात्मक दिशा मिल सके। डॉ. गीता खन्ना ने बच्चों में उभर रही नकारात्मक, निर्णायक एवं विनाशकारी सोच पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इन भावनाओं के वास्तविक कारणों का पता लगाना आवश्यक है। इस संबंध में उनकी अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी हितधारकों को आमंत्रित कर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

आवश्यकता पड़ने पर विद्यालय प्रबंधन को अभिभावकों के साथ बैठक कर सकारात्मक समाधान के लिए संवाद स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। विद्यालय को यह भी निर्देशित किया गया कि वह तुरंत प्रभाव से एक सुरक्षित, बाल-अनुकूल एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करे तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए। डॉ गीता खन्ना ने कहा कि आयोग पुन: स्पष्ट करता है कि बच्चों के अधिकार, सुरक्षा एवं सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। आयोग भविष्य में भी ऐसे सभी मामलों में संवेदनशीलता एवं कठोरत के साथ कार्रवाई करता रहेगा।

■ उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना ने विद्यालय प्रबंधन को तलब कर ली रिपोर्ट, जरूरी निर्देश दिए

### कैंब्रियन हॉल सोसायटी के पंजीकरण संबंधित सभी अभिलेखों की जाँच के निर्देश

कैंब्रियन हॉल सोसायटी संबंधी प्रकरण में आयोग को संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें आरोप लगाया गया कि संस्था का पंजीकरण विधिवत रूप से नहीं किया गया है।इस पर आयोग ने कठोर संज्ञान लेते हुए सोसायटी के संस्थापक को तलब किया। लेकिन उनके उपस्थित न होने पर आयोग ने गहरी आपत्ति व्यक्त की तथा निर्देश जारी किए।उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा कैंब्रियन हॉल सोसायटी के पंजीकरण से संबंधित सभी अभिलेखों की तात्कालिक जाँच की जाए।यदि संस्था बिना वैध पंजीकरण के संचालित पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध उचित विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।आयोग ने स्पष्ट किया कि बच्चों से जुड़े किसी भी संस्थान का बिना विधिक पंजीकरण संचालन किसी भी स्थिति में अस्वीकार्य है।

# डीफार्मा व बीफार्मा कोर्स में फार्मेसी एक्ट के अनुरूप हो प्रवेश: रजिस्ट्रार

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** फार्मेसी अधिनियम 1948 (1948 क 8) की धारा 10 के तहत एजुकेशन रेगुलेशन 1992, 1994, 2014 के विपरीत कतिपय कॉलेजों/विश्वविद्यालयों द्वारा डीफार्मा /बी फार्मा० में प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में रजिस्ट्रार फार्मेसी काउन्सिल उत्तराखण्ड द्वारा समस्त कॉलेजों/विश्वविद्यालयों को पत्र जारी कर उपर्युक्त विषयक आवश्यक कार्यवाही करने को अवगत कराया गया है , जिसमें उनके द्वारा कहा गया है कि, कतिपय कॉलेजों/विश्वविद्यालयों द्वारा फार्मेसी एक्ट के विपरीत डी० फार्मा०/बी० फार्मा० में प्रवेश दिया जा रहा है। जबकि डी० फार्मा०/बी० फार्मा० में प्रवेश के लिए इण्टरमीडिएट में साइंस स्ट्रीम (अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान तथा गणित) विषयों में पृथक-पृथक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार के. एस. फर्स्वाण ने बताया कि राज्य के कतिपय संस्थानों द्वारा अनिवार्य विषयों में अनुत्तीर्ण छात्राओं को फार्मेसी एक्ट के विपरीत डी० फार्मा०/बी० फार्मा० पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जा रहा है। जिससे बाद में छात्रों को दिक्कत आती है। उन्होंने कहा कि द्विवर्षीय डिप्लोमा/चार वर्षीय डिग्री उत्तीर्ण कर छात्र/छात्राएं पंजीकरण कराने जब कार्यालय में आते हैं तो अनिवार्य विषयों में उत्तीर्ण न होने के कारण उनका पंजीकरण नहीं हो पाता है। जिससे ऐसे छात्र/छात्राओं का भविष्य खराब हो रहा है साथ ही धन की भी हानि होती है। उन्होंने बताया कि इसे प्रकरण में कई छात्रों द्वारा मा० उच्च न्यायालय, नैनीताल में वाद दायर भी किया गया है।स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार ने समस्त संस्थानों/विश्व. विद्यालयों को पत्र जारी कर अवगत कराया कि डी फार्मा /बी. फार्मा में प्रवेश देते समय छात्र/छात्राओं के समस्त दस्तावेजों को भली भांति जांच लें, कि छात्र/छात्राएं इण्टरमीडिएट में साइंस स्ट्रीम (अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान तथा गणित) विषयों में पृथक-पृथक उत्तीर्ण हैं कि नहीं । भविष्य में इस तरह गलत प्रवेश देने पर संस्थान स्वयं ही उत्तरदायी होगें।

छात्रों को इंटरमीडिएट में पृथक-पृथक विषयों में होना होगा उत्तीर्ण

## बाल आयोग के पत्र के बाद दून पुलिस में हड़कंप

# जांच कर रहे अधिकारियों ने नहीं भेजी रिपोर्ट

मयूर गुप्ता

**देहरादून।** राष्ट्रीय एवं राज्य बाल अधिकारी संरक्षण आयोग ने देहरादून के एसएसपी को पत्र लिखकर उनके पास पहुंचे शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच कराए जाने के आदेश दिए जाने और जांच रिपोर्ट पेश किए जाने के आदेश दिए।

बाल आयोग के पत्र के बाद दून पुलिस महकमे में हडकंच मच गया। आयोग ने एसएसपी को पत्र लिखकर उनके द्वारा भेजे गए शिकायती प्रार्थना पत्रों पर जांच नहीं किए जाने पर सख्त रूख अपनाया है।राज्य बाल आयोग ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून को पत्र लिखकर दस प्रकरणों की गंभीरता पूर्वक जांच करवाए जाने के लिखित रूप में आदेश दिए। राज्य बाल आयोग ने अपने पत्र के पत्रांक संख्या एसटी-एसएसपी-(बाल आयोग)/2025 का उल्लेख करते हुए लिखा की उनके द्वारा दस शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच राजपत्रित अधिकारियां से करवाए जाने के निर्देश दिए थे। अपने पत्र में राष्ट्रीय एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के माध्यम से भेजे गए सभी दस शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच राज पत्रित अधिकारियां से करवाए जाने का उल्लेख भी किया गया था।राष्ट्रीय एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र के बाद एसएसपी अजय सिंह ने तीन शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच सहायक पुलिस अधीक्षक सीओ सिटी आईपीएस को सौंपी तो सीओ सदर अंकित कंडारी को भी दो शिकायती प्रार्थना पत्रों का जिम्मा सौंपा था।

इसके अलावा महिला हेल्प लाईन की प्रभारी को भी एक मामले की जांच सौंपी थी। वहीं क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश को राष्ट्रीय एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग से मिले शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच का जिम्मा सौंपा गया था।इसके अलावा सीओ मसूरी और सीओ विकासगर को भी एक-एक शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच करने का अधिकारी दिया गया था। लेकिन मामले की गंभीरता को दर किनार करते हुए उक्त अधिकारियां ने जांच करने की जहमत तक नहीं उठाई। राष्ट्रीय एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग को मिले शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच को गंभीरता ने नहीं लिए जाने और जांच रिपोर्ट बाल आयोग को समय से नहीं सौंप जाने पर बाल आयोग ने इसकों गंभीरता से लिया और एसएसपी को पत्र लिखकर सभी जांचों की सुपष्ट जांच अविलम्ब उनतक सौंपे जाने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग धर्म के नाम पर एक स्कूल के प्रधानाचार्य पर मेघदूत एन्कलेव कालीदास मार्ग निवासी कक्षा 11 में वहां पर अध्यनरत छात्र अंशुमन को परेशान किए जाने,लक्ष्मण रोड कोतवाली नगर निवासी एक महिला के शिकायत पर कार्यवाही किए जाने एक महिला ने अपनी और अपने बच्चों की जांच को उनकी दादी, बुआओं से खतरा बातते हुए अपनी और उनकी सुरक्षा करवाए जाने, दून अस्पताल में भर्ती एक नाबालिग किशोरी से लगातार तीन वर्षा तक शारीरिक उत्तपीड़न किए जाने और नाबालिग बच्चे के साथ मारपीट किए जाने जैसे गंभीर आरोपों की जांच किए जाने का अपने पत्र में उल्लेख किया था। उक्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की जांच नहीं किए जाने पुलिस की कार्य प्रणाली को संदेह के घेरे में लाता है।

## सीएम ने जाना वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र कंडारी का हाल

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में भर्ती उत्तराँचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष भूपेन्द्र कंडारी का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से श्री कंडारी के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।इस दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से भी मुलाकात की, उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनकी स्वास्थ्य सम्बन्धी आवश्यकताओं की जानकारी ली।मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को मरीजों के समुचित उपचार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# राज्य की सभी जेलों में 'एक जेल-एक प्रोडक्ट' का करें विकास : सीएम

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को सचिवालय में जेल विकास बोर्ड बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य की सभी जेलों में 'एक जेल-एक प्रोडक्ट' का विकास किया जाए। कारागारों में निरूद्ध बन्दियों के कौशल विकास के लिए नियमित कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। आईटीआई के माध्यम से भी जेलों में अलग-अलग ट्रेड के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि जेलों के विकास के लिए राज्य का अपना अलग मॉडल विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जेलों में बनाये गये उत्पादों का सरकारी कार्यालयों में उपयोग किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे समय-समय पर जेलों में भोजन व्यवस्थाओं को भी देखें।



बैठक में निर्णय लिया गया कि केन्द्रीय कारागार सितारगंज, जिला कारागार अल्मोड़ा, पौड़ी, टिहरी, उप कारागार हल्द्वानी और रूड़की में लॉंड्री मशीन की स्थापना की जायेगी। जिला कारागार देहरादून और हरिद्वार में इसकी स्थापना से अच्छे परिणाम आये थे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि कारागारों में चिकित्सकों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में प्रदेश की खुली जेल सितारगंज में कच्ची घानी सरसों तेल संयंत्र की स्थापना पर सहमति बनी। सितारगंज और हरिद्वार जेल में मशरूम फार्मिंग की सहमति भी दी गई। बैठक में जानकारी दी गई कि जिला कारागार हरिद्वार, अल्मोड़ा, केन्द्रीय कारागार सितारगंज और उपकारागार हल्द्वानी में बेकरी यूनिट की स्थापना से लगभग 12 लाख रूपये आय अर्जित हुई है। सितारगंज खुली जेल में गौशाला की स्थापना से 10 लाख रूपये की आय हुई है।बैठक में प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव गृह शैलेश बगोली, अपर पुलिस महानिदेशक कारागार अभिनव कुमार, सचिव सी. रविशंकर एवं सबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

■ कारागारों में निरुद्ध बन्दियों के कौशल वकास के लिए नियमित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं

# उद्यानिकी को पर्यटन से जोड़ें: जोशी

## रोजगार के नए अवसर विकसित करने पर ज़ोर दें विभाग

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सर्किट हाउस में कृषि, उद्यान, सैनिक कल्याण और ग्राम्य विकास विभागों की समन्वित समीक्षा बैठक ली। बैठक में लखपति दीदी योजना, पलायन रोकथाम योजना, ऐपल मिशन, मौन पालन व मधुग्राम के रूप में ग्रामों का विकास तथा पॉलीहाउस स्थापना की रफ्तार को और तेज करने पर विशेष जोर दिया। मंत्री ने कहा कि ये सभी योजनाएं सीधे किसानों व ग्रामीण महिलाओं की आजीविका से जुड़ी हैं, इसलिए प्रत्येक लाभार्थी तक योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जनपद में हार्टी-टूरिज्म की परिकल्पना पर भी काम प्रारम्भ करने को कहा जिसके तहत उद्यानिकी को पर्यटन से जोड़कर युवाओं और किसानों के लिए नए अवसर विकसित किए जाएंगे। समीक्षा के दौरान मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दावों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को समय पर आर्थिक राहत मिल सके। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा वितरित किए जाने वाले उपकरणों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसान को जो उपकरण मिले, वह उपयोगी और टिकाऊ हो। उन्होंने जनपद में बंजर पड़ी भूमि के उपयोग की दिशा में ठोस योजना बनाकर उसे मिशन मोड में लागू करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि अनुपयोगी भूमि को उत्पादक बनाया जा सके। सैनिक कल्याण की समीक्षा के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने जिला सैनिक विश्राम गृह एवं विभाग के कार्यालय के पुनर्निर्माण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि कार्यालय एवं विश्राम गृह के निर्माण हेतु त्वरित प्रक्रिया अपनायी जाए। कैबिनेट मंत्री जोशी ने उद्यान, कृषि और ग्राम्य विकास विभागों से आपसी समन्वय मजबूत करने तथा जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने को कहा, ताकि योजनाओं का प्रभाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखाई दे। बैठक में उपाध्यक्ष, महिला उद्यमिता परिषद गंगा बिष्ट, डीएम अंशुल सिंह, एडीएम युक्ता मिश्र, भाजपा महानगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष रवि रौतेला सहित अन्य मौजूद रहे।



# महापौर दीपक बाली ने किया स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का अध्ययन

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित 4 दिवसीय 'एक्सपोज़र विज़िट' के दूसरे दिन भोपाल में विभिन्न विकास परियोजनाओं का अध्ययन किया। महापौर बाली ने सर्वप्रथम विश्वप्रसिद्ध प्राचीन विरासत स्थल सांची का भ्रमण कर वहां किए गए सौंदर्यीकरण, संरक्षण और प्रबंधन की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। उन्होंने कहा कि सांची में अपनाई गई सुव्यवस्थित विकास मॉडल से कई महत्वपूर्ण सीखें मिलीं, जिनका उपयोग काशीपुर के नगर विकास में किया जा सकता है। इसके पश्चात महापौर दीपक बाली नगर निगम भोपाल पहुँचे, जहां महापौर मालती राय और नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। काशीपुर की ओर से उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक पहचान ऐपण कला भेंट कर महापौर बाली ने उनका सम्मान किया। महापौर बाली ने स्मार्ट सिटी भोपाल का विस्तृत भ्रमण कर वहां चल रही विकास परियोजनाओं, तकनीकी नवाच. ारों और सार्वजनिक सुविधाओं के प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, वेस्ट मैनेजमेंट, डिजिटल सर्विस इंटीग्रेशन जैसी पहलों की सराहना की और कहा कि इन सफल मॉडलों का अध्ययन काशीपुर के भविष्य के शहरी विकास में बड़ी भूमिका निभाएगा। महापौर दीपक बाली ने बताया कि इस एक्सपोज़र विज़िट का उद्देश्य उत्तराखण्ड के शहरों में आधुनिक, सुगम और नागरिक हितकारी व्यवस्था विक. सित करना है।

## एक नजर...

### बाजार में गुलदार की चहलकदमी कैमरे में कैद

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय के बीच बाजार में गुलदार की धमक से लोग दहशत में हैं। आए दिन आबादी क्षेत्र में गुलदार की चहलकदमी से लोग खौफज़दा हैं। गुलदार की चहलकदमी सीसीटीवी में कैद होने के बाद लोगों में दहशत बढ़ गई है। लोगों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार के आतंक से लोग परेशान हैं। शहर में भी गुलदार की चहलकदमी आए दिन सीसीटीवी में कैद हो रही है। वहीं, इन दिनों अब खत्याड़ी, लाट, दुगालखोला समेत अन्य रिहायशी इलाकों के पास गुलदार की चहलकदमी ने लोगों में भय पैदा कर दिया है। स्थानीय प्रशांत साह ने कहा कि क्षेत्र में आए दिन गुलदार की धमक से लोग परेशान हैं। शाम होने से पहले लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। उन्होंने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

### विवि की परीक्षा को लेकर तय की तिथियां

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सेमेस्टर परीक्षाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। वहीं, सभी कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाओं को लेकर तिथियों की भी घोषणा कर दी गई है। विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. पंकज कुमार शाह ने बताया कि परीक्षा कार्यों को कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट के दिशा-निर्देश में बेहतर किया जा रहा है। सही समय पर परीक्षा आयोजित हों, इसके लिए पूरी तरह से परीक्षा अनुभाग का सहयोग मिल रहा है। कहा कि 15 दिसंबर से स्नातक द्वितीय सेमेस्टर और 22 दिसंबर से स्नातकोत्तर तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होंगी। 25 जनवरी तक परीक्षाएं पूर्ण हो जाएंगी। स्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को अंतिम तिथि 20 दिसम्बर तक अपना परीक्षा आवेदन फार्म भरना होगा। बताया कि सत्र 2022-25 में स्नातक तृतीय और पंचम सेमेस्टर व सत्र 2022-2024 स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के भूतपूर्व विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन और शुल्क जमा 14 दिसंबर तक विवि की वेबसाइट में उपलब्ध लिंक के माध्यम से होंगे। कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने परीक्षाओं, विद्यार्थियों के आवेदन फार्म जमा करने की तिथियों, पोर्टल के सही संचालन, परीक्षा संबंधी कार्यों में गोपनीयता बनाये रखने को कहा है।

### तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव बताए

**बागेश्वर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम तथा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का बृहस्पतिवार को राजकीय इंटर कालेज बंतोली में एक शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं एवं पूरे स्टाफ को जागरूक करते हुए आवश्यक जानकारी दी गई। शिविर में वक्ताओं ने तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव शारीरिक हानी, मानसिक हानि, आर्थिक हानि के बारे में बताया। साथ ही तम्बाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसके पश्चात विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे बच्चों को पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से सीएचओ पंकज कुमार, सीएचओ स्वीटी गढ़िया, एनएम ज्योति जोशी, आशा सुमन देवी, ममता देवी शिक्षक अनिल पांडे नवीन जोशी डा. पिंकी पांडे निहारिका पाठक रजनी जोशी प्रकाश दोसाद शामिल थे।

### क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण किया

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने ग्राम खोली में निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति, उपलब्ध संसाधनों तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का विस्तृत आकलन किया। डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. कुमार आदित्य तिवारी को निर्देशित किया कि क्रिटिकल केयर ब्लॉक में अपेक्षित क्षमता के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही चिकित्सकों और अन्य आवश्यक मानव संसाधनों का आकलन समय से पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य को हर हाल में फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही संपादित किए जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित दिए कि परिसर के आसपास पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा संपूर्ण क्षेत्र की बाउंड्री डिमार्केशन कर किसी प्रकार के अतिक्रमण की संभावना को समाप्त किया जाए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ कुमार आदित्य तिवारी, डा. आकाश सहित कार्यदायी संस्था के अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएससी सेंटरों में तहसील प्रशासन की छापामारी

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील प्रशासन द्वारा कांडा के विभिन्न सीएससी सेंटरों में छापेमारी की गई। इस दौरान सपथ पत्रों पर बढ़ा फर्जीवाड़ा सामने आया। प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उपजिलाधिकारी कांडा डा. ललित मोहन तिवारी तहसीलदार जगद. ीश गिरी राजस्व उपनिरीक्षक बजीना प्रकाश गोवस्वामी ने कांडा स्टेशन, कांडा पड़ाव, विजयपुर, कमेड़ीदेवी, घिघारूतोला क्षेत्र में विभिन्न ग्राहक सेवा केंद्रों से मिल रही शिकायतों पर गुरुवार को छापेमारी की गई। उपजिलाधिकारी ने बताया विभिन्न सीएसी में फर्जी स्टैम्प पेपर मिले, अधिकतर में रेट लिस्ट नही चस्पा थी, गांवों के नाम से कांडा पड़ाव में हो रहे हैं संचालित, किसी भी सीएचसी में बाहर बोर्ड नहीं लगे थे, रजिस्टर मैन्टेन नहीं मिले, तय शुल्क से अधिक शुल्क लिया जा रहा था। जिस पर कार्यवाही करते हुए ऐसे सेंटर संचालकों की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। जिसके पश्चात नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### चौराहा सौंदर्यीकरण का टीम ने किया सर्वे

**काशीपुर।** एमपी चौक पर आरओबी के नीचे व आसपास सौंदर्यीकरण को लेकर आज प्रशासनिक टीम द्वारा सर्वे किया गया। एमपी चौक से प्रिया मॉल तक सर्वे के दौरान बताया गया कि आरओबी के नीचे व आसपास सौंदर्यीकरण किया जाना है। इस हेतु सर्वे किया जा रहा है। टीम में जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (आईएएस) जयकिशन, एडीएम/सचिव पंकज उपाध्याय व उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह आदि थे।

### दमकल विभाग ने दी आग से बचाव की जानकारी

**नैनीताल।** अग्निशमन विभाग नैनीताल द्वारा वीरवार को नैनीताल के सीआरएसटी विद्यालय में अग्नि से बचाव संबंधी जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान लगभग 150 छात्रों एवं 25 शिक्षक/कर्मचारियों को आग बुझाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक/कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

# जूट के बैग से मिला रोज़गार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैलीताल के समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं जूट के बैग बनाकर रोजगार कर रही हैं। वर्तमान में ज्योलीकोट क्षेत्र के 30 समूह की लगभग 50 महिलाएं इस रोजगार से परिवार को भरण पोषण कर रही हैं। बता दें कि नाबार्ड के सहयोग से क्षेत्रीय चेष्टा सामाजिक संस्था की ओर से क्षेत्र के तीस समूहों की 90 महिलाओं को जूट के बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया था, जिसके बाद महिलाओं को कच्चा माल मुहैया कराकर जूट के बैग बनवाए गए। संस्था की अध्यक्ष सुमन अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद गेठिया समेत गांजा व ज्योलीकोट के समूहों की लगभग 50 महिलाओं की ओर से जूट बैग बनाने का कार्य शुरू किया गया था। जिनके बनाए गए बैग एटीआई नैनीताल, टाटा मोटर्स व बैंकों ने खरीदे हैं वहीं कई विभागों व अस्पतालों से भी महिलाओं के पास बैग की मांग आई है। बैगों की मांग बढ़ने से महिलाओं को अच्छा रोजगार मिल रहा है। जिसको देखते हुए नाबार्ड की ओर से काठगोदाम और अल्मोड़ा रोड पर महिला समूहों को दो दुक. ानें भी मुहैया कराई गई हैं। महिलाओं को लगातार बैगों की मांग बढ़ रही है।



# बार की वार्षिक आम सभा 17 को

## नौ सदस्यों को एसोसिएशन की ओर से जारी नोटिसों को किया समाप्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन द्वारा एसोसिएशन के नौ सदस्यों को जारी किये गये कारण बताओ नोटिस की कार्यवाही समाप्त कर दी गई है। एसोसिएशन द्वारा आज एसोसिएशन सभागार में पत्रकार वार्ता आयोजित कर यह जानकारी दी। एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे एडवोकेट ने पूर्व में उपजे विवाद, चुनाव, कारण बताओ और क्रिकेट टूर्नामेंट संबंधित प्रकरण पर विस्तृत चर्चा की। श्री चौबे ने बताया कि कुछ अधिवक्ताओं द्वारा पूर्व में अमर्यादित व्यवहार किए जाने के कारण उन्हें अनुशासन बनाए रखने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नोटिस प्राप्त करने के बाद अधिवक्तागण ने बार एसोसिएशन को अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया और खेद व्यक्त किया। स्पष्टीकरण से संतुष्ट होकर बार एसोसिएशन ने सभी अधिवक्ताओं के विरुद्ध जारी कारण बताओ नोटिस को समाप्त करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा आगामी 17 दिसंबर को होना सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही बार एसोसिएशन का वार्षिक बजट भी आज जारी कर दिया गया। कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य सभी अधिवक्ताओं को एकजुट रखना और समाजहित में बेहतर कार्य करना है। इस दौरान एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, ऑडिटर हिमांशु बिश्नोई, पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल सिंह बल, कार्यकारिणी सदस्य अमित गुप्ता, अविनाश कुमार, कामिनी श्रीवास्तव के अतिरिक्त क्रिकेट टूर्नामेंट के को-ऑर्डिनेटर अतुल अग्रवाल आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।




# डॉक्टरों की कमी से जनपद में मरीज़ परेशान: डसीला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिले में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष भगत डसीला ने मुख्य चिकित्साधिकारी बागेश्वर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जिले के सीएचसी, पीएचसी एवं जिला अस्पताल में व्याप्त समस्याओं का तत्काल समाधान करवाने की मांग की। डसीला ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि जिले में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी है, जिसके चलते आए दिन मरीजों की जान चली जा रही है। जिला अस्पताल में लगातार अनियमितताएं हो रही है, यहां के कर्मचारी मरीजों व उनके परिजनों से पैसा तक वसूल कर रहे, जो जिले के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में पैथोलॉजिस्ट से ओपीडी करवाई जा रही है, जिले में बल्ड बैंक होने के बावजूद मरीजों को रक्त की उपलब्धि नहीं हो पा रही है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सीएचसी व पीएचसी सेंटरों में चिकित्सकों एवं स्टाफ की कमी है, जो चिकित्सक जिले में आ रहे है उन्हें सरकार में मंत्री जिला प्रभारी मंत्री द्वारा फोर्स देकर अपने विधान सभा बुलवाया जा रहा है। जिला अस्पताल बागेश्वर के चौथे फ्लोर में करोड़ों रूपये से वार्ड बनाया गया। जो आज मरीजों के लिए नहीं खोला गया है। जबकि उक्त वार्ड को खोलने के लिए चार जिलाधिकारियों ने को. शिश की उसके बाबजूद वार्ड में ताले लटके हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में 16 बेड का महिला अस्पताल था जो अब सिर्फ कागजों में रह गया है। इसी क्रम में भगत डसीला ने अस्पतालों में साफ सफाई एवं अन्य कमियों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। उन्होंने कहा यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### बालक-बालिका टीम का चयन

**कशीपुर।** चयनित प्रदेश की टीम मिनी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 3 से 8 जनवरी 2026 तक नागपुर में आयोजित होने वाली 11वीं राष्ट्रीय मिनी गोल्फ चैंम्पियनशिप में प्रतिभाग करेगी। उक्त जानकारी देते हुए द मिनी गोल्फ संगठन उत्तराखंड के सचिव डॉ. राहुल कुमार एवं जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया की टीम का चयन, सिंगल इवेंट, डबल इवेंट, स्ट्रोक एवं स्पीड मिनी गोल्फ इवेंट में किया जाएगा। जो खिलाड़ी उक्त चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करना चाहते हैं 14 दिसंबर को प्रात: 10:00 बजे सत्येंद्र चन्द्र गुड़िया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज काशीपुर में खेल की वेशभूषा में उपस्थित हों। सभी खिलाड़ियों को अपने साथ अपना आयु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड तथा दो फोटो लाना अनिवार्य है।

# चुनाव तिथि में संशोधन की मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** अधिवक्ता नीरज साह ने उत्तराखंड बार काउंसिल चुनाव की तिथि में संशोधन की मांग की है। साह ने एक पत्र में कहा कि पर्वतीय जिलों में सर्दी, मार्ग अवरोध और न्यायालयों के अवकाश के कारण बड़ी संख्या में अधिवक्ता मतदान में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को स्पष्ट करने और एआईबीई परिणाम का इंतजार कर रहे अधिवक्ताओं को भी मतदान का अधिकार देने की मांग की। साह ने कहा कि चुनाव तब हो जब सभी न्यायालय और बार एसोसिएशन पूरी क्षमता से कार्यरत हों, ताकि वास्तविक जन-मत सामने आ सके। साथ ही, मतदाता सूची को लेकर भ्रमित करने वाली घोषणाओं पर स्पष्ट सार्वजनिक नोटिस जारी करने की अपील की।

### खनन को लेकर भ्रम

**बागेश्वर।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा बागेश्वर जनपद की 29 खड़िया खदानों को खोलने की अनुमति दिए जाने के बाद जिले में खनन को लेकर भ्रम और विवाद की स्थिति है। भैरूचौबट्टा क्षेत्र में एक खनन पट्टाधारक द्वारा अपने माइनिंग क्षेत्र में मशीन चलाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। जिला प्रशासन तक मामला पहुंचने पर जिला प्रशासन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा, साथ ही माइनिंग क्षेत्र में चल रहे कार्य को तत्काल रोका गया। वही माइन ऑनर के खिलाफ प्रशासनिक और कानूनी कार्यवाही की जा रही है। प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने बागेश्वर जिले की 29 खड़िया खदानों को पुन: संचालित करने की अनुमति प्रदान की थी, इस संबंध में हाईकोर्ट नैनीताल को भी आदेश जारी किए गए थे।

# शांतिपुरी में उत्तरायणी मेले की तैयारियां



शाह टाइम्स संवाददाता

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी में होने वाले आगामी उत्तरायणी मेले को लेकर शांतिपुरी के क्षेत्र नंबर 2, 3, 4, जवाहर नगर ढाकानी में मीटिंग आयोजित की गयी जिसमें लोगों को अपनी संस्कृति, भाषा, पहनावे को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए प्रचार प्रसार किया। मेला कमेटी अध्यक्ष इंद्र मेहता व कमेटी की पूरी टीम ने शांतिपुरी में होने वाले उत्तरायणी मेले को लेकर शांतिपुरी के सभी क्षेत्रवासियों के साथ घर घर जाकर लोगों को जागरूक कर मीटिंग की और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपील की। इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष इंदर मेहता, उपाध्यक्ष चन्दन बिष्ट, सचिव मन्नू त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष बिशन कोरंगा, उपसचिव नवीन टाकुली, बबिता कोरंगा, दीपा जोशी, दुर्गा कोरंगा और अध्यक्ष मोहन कोरंगा आदि मौजूद थे।

# सोमेश्वर में बहुउद्देशीय शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशन में गुरुवार को रामलीला ग्राउंड सोमेश्वर में वृहद बहुउद्देशीय विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डीएलएसए सचिव शचि शर्मा समेत अन्य ने दीप जलाकर किया। शिविर के दौरान डीएलएसए सचिव ने मौजूद लोगों व विद्यार्थियों को नालसा, सालसा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की स्थापना व कार्यो, नालसा की विभिन्न योजनाएं, माहिलाओं, बच्चों, ट्रांसजेंडर, वरिष्ठ नागरिको आदि के अधिकारों के संबंध में जानकारी दी। शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों व नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गई। हैड़ाखान चैरिटेबल ट्रस्ट चिलियानौला द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने विभागों की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्ड आदि बनाए गए व स्टाल लगाए गए। शिविर में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, नुक्कड़ नाटक, कुमाऊंनी नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का निरीक्षण किया गया एवं आम जनता को दी गई सहायता व लाभ के विषय में जानकारी ली गई। द्वाराहाट, ताकुला व अल्मोड़ा के अधिकार मित्र द्वारा हैल्प डैस्क व विधिक स्टाल के माध्यम से आम. जनता की सहायता की गई।



# जनदृष्टि को जोड़ने की महत्वपूर्ण भाषा है हिन्दी

## 'विकसित भारत में हिन्दी का योगदान' विषय पर कार्यशाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** वीपीकेएएस संस्थान हवालबाग में विकसित भारत में हिन्दी का योगदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् और परिषद गीत से हुई।

इस मौके पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. रमेश सिंह पाल ने कार्यशाला के मुख्य अतिथि डा. देव सिंह पोखरिया, पूर्व अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल, और संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मी कान्त सहित सभी विभागाध्यक्षों, वैज्ञानिकों, अधिका. रियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डा. देव सिंह पोखरिया ने विकसित भारत में हिन्दी का योगदान पर एक विस्तृत और प्रेरक व्याख्यान प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि हिन्दी न केवल प्रशासन, विज्ञान, और अनुसंधान का प्रभावी माध्यम है, बल्कि यह जनदृष्टि को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण भाषा भी है। डा. पोखरिया ने कहा कि विकसित भारत की दिशा में हिन्दी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हिन्दी के माध्यम से कृषि, विज्ञान, और प्रौद्योगिकी से जुड़ी जानकारी आम जनता तक सरलता से पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने विशेष रूप से किसानों, वैज्ञानिकों, और महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया, और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में इन सभी का योगदान आवश्यक है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि कार्यप्रणाली में हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं का समुचित उपयोग नहीं बढ़ेगा, तो भारत की प्रगति अधूरी रहेगी। संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मीकान्त ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि हिन्दी कार्यशालाओं का उद्देश्य राजभाषा हिन्दी का प्रचार-प्रसार करना और वैज्ञानिक संचार को प्रभावी बनाना है। उन्होंने बताया कि हिन्दी ऐसी भाषा है जो सभी भाषाओं को समाहि. हत कर सकती है और संचार में गतिशीलता लाती है। साथ ही, उन्होंने हिन्दी की वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन रेनू सनवाल, मुख्य तकनीकी अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी राजभाषा ने किया। कार्यशाला के समापन पर डा. प्रियंका खाती, संस्थान राजभाषा समिति की सदस्य, ने सभी का आभार व्यक्त किया।




# लोकतंत्र कमजोर कर रही भाजपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** भाजपा द्वारा कथित वोट चोरी और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में लगातार हो रही धांधलियों के विरोध में गुरुवार को रानीखेत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान दिल्ली में वोट-चोर-गद्दी छोड़ को लेकर होने वाली महारैली के संदर्भ में चर्चा की गई। बैठक के दौरान वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने, मताधिकार से खिलवाड़ करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने के आरोप लगाते हुए कहा कि जनता अब पूरी तरह बदलाव के लिए तैयार है। कहा कि भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों से अब आम जनता खासी परेशान है। आगामी चुनावों में जनता भाजपा को इसका मुंहतोड़ जवाब देंगी। कार्यक्रम का संचालन गोपाल सिंह देव ने किया। बैठक में कांग्रेस के पूर्व प्रदेशध्यक्ष करन माहरा व कार्यक्रम प्रभारी दीप डांगी, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, पीसी सदस्य कैलाश पांडेय, चिलियानौला नगरपालिका अध्यक्ष अरुण रावत, भिकियासैंण नगर पंचायत अध्यक्ष दीपक बिष्ट, ज़िला पंचायत सदस्य नीमा कडाकोटी, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, यूथ विधानसभा अध्यक्ष अंकिता पंत, त्रिभुवन शर्मा, भिकियासैंण कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश पंत, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष देवगिरी गोस्वामी, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज जोशी, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी, पंकज गुरुरानी, गीता माहरा, दीप उपाध्याय, विजय तिवारी, नवीन जोशी, नंदन सिंह रावत, पूरन मेहरा, बीडीसी सदस्य नरेंद्र सिंह नेगी, गोविंद बिष्ट, आनंद सिंह रावत, दीपक कडाकोटी, रुद्र माहरा आदि रहे।



# कुमाऊं प्रवेश द्वार पर जनरल बीसी जोशी के नाम पर भव्य द्वार बनेगा

## जिले में कीवी एवं एप्पल मिशन को बढ़ावा देने पर फोकस करें अधिकारी: गणेशी जोशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में राज्य के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कृषि, उद्यान, सैनिक कल्याण, पीएमजीएसवाई, और ग्राम्य विकास विभागों के तहत चल रही योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री ने कई अहम निर्देश दिए, जिनका उद्देश्य योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ किसानों और स्थानीय जनता तक पहुँचाना था। मंत्री श्री जोशी ने विशेष रूप से उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान एप्पल और कीवी मिशन और पाल.

**ठेकेदारी प्रथा को खत्म करते हुए पॉली हाउस निर्माण हेतु किसानों के खाते में सीधे धनराशि जमा कराई जाए**



ीहाउस निर्माण कार्यों की स्थिति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि भविष्य में विभागीय योजनाओं की अद्यतन जानकारी और पूरी तैयारी के साथ बैठक में हिस्सा लिया जाए। साथ ही, उन्होंने जनपद में कीवी, मिलेट्स, और एप्पल उत्पादन को बढ़ाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। पालीहाउस निर्माण के बारे में उन्होंने कहा कि किसानों के खाते में सीधे धनराशि स्थानांतरित करने की व्यवस्था की जाए, ताकि निर्माण कार्य में कोई देरी न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पालीहाउस का आवंटन जनपद की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए किया जाए। कृषि विभाग की समीक्षा में मंत्री ने कृषि यंत्रों के वितरण की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया कि कृषि योजनाओं का लाभ न्याय पंचायत वार तरीके से दिया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने मृदा हैल्थ कार्ड को 100 प्रतिशत बनाने के निर्देश भी दिए और पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी पात्र किसानों को लाभ देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। मौन पालन के क्षेत्र में उन्होंने जनपद के किसानों और युवाओं को शहद उत्पादन के लिए प्रेरित करने की बात की, ताकि इसे एक स्वरोजगार के रूप में अपनाकर लोग अपनी आर्थिकी को मजबूत कर सकें। मंत्री श्री जोशी ने मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार और आय के अवसर उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। उनका उद्देश्य था कि अधिक से अधिक महिलाएं इस योजना से जुड़ें और अपनी आर्थिक स्थिति सुधारें। सैनिक कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री ने जनरल बीसी जोशी के नाम पर सैनिक आश्रितों के लिए छात्रावास निर्माण को लेकर अधिकारियों को 15 दिन के भीतर सभी औपचारिकताएँ पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सैनिक विश्राम गृह की क्षमता बढ़ाने और सैनिक कल्याण भवन के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि धनराशि आवंटित की जा सके। इसके अलावा, कुमाऊं प्रवेश द्वार पर जनरल बीसी जोशी के नाम पर भव्य द्वार बनाने के लिए मार्ग चिन्हीकरण का कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। बैठक में आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

दुश्मनों से लोहा लेने वाले सेवानिवृत्त नायक तेज सिंह मेहता को

# असम राइफल्स ने 40 साल बाद सम्मानित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देश के लिए जान की बाजी लगाने वाले जांबाजों को असम राइफल्स कभी नहीं भूलती। ऐसा ही एक वीर सैनिक सेवानिवृत्त नायक तेज सिंह मेहता जिनकी वीरता और साहस ने उन्हें हमेशा के लिए देश के नायक बना दिया। जब असम राइफल के अधिकारियों को पता लगा तो वह गुरुवार को असम राइफल्स के सहायक कमांडेंट सुदीप लामा तेज सिंह मेहता के हल्द्वानी स्थित कठघरिया स्थित घर पहुंचे और उन्हें उनकी वीरता के लिए सम्मानित किया। वीर सैनिक नायक तेज सिंह मेहता को यह सम्मान 40 साल बाद मिला। गुरूवार को सेवानिवृत्त नायक तेज सिंह मेहता के कठघरिया स्थित घर पहुंचे असम राइफल्स के सहायक कमांडेंट सुदीप लामा ने बताया कि यह सम्मान उन जांबाजों के लिए था जिन्होंने देश की सेवा में अपनी जान की परवाह नहीं की। 1984 में तेज सिंह मेहता असम राइफल्स में नायक के पद पर तैनात थे और उस समय असम राइफल्स नागालैंड में आतंकवादियों के खिलाफ एक



बड़ा ऑपरेशन चला रही थी। उस ऑपरेशन के दौरान तेज सिंह मेहता पर आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया था। इस हमले में उन्हें 13 गोलियां लगीं। 12 गोलियां उनके बाएं पैर में और एक गोली दाएं पैर में। इन गंभीर चोटों के बावजूद उन्होंने साहस नहीं खोया, लेकिन उनके बाएं पैर का निचला हिस्सा काटना पड़ा। असम राइफल्स के डीजी लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा के निर्देश पर कंपनी उन वीर जवानों का समय-समय पर हालचाल लेती है जिन्होंने अपनी वीरता से देश का नाम रोशन किया। तेज सिंह मेहता की वीरता के बारे में असम राइफल्स को जानकारी पिछले साल तब मिली, जब जवान तेज प्रताप ने अपने सीनियर तेज सिंह मेहता के बारे में बताया। इसके बाद, जनरल लखेरा के आदेश पर सुदीप लामा की टीम तेज सिंह मेहता के घर पहुंची और उन्हें सम्मानित किया। सामाजिक सेवा और सैनिकों की वीरता के प्रति असम राइफल्स की प्रतिबद्धता को देखते हुए मेहता को सम्मान स्वरूप दो लाख रुपए का चेक भी सौंपा गया। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट सुदीप लामा ने कहा असम राइफल्स भारत का सबसे पुराना अर्धसैनिक बल है और हम अपने सैनिकों की वीरता का सम्मान करने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं।

## पर्यटकों की सुविधा के लिए हर जगह रहेगी पर्यटन पुलिस: आईजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल व कैंची में क्रिसमस से नव वर्ष के दौरान पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन पुलिस मौजूद रहेगी। क्षेत्र में ड्यूटी देने वाले प्रत्येक पुलिस कर्मी को पर्यटन स्थलों, रूट व पार्किंग स्थलों की पूरी जानकारी दी



जाएगी ताकि पूछने पर वह पर्यटकों को सही जानकारी दे सकें। बता दें कि नैनीताल और कैंची धाम में क्रिसमस से नव वर्ष तक पर्यटकों के भारी संख्या में आने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिसको लेकर पुलिस विभाग अलर्ट मोड पर है। मामले में आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष क्रिसमस से नव वर्ष तक नैनीताल और कैंची धाम के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी ताकि पर्यटकों को जाम में न फंसना पड़े। उन्होंने बताया कि यातायात को सुगम बनाने के लिए पुलिस की ओर से हर संभव प्रयास किया जाएगा। बताया कि इस दौरान भरपूर संख्या में पुलिस फोर्स तैनात की जाएगी साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी को क्षेत्र, रूट और पार्किंग स्थलों की जानकारी दी जाएगी साथ ही पर्यटकों की सुविधा के लिए पुलिस को पर्यटक पुलिस की पहचान के साथ चौराहों और सड़क पर तैनात किया जाएगा ताकि पुलिस की ओर से पर्यटकों को सही जानकारी और सुरक्षा दी जा सके।

## दिव्यांग बालिका नेहा भट्ट की पेंशन स्वीकृत

**नैनीताल।** जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम ने अवगत कराया कि नैनीताल के भवाली निगलाट क्षेत्र की दिव्यांग मूकबधिर बालिका जिसने अपनी शिक्षा को सुचारू रखने के लिए न्यायालय में याचिका दायर करते हुए सीमित संरक्षक नियुक्त करने की मांग की थी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त बालिका के लिए इंदौर की मनीषा चौधरी को बालिका का सीमित संरक्षक नियुक्त किया था। जिला समाज कल्याण अधिकारी नैनीताल ने बताया कि जिला अधिकारी द्वारा उक्त बालिका को समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के संभावित लाभ दिए जाने के निर्देश दिए गए थे, जिसका संज्ञान लेते हुए बालिका के परिजनों से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए समाज कल्याण विभाग की टीम द्वारा घर जाकर आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करवाने में सहयोग किया गया और आवश्यक कागजी कार्यवाही पूर्ण होते ही बालिका की दिव्यांग पेंशन 1500 रुपये प्रतिमाह स्वीकृत कर दी गई है।

## राजकीय मेडिकल कालेज में संकाय सदस्यों के रिक्त पदों पर साक्षात्कार समपन्न

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में विभिन्न विभागों में संकाय सदस्यों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए गुरुवार को साक्षात्कार संपन्न हुआ। कॉलेज प्रशासन के अनुसार हाल ही में फैकल्टी के रिक्त पदों को भरने के लिए समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन जारी किया गया था, जिसके बाद निर्धारित तिथि पर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। विभिन्न शहरों से आए कुल 5 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में भाग लिया। इनमें न्यूरोसर्जरी विभाग एवं मानसिक रोग विभाग (साइकिएट्री) में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद के लिए 2-2 अभ्यर्थियों तथा पैथोलॉजी विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए 1 अभ्यर्थी ने साक्षात्कार दिया। राजकीय मेडिकल कॉलेज में संकाय सदस्यों के कुल 114 रिक्त पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी, जिनमें प्रोफेसर के 8 पद, एसोसिएट प्रोफेसर के 45 पद तथा असिस्टेंट प्रोफेसर के 61 पद शामिल थे। साक्षात्कार प्रक्रिया में कुलपति हेमवती नंदन बहुगुणा चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय देहरादून डा. अजय आर्य, निदेशक चिकित्सा शिक्षा विभाग ने वर्चुअली प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डा. पंकज सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

# यूपी की तर्ज पर जारी हों पेंशनर्स डे के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर पेंशनर्स डे के आयोजन हेतु यूपी की तर्ज पर आदेश जारी करने की मांग की है। मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे ने कहा है कि ऐसे आदेश जारी नहीं होने से राज्य प्राप्ति के आन्दोलन में ऐतिहासिक भूमिका निभाने वाले उत्तराखण्ड के लगभग दो लाख पेंशनर्स में नाराजगी है और वे उत्तरप्रदेश की योगी सरकार की सराहना और उत्तराखण्ड की धामी सरकार की आलोचना कर रहे हे हैं। मुख्यमंत्री को मेल से भेजे गये पत्र में 17 दिसम्बर को राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस के आयोजन हेतु उत्तरप्रदेश शासन द्वारा 26 नवम्बर को जारी आदेश की तर्ज पर उत्तराखण्ड में भी आदेश जारी करने की अपेक्षा



की है। श्री पाण्डे के अनुसार उत्तरप्रदेश में पेंशनर डे को सार्थक बनाने हेतु प्रचार-प्रसार का जिम्मा जनपद के कोषाधिकारियों को दिया गया है। जिला. धिकारियों को निर्देशित किया गया है कि हर जनपद में पेंशनर्स डे के आयोजन की अध्यक्षता वे स्वंय अथवा एडीएम करेंगे जिसमें हर विभाग के अधिक. ारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए आदेश दिये गये हैं कि वे मौके पर ही पेंशनर्स की समस्याओं का त्वरित समाधान कराएं।

# पुलिस ने साइबर ठगों से बचने के टिप्स दिए

## काठगोदाम व लालकुआं में वरिष्ठ नागरिकों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साइबर क्रिमिनल्स द्वारा लोगों को ठगने का मामला लगातार बढ़ रहा है, और जानकारी की कमी इस अपराध का शिकार बनने का मुख्य कारण बन रही है।

हाल ही में मुखानी थानाक्षेत्र में एक वृद्ध को तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 20 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने काठगोदाम और लाल. कुआं कोतवाली क्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों को साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार जानकारी का अभाव ही



साइबर क्रिमिनल्स को लोगों को ठगने का अवसर देता है। इस अभियान का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने के उपायों से अवगत कराना था।

पुलिस ने उन्हें समझाया कि साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिक इनका आसान शिकार बन रहे हैं। पुलिस ने वरिष्ठजनों को यह भी बताया कि अगर कोई व्यक्ति पुलिस, सीबीआई, क्राइम ब्रांच या अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बनकर गिरफ्तारी का डर दिखाए, तो तुरंत अपने नजदीकी थाना या पुलिस चौकी से संपर्क करें। ऐसे लोगों से डरने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी चेता. वनी दी कि किसी भी तरह के प्रलोभन, फ्री ऑफर या विज्ञापनों पर भरोसा न करें, क्योंकि ये अक्सर धोखाधड़ी का हिस्सा होते हैं। अगर कोई ऐसी घटना घटित हो, तो पुलिस ने कहा कि तुरंत 1930 पर कॉल करें और तुरंत मामले की रिपोर्ट दर्ज कराएं। इस अभियान के तहत वरिष्ठ नागरिकों को साइबर सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण टिप्स और उपाय दिए गए, जिससे वे साइबर ठगी से बच सकें।

# चार दिनी प्रशिक्षण एवं जांच शिविर सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला नैनीताल की ओर से लक्ष्मी शिशु मंदिर में आयोजित चार दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर गुरुवार को सम्पन्न हो गया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल ने स्काउट-गाइड्स को स्काउटिंग के मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग बच्चों में अनुशासन, सेवा भाव और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। मुख्य शिक्षाधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने विद्यालयों में स्काउटिंग-गाइडिंग गतिविधियों को और अधिक सक्रियता से बढ़ावा देने का आ]वान किया। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद दरम्वाल, एमबी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डीके पंत, जिला स्काउट गाइड अध्यक्ष नरेंद्र शाह, उप संरक्षक एवं पूर्व अपर महाधिवक्ता बिन्देश कुमार गुप्ता, एमबी ट्रस्ट के सचिव सुशील अग्रवाल, प्रबंधक पियूष गोयल, ललित भट्ट, जिला सचिव स्काउट गाइड आरएस जीना मौजूद रहे।

# सिपाही ने मारा घूंसा, नाक की हड्डी टेढ़ी कर दी

## बुधवार को बाइक से बस टकराने के बाद दिया था घटना को अंजाम, फिर माफी मांगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मामूली बस व बाइक की टक्कर होने पर एक सिपाही ने गुंडो की तरह पीटना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं जब पीड़ित शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचा तो सिपाही ने कोतवाली परिसर में ही मारपीट शुरू कर दी। सिपाही ने पीड़ित को इतना मारा कि उसकी नाक टेढ़ी हो गई। जब मामला भारी पड़ा तो सिपाही ने आज गुरूवार की सुबह पीड़ित से मॉफी मांगते हुए नजर आया। दोपहर बाद दोनों पक्षों में रजामंदी से समझौता हो गया। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार



की रात्रि रोडवेज बस स्टेशन के पास एक बस की टक्कर से बाइक गिर गई। बाइक गिरने के बाद बाइक सवार तीन युवकों ने बस के परिच. ालक से हाथापाई शुरू कर दी। इसी बीच रोडवेज से सेवानिवृत्त विपिन बहुगुणा बीच बचाव के लिए वहां पर पहुंचे और दोनो के बीच समझाने का प्रयास किया लेकिन बाइक सवारों ने विपिन की बातों को सुनने के बजाए उन्हें ही पीटना शुरू कर दिया। इस घटना के बाद जब विपिन बहुगुणा शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचे तो पीछे से एक युवक कोतवाली पहुंच गया और कोतवाली में ही विपिन बहुगुणा के साथ मारपीट करते हुए नाक की हड्डी तोड़ दी। बताया जा रहा कि वह युवक कोई और नहीं बल्कि एक होमगार्ड का सिपाही है। आज गुरूवार की सुबह इस घटना के नाराज रोडवेज कर्मी कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने तुरंत मारपीट करने वाले युवक को कोतवाली बुलाया। तो पता लगा कि मारपीट करने वाला युवक होमगार्ड का सिपाही है और गदरपुर में तैनात है। कोतवाली पहुंचे होमगार्ड सिपाही ने जब अपने आप को फंसता हुआ देखा तो पीड़ित के पैरों में गिरकर मॉफी मांगने लगा। कोतवाली में काफी देर तक चले इस मामले में दोनो के बीच आपसी रजामंदी के बीच समझौता हो गया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया गया जिसके बाद आपसी रजामंदी से दोनो में समझौता हो गया है।

# मां ने लगाई डांट, तो किशोर ने गटका जहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मोबाइल गेम की लत पर परिवार से फटकार लगने के बाद एक किशोर ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में परिजनों द्वारा किशोर को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गुरूवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बताया जाता है कि बिंदुखत्ता का रहने वाला 16 वर्षीय किशोर 11वीं का छात्र था। मां, किशोर के ही स्कूल में काम करती है, जबकि पिता दिल्ली की एक निजी कंपनी में काम करते हैं। बीते बुधवार की सुबह मां स्कूल चली गई और नाश्ता करने के बाद किशोर अपने दोस्त के घर चला गया। घर देर से लौटा और जब वजह पूछी गई तो बताया कि वह दोस्त के साथ मोबाइल पर गेम खेल रहा था। इस पर मां ने किशोर को डांट लगा दी। इसके बाद उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया। आनन फानन में किशोर को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां पर देर रात उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। गुरूवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

## टक्कर मारने वाले वाहन चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** एक वाहन के पीछे से टक्कर मारने के बाद एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित युवक ने मुखानी थाने पहुंचकर उक्त वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार कठघरिया निहाल सिंह ने मुखानी पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह बीते 5 अक्टूबर को वह अपने वाहन से जा रहे थे, तभी किसी तेज रफ्तार वाहन ने उनके वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत बेस अस्पताल लाया गया जहां पर उनका उपचार चल रहा है। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# 15 गोल्ड, 11 सिल्वर और 5 ब्रांज मेडल जीते

## सिंथिया स्कूल का राज्य स्तरीय जू-जित्सू प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य स्तरीय जू-जित्सू प्रतियोगिता में सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 स्वर्ण पदक, 11 रजत पदक और 5 कांस्य पदक प्राप्त किए, जिससे उन्होंने न केवल अपने स्कूल को गर्व महसूस कराया, बल्कि राज्य स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ी। विद्यालय परिसर में गुरूवार को आयोजित सम्मान समारोह में प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य डा. प्रवींद्र कुमार रौतेला ने कहा खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। बचपन से ही किसी न किसी खेल को सीखने और उसे आगे बढ़ाने से न केवल जीवन में अनुशासन आता है, बल्कि आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। गौलापार में आयोजित इस



प्रतियोगिता में दो-दो स्वर्ण पदक जीतने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें अविघ्न नेगी, श्रृष्टि ल्वेशाली, मनन मेहरा, अक्षत थपलियाल, चेतन बिष्ट, और रिद्दिमा नेगी का नाम शामिल है। इसके अलावा अन्य पदक विजेताओं में पियूष बोरा और दर्शन जिन्होंने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीते अनुकृति जोशी एक स्वर्ण और एक रजत, गौरव शर्मा एक स्वर्ण और एक कांस्य, नमन मेहरा दो रजत पदक, श्रेयेशी कांस्य पदक, मैत्री बुधोरी दो रजत पदक, प्रेशा रैकवाल कांस्य पदक, भाविक रजत पदक, ललित बिष्ट और स्वप्निल दो-दो रजत पदक शामिल हैं। इस मौके पर सुरेश चंद्र मिश्रा, महेश जोशी, अकादमिक कोर्डिनेटर बीबी जोशी, केसी पंत, एसएस कपकोटी, कोर्डिनेटर प्रदीप मित्रा, हेमा तिवारी, ऋचा कर्नाटक, आईडी जोशी, बीसी सती, पुष्कर सिंह राजपूत, सुनीता तिवारी, हिमांशु तिवारी, रविंद्र और दीपक जोशी आदि मौजूद रहे।

# चरस तस्कर को रंगेहाथ दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलपड़ाव पुलिस ने चरस तस्करी के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसने अपनी ही दुकान को चरस



बिक्री का अड्डा बना रखा था। खास बात यह है कि आरोपी का पिता भी पहले जेल की हवा खा चुका है। पुलिस ने एसओजी के इनपुट पर साझा कार्रवाई करते हुए आरोपी को रंगेहाथ दबोच लिया और दुकान से पौन किलो से ज्यादा चरस बरामद की। कोतवाल विजय मेहता के अनुसार 9 दिसंबर को एसओजी के कांस्टेबल संतोष बिष्ट और भूपेंद्र जेष्ठा ने आरोपी की जानकारी पुलिस को दी। उन्हें सूचना मिली थी कि भैंस वाली गली में स्थित भारत ट्रेडर्स नाम की दुकान पर संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं। दुकानदार बिना किसी ज्यादा बातचीत के ग्राहकों को कुछ संदिग्ध वस्तुएं दे रहा था। इस सूचना के बाद पुलिस ने चौकी प्रभारी गौरव जोशी के नेतृत्व में संयुक्त कार्रवाई की और दुकान पर छापा मारा। दुकान में छानबीन के दौरान एक व्यक्ति मौके से भाग निकला, लेकिन पुलिस ने दुक. ानदार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर दुकान से 896 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद अली पुत्र इस्तयाक हुसैन, निवासी जवाहर नगर वार्ड चार बताया। उसने बताया कि वह यह चरस गांधीनगर में राजेश नामक व्यक्ति से खरीद कर लाया था। पुलिस के अनुसार, आरोपी का पिता भी पहले एक अपराध में जेल जा चुका है, जो इस परिवार के आपराधिक इतिहास को उजागर करता है। फिलहाल, आरोपी के खिलाफ मामले की जांच की जा रही है और पुलिस अन्य संभावित तस्करों का पता लगाने के लिए कार्रवाई कर रही है। टीम में मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी, कांस्टेबल संतोष बिष्ट, भूपेंद्र ज्येष्ठा शामिल रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खेलों से भविष्य संवार रहे हैं युवा: डीएम

## राज्य स्तरीय महिला वॉलीबाल चैंपियनशिप-2025 का हुआ आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखण्ड वॉलीबाल एसोसिएशन एवं खेल विभाग के तत्वावधान में रुद्रपुर मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय महिला वॉलीबाल चैंपियनशिप-2025 का जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, अध्यक्ष उत्तराखण्ड वॉलीबाल एसोसिएशन कमलेन्द्र सिंह धानक, महासचिव उत्तराखण्ड ओलम्पिक एसोसिएशन डा. डीके सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।




कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से ही खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को शारीरिक व मान. सिक रूप से मजबूत बनाती है और आगे चलकर यही खिलाड़ी प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना व अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें। उन्होंने कहा आज खेलों में युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। खेलों से युवा अपना भविष्य संवार रहे हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना व बधाई दी।

इस अवसर पर महासचिव ओलम्पिक एसोसिएशन डा. डीके सिंह व जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी व सभी खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने की अपील भी की। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तरीय वॉलीबाल चौम्पियनशिप महिला 11 व 12 दिसम्बर एवं पुरूष चौम्पियनशीप 13 व 14 दिसम्बर को आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय महिला वॉलीबाल चौम्पियनशिप में जनपद अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, उधमसिंह नगर, बागेश्वर, चम्पावत, नैनीताल, टिहरी, उत्तरकाशी, हरिद्वार व देहरादून की कुल राज्य की 10 टीमों के लगभग 130 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रही है।

कार्यक्रम में महासचिव उत्तराखण्ड साईकिलिंग एसोसिएशन दिवेश पाण्डे, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित कोच, रेफरी, खिलाडीआदि मौजूद थे।

# कोतवाल ने व्यापारियों की ली बैठक



■ **सामान ढोने वाले ई-रिक्शा चालकों के बनाए गए पास**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुवार को कोतवाल नरेश चौहान ने नगर के व्यापारियों के साथ कोतवाली परिसर में एक बैठक आयोजित की। बैठक में सामान ढोने वाले ई-रिक्शा चालक और अन्य वाहन चालकों के लिए पास बनाने के लिए कहा गया और उन्होंने कहा कि अतिक्रमण कोई भी दुकानदार या फड़ ठेले वाला करेगा तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान कोतवाल नरेश चौहान ने बताया कि नगर के व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित कर सामान ढोने वाले ई-रिक्शा चालक और अन्य फोर व्हीलर वाहन को पास दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कोई भी वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी और रविवार के साप्ताहिक बाजार वाले दिन ई-रिक्शा चालकों को बाजार में चलाने के लिए छूट दी जाएगी।

वहीं कोतवाली परिसर में काफी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे।

## एक नजर...

# एक वारंटी को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**खटीमा।** उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम में अपराध मुक्त उत्तराखंड, मादक पदार्थों की रोकथाम व वारंटियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत सीओ खटीमा के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक खटीमा के पर्यवेक्षण में धारा 138 एनआई एक्ट एक्ट में न्यायालय अपर मुख्य नायक मजिस्ट्रेट खटीमा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र के आधार पर वार्ड नंबर 11, चंद्र वाटिका खटीमा निवासी एक वारंटी इकरार रिजवी पुत्र इसाक अहमद को गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, कांस्टेबल दीपक कुमार और ललित कन्याल शामिल रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिए गए निर्देशो के क्रम में 13 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

जानकारी देते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर द्वारा जनपद में 13 दिसम्बर 2025 (द्वितीय शनिवार) को प्रात: 10 बजे से सांय 05 बजे तक रुद्रपुर स्थित जिला न्यायालय सहित वाह्य स्थित दीवानी न्यायालयों काशीपुर, खटीमा, बाजपुर, जसपुर, सितारगंज एवं किच्छा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटीगेशन के वादों का निस्तारण किया जाएगा जैसे- भरण पोषण, धन वसूली, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर बिलों के मामले, धारा 138 एनआई एक्ट के मामले, अपराधिक शमनीय व सिविल मामले इसके अतिरिक्त न्यायालयों में लम्बित शमनीय प्रकृतिक के आपराधिक वाद/अपराध, धारा 138 एनआई एक्ट, धन वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम विवाद, विद्युत व जल कर बिल संबंधित, वैवाहिक मामले तलाक को छोड़कर, भूमि अधिग्रहण, भुगतान व भत्तों से सम्बन्धित सर्विस के मामले, जिला न्यायालय में लंबित राजस्व वाद, मोटर वाहन अधिनियम के शमनीय अपराधों के चालान, सिविल मामले (किरायेदारी, सुखाधिकार, व्यादेश) का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अपने वादों/मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण करवाना चाहते हैं वे सम्बन्धित न्यायालय में किसी भी कार्य दिवस में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर अपने वादों को नियत करवा सकते है या जिला न्यायालय परिसर में स्थित एडीआर केन्द्र रुद्रपुर में स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# रामनगर में एबीवीपी का विरोध प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के छात्रसंघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे के नेतृत्व में कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कुलपति और कुलसचिव के खिलाफ नारेबा. जी करते हुए उनका पुतला दहन किया।

■ **कुमाऊं विश्वविद्यालय पर आरोप, कुलपति का पुतला फूंका**
■ **परीक्षा शुल्क वृद्धि वापस लेने की मांग तेज**

परिषद ने आरोप लगाया कि परीक्षा शुल्क में की गई वृद्धि से हजारों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के छात्रसंघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा फॉर्म के विलंब शुल्क को अचानक दोगुना कर दिया गया है, जिसके विरोध में परिषद पहले भी महाविद्यालय परिसर में धरना दे चुकी है। उनका कहना है कि उस दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन ने बढ़े हुए शुल्क को वापस लेकर पहले की तरह निर्धारित करने का आश्वासन दिया था, लेकिन कई दिनों बीत जाने के बाद भी इस संबंध में कोई आदेश जारी नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा शुल्क में अचानक बढ़ोतरी से दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले कई छात्र-छात्राओं पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

विद्यार्थी परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि बढ़ी हुई फीस को वापस नहीं लिया गया और शुल्क पूर्व निर्धारित दरों पर बहाल नहीं किए गए, तो संगठन उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगा। इस दौरान छात्र संघ उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, नितेश शर्मा, ऋषभ अग्रवाल, नीरज कंडारी, विशाखा चौहान, अमन सिंह, विपिन, बालम, पंकज सिंह, कंचन पांडे, मानसी, कौशल चिलवाल आदि मौजूद है।

# समूह एवं ग्रामीण महिलाओं ने वित्तीय साक्षरता शिविर में किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड ग्रामीण बैंक द्वारा ग्राम प्रधान झनकट रीता बोरा के कैंप कार्यालय परिसर में कृषि क्रेडिट कैंप एवं वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत झनकट सहित आसपास की महिलाओं एवं समूह से जुड़ी महिलाएं सम्मिलित हुई।

कार्यक्रम में डा. आनंद मोहन रतूड़ी स्वास्थ्य समन्वयक उत्तराखंड शासन, ग्राम प्रधान रीता बोरा, प्रधान पति सामाजिक कार्यकर्ता ललित बोरा ने महिलाओं से उचित दर पर बैंक ऋण लेकर स्वरोजगार अपनाने की अपील की। शिविर में महिलाओं ने विभिन्न योजनाओं में लिए जाने वाले ऋण के संबंध में जानकारी ली। डा. रतूड़ी ने प्रदेश सरकार की जनउपयोगी नीतियों से अवगत कराया। शाखा प्रबंधक पीयूष गुप्ता ने सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजना से अवगत कराते हुए बैंक से सहयोग लेकर स्वरोजगार अपनाने की अपील की। क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक पांडे ने कृषि, पशुपालन, बागबानी सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि बैंक द्वारा बेहद सरलीकृत तरीके से ऋण सुविधा दी जा रही हैं। सहायक प्रबंधक राहुल कुमार ने वित्तीय जागरूकता हेतु डिजिटल बैंकिंग सेवाओं से अवगत कराया। शिविर में 17 ऋण प्रस्ताव 1.10 करोड़ के लिए गए, जिसमें कृषि संबंधित 10 लोगों ने 75 लाख सम्मलित हैं। प्रधानपति बोरा ने उपस्थित लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम में 120 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

# उप जिलाधिकारी ने रैन बसेरे में देखी व्यवथाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अधिक ठंड के आसार के चलते उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने नगर पालिका द्वारा स्थापित रैन बसेरा का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम तुषार सैनी ने सनातन धर्मशाला में की गई रैन बसेरा की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने बिजली, पानी, शौचालय व ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त बिस्तर का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सैनी ने अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य को रैन बसेरे के उचित प्रचार प्रसार के लिए विभिन्न स्थानों, सार्वजनिक स्थलों पर फ्लेक्सी लगाने संबंधित निर्देश दिए। ईओ आर्य ने नगर पालिका द्वारा रैन बसेरा में 20 से अधिक लोगों के ठहरने संबंधी व्यवस्था की जानकारी दी।



# पुलिस ने बाजार से हटाया अतिक्रमण, काटे चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बाजार चौकी इंचार्ज जीवन सिंह चुफाल ने अपनी टीम के साथ अभियान चलाकर पीलीभीत रोड बाजार क्षेत्र मे हुए अतिक्रमण को हटाया तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले मोटरसाइकिल चालकों जैसे रेट्रो साइलेंसर, बिना हेलमेट, बिना डीएल, बिना कागजात, तीन सवारी, नो पार्किंग आदि के कुल 3 वाहनों और 6 फड़ों का चालान किया।

पुलिस टीम में ललित कन्यायल व दीपक कुमार शामिल रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश हुआ घायल

■ **मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपी पर था 25 हजार का इनाम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पुलिस की वर्दी से ही अपराधियों में खौफ हो गया और अपराधी पुलिस की कार्रवाई से नहीं बच पा रहे हैं। पहले आरोपित बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देकर आराम से भाग जाते थे, मगर जब से यूएस नगर एसएसपी का चार्ज मणिकांत मिश्रा ने संभाला हैं, तब से एक के बाद एक हुई मुठभेड़ में आरोपित पकड़े गए।

पुलिस ने बुधवार देर रात मुठभेड़ में एक और 25 हजार का इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के दाहिने पैर में गोली लगी है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपित पर कुछ साल पहले थानाध्यक्ष पर भी फायर झोंका था। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अस्पताल पहुंचकर आरोपित से पूछताछ की। एसएसपी का गुस्सा देख आरोपित के होश उड़ गए। बलजीत सिंह पुत्र सोला सिंह निवासी ग्राम कलकत्ता गदरपुर ने 25 मई को गदरपुर थाने में तहरीर दी थी। उसने बताया था कि उसके भाई बलविन्दर सिंह को करनैल सिंह उर्फ पिन्टू रोढ़ी एवं गुरबाज सिंह उर्फ मानू पुत्र प्रीतम सिंह ने पीट दिया था और जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायरिंग की थी।जिससे वह घायल हो गया था। पुलिस ने आरोपितों पर प्राथमिकी पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। गिरफ्तारी न होने पर पुलिस ने गुरबाज सिंह पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि बुधवार रात गुरबाज सिंह गूलरभोज क्षेत्र में होने की सूचना मिली। इस पर गदरपुर थाना और गूलरभोज चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस को देख गुरबाज ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। जिससे एक गोली गुरबाज के पैर में लगी।पुलिस ने उसे पकड़ लिया।उसके पास से एक तमंचा बरामद हुआ।



एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि गुरबाज वर्ष, 2019 में थाना नानकमत्ता में तत्कालीन थानाध्यक्ष पर जान से मारने की नीयत से फायर भी झोंका था। आरोपित पर ऊधम सिंह नगर और यूपी में हत्या का प्रयास, लूट, राहजनी, बलवा सहित कई आपराधिक मामले दर्ज है। है।

# नव निर्वाचित अध्यक्ष व संचालक मंडल ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति रामनगर के नव निर्वाचित अध्यक्ष व संचालक मंडल का स्वागत कार्यक्रम कोसी बेराज स्थित एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख रामनगर मंजू नेगी रहे।किसान सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत व समिति के सभी संचालकों को सहकारिता विभाग के क्षेत्रीय सहकारिता विकास अधिकारी श्याम प्रसाद अनुरागी द्वारा पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उसके बाद समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने कार्यक्रम में बोलते हुए सभी किसानों,शेयर धारकों व जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने नवनिर्वाचित समिति के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सभी से समिति को आगे बढ़ाने व आर्थिक रूप से मजबूत करने का आह्वान किया। इस दौरान मंडी समिति के पूर्व चेयरमैन राकेश नैनवाल, ज्येष्ठ प्रमुख संजय नेगी,जिला पंचायत सदस्य सीता देवी, गणेश रावत, इंदर सिंह रावत,निर्मला रावत,भूपेंद्र सिंह खाती, घनश्याम शर्मा,पीरुमदारा बलदेव रावत, प्रेम आर्या, भगीरथ लाल चौधरी, विजयपाल रावत, हेम चंद्र जोशीनवीन कारगेती,आशा बिष्ट, संजय बिष्ट, भावना भट्ट, भरत तिवारी, शुभम उत्तम, सत्यप्रकाश शर्मा, रुचि गिरी शर्मा आदि मौजूद रहें।

# नशे के बढ़ते प्रचलन से खफा शिव सैनिकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** लगातार बढ़ रहे नशे के प्रचलन से शिवस.ेना के कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजकुमार गुप्ता की देखरेख में नशे के विरोध में उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा और अभिलंब नशे के फल फूल रहे कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग की।

उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन स्टैनो मनीष पंत को सौंपते हुए शिवसेना कार्यकर्ताओं ने आबकारी विभाग की उदासीनता पर चिंता व्यक्त की और कहा कि आबकारी विभाग की निरंकुशता के चलते नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बेखौफ नशे का प्रचलन फल फूल रहा है। ज्ञापन में प्रदेश के युवाओं के नशेड़ी होने पर युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार में बताया हैं। शिव सैनिकों ने कच्ची शराब एवं स्मैक की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता पर अभिलंब रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में विक्रम बिष्ट संगठन मंत्री कुमाऊं, सौमित्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, विपिन कुमार नगर अध्यक्ष, मोहनलाल टेड़ाघाट, छेदा लाल, हर स्वरूप विश्वकर्मा, रोहित, विशाल, वीना मिश्रा आदि।



# ब्लॉक मुख्यालयों में 17 दिसम्बर को मनाया जाएगा किसान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में किसानों को विधिक समस्याजीओं/मुद्दों के समाधान और उन्हे तकनीकी एवं वैज्ञानिक रूप से सक्षम एवं जागरूक बनाने हेतु जनपद के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में 17 दिसम्बर बुधवार को किसान दिवस मनाया जाएगा।

किसान दिवस के साथ ही जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील खटीमा में 16 दिसम्बर को आयोजित होने वाला तहसील दिवस तथा जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित होने वाले तहसील दिवस 16 दिसम्बर के स्थान पर 17 दिसम्बर को किसान दिवस के साथ ही ब्लॉक मुख्यालय में संयुक्त रूप से आयोजित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने तहसील दिवस/किसान दिवस के लिए नोडल अधिकारी नामित किया है।

ब्लॉक मुख्यालय खटीमा हेतु स्वयं जिलाधिकारी, काशीपुर हेतु मुख्य विकास अधिकारी, रुद्रपुर हेतु अपर जिलाधिकारी प्रशासन, बाजपुर हेतु अपर जिलाधिकारी वि./रा., जसपुर हेतु उप जिलाधिकारी काशीपुर, गदरपुर हेतु उप जिलाधिकारी गदरपुर, सितारगंज व नानकमत्ता हेतु उप जिलाधिकारी सितारगंज व किच्छा तहसील हेतु उप जिलाधिकारी किच्छा नोडल अधिकारी रहेगें। उन्होंने बताया कि उक्त अधिकारियों के अतिरिक्त तहसील एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले किसान दिवस व तहसील दिवस में प्रतिभाग करते हुए अपने-अपने ब्लॉक में उपस्थित रहेंगे तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी कार्यक्रम में प्रतिभाग किए जाने हेतु ब्लॉक खटीमा में उपस्थित रहेंगे।

# रामनगर में बाल विकास विभाग, मुस्कान केंद्र गजपुर दाबका का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** बाल विकास परियोजना रामनगर के तहत दाबका नदी में खनन कार्य के लिए आए श्रमिक परिवारों के लाभार्थियों के लिए मुस्कान केंद्र गजपुर दाबका का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन बीडीसी सदस्य भुवन आर्य द्वारा किया गया।केंद्र में उपस्थित महिलाओं को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही 3 से 6 वर्ष के बच्चों को नियमित रूप से केंद्र में भेजकर स्कूल पूर्व शिक्षा दिलाने पर भी जोर दिया गया।



कार्यक्रम के दौरान टेक-होम राशन के अंतर्गत लाभार्थियों को आवश्यक पोषण सामग्री वितरित की गई।गर्भवती महिलाएं,धात्री माताएं,6 माह से 3 वर्ष के बच्चे,इसके अलावा, 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा के अंतर्गत बिस्कुट और भुना चना भी वितरण किया गया। मुस्कान केंद्र की शुरुआत से दाबका क्षेत्र में रह रहे श्रमिक परिवारों को पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध होने लगी हैं। विभाग का दावा है कि इस केंद्र के माध्यम से बच्चों के विकास और महिलाओं के स्वास्थ्य को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

# केआईटीएम के अमन व गुरलीन का विश्वविद्यालय वॉलीबाल टीम में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** केआईटीएम कॉलेज के दो छात्र-छात्राओं ने खेल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सोबन सिंह जीना विश्व. विद्यालय अल्मोड़ा की वॉलीबॉल टीम में स्थान प्राप्त किया है जो अंतर-राज्य नॉर्थ जोन वॉलीबॉल टूर्नामेंट के लिए चयनित किए गए हैं।



कॉलेज के सीटीएचएम विभाग के प्रथम सेमेस्टर के छात्र अमन मंगला का चयन विश्वविद्यालय की पुरुष वॉलीबॉल टीम में तथा बैंकिंग एंड फाइनेंशियल मैनेजमेंट की प्रथम सेमेस्टर की छात्रा गुरलीन कौर को महिला वॉलीबॉल टीम में शामिल किया गया है। दोनों खिलाड़ियों के चयन से केआईटीएम कॉलेज में उत्साह का माहौल है। कॉलेज के प्रबंध निद.ेशक कमल बिष्ट और निदेशक ज्योति बिष्ट ने अमन और गुरलीन को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, समर्पण और कॉलेज में उपलब्ध खेल संसाधनों का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों खिलाड़ी आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करेंगे। कॉलेज प्रशासन, संकाय सदस्यों तथा खेल प्रभारी हिमांशु भट्ट ने भी दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने छोटे पुत्र अजय देवनाथ एवं पुत्रवधू सोनिका के दुर्व्यवहारों से तंग आकर इनसे अपने तथा अपने अन्य परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर अपने छोटे पुत्र अजय देवनाथ एवं पुत्रवधू सोनिका को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे किसी भी परिजन का मेरे छोटे पुत्र अजय देवनाथ एवं पुत्रवधू सोनिका से कोई सम्बंध या वास्ता सरोकार नहीं है। जो भी व्यक्ति मेरे पुत्र छोटे पुत्र अजय देवनाथ एवं पुत्रवधू सोनिका से किसी भी प्रकार का कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार अथवा लेनदेन के व्यवहार रखेगा तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं या मेरा कोई भी परिजन इनके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं है।

**प्रहलाद चंद्र पुत्र श्री बलराम, निवासी-वार्ड नं. -3, ट्रांजिट कैंप, तहसील,रुद्रपुर जिला-ऊधमसिंह नगर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक-653/नामा0सूचना/2025 -26 दिनांक-09.12.2025

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0-02 क्रमांक 273 पर श्री फूल सिंह पुत्र श्री प्रीतम सिंह का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 125 रू0 वार्षिक है। इकरारनामा बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में मोहम्मद नाजिम पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी वार्ड नं0-02, भोला कालोनी गदरपुर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई अपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ती पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा। **अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक-652/नामा0सूचना/2025 -26 दिनांक-09.12.2025

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0-04 क्रमांक 223 पर श्री करतार सिंह पुत्र श्री बहादुर सिंह का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 690 रू0 वार्षिक है। उत्तरजीवी एवं पारिवारिक बटवारे के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री जसवीर सिंह पुत्र गुरबक्श सिंह निवासी ग्राम धौलपुर पोस्ट खानपुर जिला ऊधम सिंह नगर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई अपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ती पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ती पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक-660/नामा0सूचना/2025 -26 दिनांक-10.12.2025

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0-01 क्रमांक 58 पर रविन्द्र छाबडा पुत्र स्व. लेखराज छाबडा का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 1550 रु0 वार्षिक है। उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री अनमोल पुत्र स्व. रविन्द्र कुमार छाबडा निवासी वार्ड नं0-06 आवास विकास, गदरपुर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई अपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में भय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# पंचेश्वर में पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान

■ सरयू तट पर लग्जरी ग्लैम्पिंग साइट को 48.72 लाख की मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की "आदर्श जनपद 2030" योजना के तहत चम्पावत जिले में पर्यटन विकास को गति देने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। पंचेश्वर क्षेत्र के ग्राम पंथ्युड़ा में सरयू नदी तट पर आधुनिक लग्जरी ग्लैम्पिंग साइट विकसित करने की परियोजना को शासन से 48.72 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। यह परियोजना कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा तैयार आगणन के आधार पर स्वीकृत की गई है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा "सरयू तट पर बनने वाली यह ग्लैम्पिंग साइट सीमांत कुमाऊं में इको-टूरिज्म और एडवेंचर टूरिज्म को नई ऊर्जा देगी। यह योजना मुख्यमंत्री की घोषणाओं को धरातल पर उतारते हुए स्थानीय आजीविका को मजबूत करेगी। यह परियोजना चम्पावत को सस्टेनेबल टूरिज्म का नया मॉडल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। पंचेश्वर में महाशिर का संरक्षण करने के साथ उससे स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने में लगे होशियार सिंह का कहना है कि मुख्यमंत्री जी और जिलाधिकारी मनीष कुमार का इस ओर ध्यान केंद्रित होने से यह स्थान युवाओं को स्थाई रूप से रोजगार एवं उनके सम्मान जनक ढंग से जीवन यापन के अवसर सामने लाएगा।

# जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्ष भिड़े

■ खूनी संघर्ष में तीन लोग हुए घायल, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जमीनी हिस्से बंटवारे को लेकर दो पक्षों में विवाद बढ़ गया। विवाद इस कदर बढ़ गया कि इन दोनों पक्षों में जमकर धारदार हथियार चल निकले। जब तक इन्हें कोई समझा पता तथा यह दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। खूनी संघर्ष में एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मारपीट की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने सभी को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। इसमें एक की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है।

गुरुवार की सुबह को एक पक्ष के बरहैनी नगला निवासी 28 वर्षीय सोनू,26 वर्षीय अमरीक सिंह पुत्रगण गुरदीप सिंह और 65 वर्षीय गुरमुख पुत्र लक्ष्मण सिंह घर से कुछ दूरी पर स्थित एक खेत में किसी कार्य से गए थे। बताया जाता है कि इसी बीच गुरदीप सिंह के सबसे छोटे भाई से जमीनी हिस्से बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। वहीं इसी विवाद के चलते दोनों पक्ष आपस में भीड़ गए। बात बड़ी तो जमकर दोनों पक्षों में धारदार हथियार चल निकले, जिसमें एक पक्ष के तीन लोग गंभीर घायल हो गए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। इस दौरान चिकित्सकों ने तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर पर कर दिया है, जिसमें सोनू सिंह की हालत काफी गंभीर बताई जा रही हैं। हिस्से बंटवारे को लेकर पूर्व में कई बार





पंचायत भी हो चुकी है और वर्तमान समय में गुरदीप सिंह का उसके छोटे भाई से जमीनी विवाद चल रहा है। इधर पुलिस का कहना है कि दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। तहरीर प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## एक नजर

# साधारण जीवन को असाधारण बना देती है शिक्षा: यशपाल आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नेता प्रतिपक्ष व क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य ने आदर्श कन्या इण्टर कॉलेज में नवनिर्मित हॉल व महिला सशक्तिकरण वॉल का गुरुवार को विधिवत पूजा अर्चना उपरांत लोकार्पण किया। इस दौरान आर्य ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो एक साधारण



जीवन को असाधारण बना देती है। हमारी बेटियां केवल परिवार नहीं, पूरे समाज और राष्ट्र का भविष्य संवार रही हैं और उनके सपनों को साकार करने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित वातावरण और समान अवसर सुनिश्चित करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

छात्राओं की प्रतिभा, शिक्षकों की निष्ठा और विद्यालय परिवार की सकारात्मक सोच ने एक बार फिर सिध्द कर दिया कि उत्तराखण्ड की बेटियां हर क्षेत्र में नई मिसालें कायम करने के लिए तैयार हैं। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरा सतत प्रयास रहेगा कि शिक्षा से जुड़े संसाधन, सुविधाएँ और अवसर और अधिक सशक्त होकर उन तक पहुँचें। उन्होंने कहा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर छात्राओं के उत्साह, आत्मविश्वास और प्रगति की ऊर्जा को उन्होंने करीब से महसूस किया है। यही ऊर्जा, यही उम्मीद, यही हमारा भविष्य है। विद्यालय प्रबंध कमेटी ने विद्यालय आगमन पर आर्य का जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक सुनील खन्ना, अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र खत्री, प्रधानाचार्या डॉ. प्रीति रस्तोगी, हरिओम सिंघल, सत्यप्रकाश ग्रोबर, अभय गुप्ता, अनिल कौशिक, फुरकान रजा, पवन शर्मा, महेश कुमार 'आशू', अनिल सैन, आदित्य चानना, नितिन गिष्ट, रेखा उपाध्याय, नानू उप्रेती, डलविन्दर कौर, अनीता राठौर, प्रियांशी तिवारी, रितु प्रजापति, नीलम सूर्यवंशी, भारती बिष्ट, मीना सेठ, पूजा चन्द्रा, रेखा उपाध्याय, अर्चना, श्वेता, प्रीति, मंजू आदि थे।

# चंपावत ने रचा इतिहास, राज्यभर में गूंजा परचम



■ राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में प्रथम एवं मॉडल प्रतियोगिता में चंपावत ने हासिल किया दूसरा स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** ज्ञान, तैयारी और टीमवर्क का शानदार संगम राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में उस समय देखने को मिला, जब चंपावत जनपद के तेजस अधिकारी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे उत्तराखंड में तीन में से दो प्रतियोगिताओं में पहला स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया। इसी प्रकार मॉडल प्रदर्शनी में भावना जोशी ने शानदार मॉडल का प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

जिला समन्वयक डा. अनिल कुमार मिश्रा, एस्कॉर्ट शिक्षक एवं टीम प्रभारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में रवाना हुई जनपद चंपावत की टीम के तेजस अधिकारी एवं भावना जोशी ने आत्मविश्वास, तीव्र सोच और सटीक जवाबों के दम पर बढ़त बनाए रखी। अंतिम राउंड तक पहुंचे रोमांचक मुकाबले में चंपावत ने अपने प्रतिस्पर्धियों को मात देते हुए विजयी परचम फहरा दिया। इसके साथ ही सिमरन जोशी ने भाषण प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया।

मार्गदर्शक शिक्षिका के रूप में कविता भट्ट सम्मिलित रही। इस अविस्मरणीय उपलब्धि के पीछे मार्गदर्शक शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की दृढ़ तैयारी और स्कूल प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा। जनपद में इस जीत से ख़ुशी की लहर दौड़ गई है।

मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक एवं डायट प्राचार्य मान सिंह, बीईओ संजय भट्ट, प्रधानाचार्य उमेद सिंह बिष्ट, प्रधानाचार्य आशीष ओली ने छात्र छात्राओं, टीम प्रभारी सहित मार्गदर्शक शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# अद्वैत आश्रम मायावती में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई गई मां शारदा की 173वीं जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती में आज मां शारदा की 173वीं जयंती बड़े भक्ति भाव, पूर्ण श्रद्धा और दिव्यता के साथ मनाई गई। मां शारदा, जिन्होंने अपने वात्सल्य, करुणा और मातृत्व से संपूर्ण मानवता को अपनी बाहों में समेटा, आज भी जगत जननी के रूप में आध्यात्मिक जगत को आलोकित कर रही हैं।

कार्यक्रम के मुख्य प्रवचन में विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक पत्रिका 'प्रबुद्ध भारत' के विद्वान संत स्वामी दिव्य कृपानंद महाराज ने कहा कि जब व्यक्ति घर बार का मोह त्यागकर सन्यास जीवन अपनाता है तो उसके त्याग, अनुशासन और समर्पण के कारण ही समाज में उसे सम्मान मिलता है। उन्होंने नर्मदा नदी का उदाहरण देते हुए कहा कि नर्मदा पूजा से पहले कन्या पूजन का विधान है क्योंकि मानसिक विकारों के समाप्त होने के बाद ही मनुष्य के अंतर्मन का ब्रह्म जागृत होता है। महाराज ने अपने प्रवचन में मां शारदा के जीवन से कई प्रेरक प्रसंगों का उल्लेख किया और कहा कि उनका जीवन करुणा, मातृत्व और धैर्य का अनुपम उदाहरण है। इससे पूर्व आश्रम के व्यवस्थापक सुहृदानंद, 'प्रबुद्ध भारत' के उप संपादक स्वामी ज्ञानेशानंद, चिकित्सा प्रभारी स्वामी एकदेवानंद, स्वामी एकविघ्नंद, स्वामी आत्मप्रकाशानंद सहित अन्य संतों ने उपस्थित भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी भगवत प्रसाद पांडे, पूर्व जीसी अमरनाथ वर्मा, लखनऊ मेडिकल कॉलेज के प्रा. डा. नितिन रंजन गुप्ता, डा. शशि, शिव गुप्ता, विपिन गुप्ता, राजेंद्र बिष्ट, भुवन पुजारी, धर्म सिंह अधिकारी, त्रिभुवन उपाध्याय, कमल राय, डा. प्रकाश लखेड़ा, मनीष जुकरिया, नागेंद्र जोशी, कीर्ति बगोली सहित बड़ी संख्या में युवा व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ग्राम पूछड़ी में अतिक्रमण हटाने के बाद पीड़ितों के पुनर्वास की मांग तेज



**मालिकाना हक संघर्ष समिति ने विधायक व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम पूछड़ी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाए जाने के बाद बेघर हुए परिवारों के पुनर्वास की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। गुरुवार को मालिकाना हक संघर्ष समिति के अध्यक्ष एस. लाल, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी और ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में पीड़ित परिवारों के साथ कई सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के लोग तहसील परिसर पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट और एसडीएम प्रमोद कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने के बाद सभी लोगों ने तहसील परिसर में सांकेतिक धरना भी दिया और प्रदेश सरकार, प्रशासन एवं वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। धरना स्थल पर हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि ग्राम पूछड़ी में अतिक्रमण हटाए जाने के बाद प्रशासन को बेघर हुए परिवारों के विस्थापन और पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए थी, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी इन परिवारों की कोई सुध लेने वाला नहीं है।वक्ताओं ने आरोप लगाया कि जिन परिवारों के घर तोड़े गए, वे आज भी खुले आसमान के नीचे कड़ाके की ठंड में रहने को मजबूर हैं। न तो इनके खाने की व्यवस्था की गई है और न ही किसी प्रकार का आश्रय उपलब्ध कराया गया है। समिति ने मांग की कि सरकार और वन विभाग मानवीय आधार पर आगे आएं और इन पीड़ित परिवारों के लिए तत्काल अस्थायी रहने व भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, मालिकाना हक संघर्ष समिति के अध्यक्ष एस लाल,चंद्रन राम,मोहम्मद ताहिर,किशन राम,रमेश चन्द्र,रवि कुमार,यास्मीन,मधुली देवी,महेश सिंह,त्रिलोक सिंह,किशन सिंह आदि सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।

# तहसीलदार पर 160 फाइल अपने घर ले जाने का आरोप

■ कांग्रेसी नेता ने एसडीएम से मुलाकात कर निकाली भड़ास

■ फाइलों को किस इरादे से लंबित रखा जाता है किसी से छिपा नहीं: राजेंद्र पाल सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** तहसील में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का समय से समाधान न होने और फाइलों को लंबे समय तक लंबित रखने पर कांग्रेसी नेता का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने एसडीएम से मुलाकात कर तहसील प्रशासन पर जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि इन दिनों तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर चुका है। कांग्रेसी नेता ने तहसीलदार पर भी



सैकड़ों सरकारी फाइलों को अपने आवास पर जानबूझकर लंबित रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कुमाऊं आयुक्त से भी मामले का संज्ञान लेने का अनुरोध किया है।

गुरुवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में ग्राम प्रधान सहित कई जन्म प्रतिनिधि तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने तहसीलदार पर करीब 160 फाइलों को अपने आवास पर ले जाने का आरोप लगाया। राजेंद्र पाल सिंह का कहना था कि इन फाइलों को किस इरादे से लंबित रखा गया यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि इस समय तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर चुका है। उन्होंने कई पटवारियों को भी आड़े हाथों लेते हुए उन पर भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए जमकर निशाना साधा। कांग्रेसी नेता ने उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह से मुलाकात की और उनके समक्ष सारी समस्याएं रखीं। जिस पर एसडीएम ने कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह को तत्काल कार्यवाही और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान कांग्रेसी नेता ने ग्राम मजरा शीला में सिंचाई विभाग द्वारा हटाए जा रहे चिन्हित अवैध अतिक्रमण की कार्यवाही पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाना चाहिए, लेकिन वह भी बिना भेदभाव के। उन्होंने कहा कि यदि अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी प्रकार का कोई भी भेदभाव किया गया तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। जिसका जिम्मेदार शासन प्रशासन होगा। मुलाकात करने वालों में कांग्रेसी नेता राजेंद्र पाल सिंह, शराफत मंसूरी, शैलेंद्र शर्मा, संजीव अरोरा, ग्राम प्रधान गगन सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# पुलिस की मौजूदगी में लगा ट्रांसफॉर्मर

■ ट्रांसफॉर्मर लगाने को लेकर स्थानीय लोगों ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** वार्ड 15 में ट्रांसफॉर्मर लगाने को लेकर स्थानीय लोगों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। कुछ देर तक हंगामा हुआ, जिसकी जानकारी बिजली कर्मियों ने एसडीओ को दी। सूचना पर एसडीओ और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर ट्रांसफॉर्मर लगवाया। इन दिनों लेफ्ट पाहा नहर पर कवरिंग का काम चल रहा है, जिसके चलते बिजली के खंभों और ट्रांसफॉर्मरों की शिफ्टिंग की जा रही है।

गुरुवार को ऊर्जा निगम की टीम कुरैशी मोहल्ला वार्ड 15 में डबल पोल ट्रांसफॉर्मर की शिफ्टिंग कर रही थी। इस दौरान एक दुकानदार ने दुकान के सामने ट्रांसफॉर्मर लगाने का विरोध किया। मामले की सूचना एसडीओ दिनेश चंद्र गुरुरानी को दी गई। वे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रांसफॉर्मर के स्थान में मामूली बदलाव कर खुदाई का कार्य शुरू कराया। इसी बीच कुछ अन्य स्थानीय लोग भी वहां पहुंच गए और नए स्थान को लेकर विरोध शुरू कर दिया, जिससे फिर हंगामा खड़ा हो गया। एसडीओ ने दोनों पक्षों को समझाया, जिसके बाद सभी निर्धारित स्थान पर ट्रांसफॉर्मर लगाने पर सहमत हो गए। इसके बाद ट्रांसफॉर्मर लगाने की प्रक्रिया शांतिपूर्वक पूरी की गई।

# विश्वविद्यालय के निकट खुली अंग्रेजी शराब की दुकान बंद कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** सूरजमल विश्वविद्यालय के निकट अंग्रेजी शराब की दुकान को बंद करायें जाने को लेकर राजकीय आदर्श महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में छात्र नेताओं ने एडीएम कौस्तुभ मिश्रा से भेंटकर ज्ञापन सौंपा है। बरेली रोड पर स्थित सूरजमल विश्वविद्यालय के निकट अंग्रेजी शराब की दुकान को बंद करायें जाने की मांग को लेकर राजकीय आदर्श महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष तारिफ के नेतृत्व में छात्रों का एक प्रति. निधिमंडल एडीएम कौस्तुभ मिश्रा से मिला। छात्र नेताओं ने एडीएम के समक्ष आपत्ति जताते हुए कहा कि सूरजमल महाविद्यालय पुल भट्टा के निकट अंग्रेजी शराब की दुकान खुली होने से विश्व विद्यालय के आसपास का वातावरण बेहद खराब हो रहा है तथा विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए आती-जाती छात्रो में से शराबी आए दिन छेड़छाड़ करते रहते हैं जिसके कारण कई बार विस्फोटक स्थिति पैदा हो चुकी है। छात्र नेताओं ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही अंग्रेजी शराब की दुकान विश्व विद्यालय के पास से नहीं हटाई गई तो छात्रों को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस मौके पर जय,गौरव, मोहम्मद अरबाब, कासिम हसन, गुलफाम, हैदर, सोहिल, आरिफ आदि थे।

# क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाएं, पुलिस के लिए बन रही है चुनौती

■ सुबह तड़के प्राइम ओवरसीज के कार्यालय से चोरों ने पार किया इलेक्ट्रॉनिक्स सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** थाना क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहीं चोरी की घटनाएं पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। बेखौफ चोरों के हौंसले बुलंद हैं। आए दिन गदरपुर शहर हो या देहात क्षेत्र चोर ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस की गश्त चोरों के लिए नकारा साबित हो रही है। गुरुवार की सुबह तड़के दिनेशपुर रोड पर स्थित प्राइम ओवरसीज के कार्यालय से चोरों ने काफी सारे इलेक्ट्रॉनिक्स सामान पर हाथ साफ कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है, लेकिन खुलासे तक नहीं पहुंच पाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकुर चावला पुत्र तिलक चावला निवासी बड़ाखेड़ा का दिनेशपुर रोड पर प्राइम ओवरसीज का कार्यालय है, जहां



गुरुवार की सुबह चोरों के द्वारा चार लैपटॉप, सीसीटीवी डीवीआर, वाई-फाई का सेटअप और साउंड बॉक्स सहित अलेक्सा को चोरी कर लिया। घटना की जानकारी उनके एक कर्मचारी द्वारा सुबह उन्हें दी। गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी हासिल की, वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर मौके पर फोटोग्राफी और कई नमूने लिए। घटना के बाद बरखेड़ा निवासी अंकुर चावला ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के साथ ही जल्द खुलासे की मांग की है।

बीते लगभग 10 दिन पूर्व सकैनिया चौकी के समीप अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर लिए थे। पीड़ित ने बताया कि पुलिस ने चोरों का सुराग लगाना तो दूर की बात है पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर तक दर्ज नहीं कर पाई है। दूसरी घटना में इतवार बाजार में सोनू चाय वाले की पत्नी सब्जी लेने गई थी जिनके हाथ में पर्स को छीनकर एक उचक्का भाग गया, जिस संबंध में सोनू चाय वाले ने पुलिस को एक लिखित तहरीर दी थी तहरीर में बताया था कि पर्स में नगदी और मोबाइल था, जिसमें पुलिस ने अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं किया है ना ही उसे चोरो का कोई सुराग पुलिस अभी तक लगा पाई है। गदरपुर थाना क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाएं जनता में खौफ पैदा कर रही है।

# बंद घर से लाखों के जेवरात और नकदी की पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** चोरों ने पीरूमदारा क्षेत्र में एक बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। घटना से पूरा परिवार सदमे में है।

टांडा मल्लू निवासी पीड़िता प्रेमा सुयाल ने बताया कि घर से सोने की नथ, मांग-टिका, कानों के झुमके, मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, चांदी के सिक्के, पायल, बिछुएं, धागुले और बच्चों के चांदी के जेवरात चोरी हो गए। कुल मूल्य लगभग 5 से 10 लाख रुपये का बताया जा रहा है। इसके अलावा घर में रखी 25 से 30 हजार रुपये नकद भी चोरों ने ले लिए। हैरानी की बात यह है कि चोरों ने फ्रीज में रखी मिठाई भी खा ली, जिससे लग रहा है कि चोर घर में काफी देर तक रहे। रमेश सुयाल ने बताया कि वे और उनका परिवार बुधवार शाम को पिरूमदारा क्षेत्र में आयोजित एक पारिवारिक शादी में गए थे। गुरुवार सुबह करीब 6:30 बजे घर लौटने पर उन्होंने मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा। अंदर जाकर उन्होंने देखा कि सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था और अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था। घटना की सूचना



पिरूमदारा चौकी इंचार्ज को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। चौकी इंचार्ज बिष्ट ने बताया कि चोरी की शिकायत दर्ज कर ली गई है और पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही चोरों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस फिलहाल सीसीटीवी फुटेज, संदिग्धों की गतिविधियों और आसपास के इलाके की जानकारी जुटाने में जुटी हुई है।

# खेत की मेढ़ को लेकर दो पक्ष भिड़े, एक महिला सहित तीन लोग घायल

■ दोनों पक्षों ने आरा. प-प्रत्यारोप लगा तहरीरें दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** खेत की मेड़ तोड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें दोनों पक्षों के एक महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 108 एंबुलेंस व राहगीरों की मदद से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जिसमें महिला की हालत काफी गंभीर बनी हुई है।

मारपीट में एक पक्ष से 45 वर्षीय राणौ कौर पत्नी सुखविंदर सिंह,48



वर्षीय सुखविंदर सिंह पुत्र जीत सिंह और दूसरा पक्ष से 38 वर्षीय बलविंदर सिंह उर्फ विंदर पुत्र पाला सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने पुलिस को आरोप-प्रत्यारोप लगा तहरीरें सौंपी है।

गुरुवार को ग्राम गोबरा निवासी गज्जन सिंह पुत्र जीत सिंह ने पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा में पुलिस को तहरीर में नामजद नौ लोगों व अन्य दो से तीन व्यक्तियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

उसने तहरीर में बताया कि गुरुवार की सुबह दस बजे उसकी भूमि में लगे खुटे को तहरीर में नामजद उक्त लोगों द्वारा खेत की मेड़ से खुटे को उखाड रहे थे। जब उसकी भाभी जो कि खेत पर गोबर फेकने गयी थी। तथा खुटे उखाड़ने को लेकर भाभी ने विरोध किया गया तो उपरोक्त विपाक्षीगणों के द्वारा राणो कौर के साथ धारदार हथियार से हमला किया गया। जिसमें उसके काफी गंभीर चोटे आई है।

वहीं बचाव कराने पहुंचे उसके भाई सुखविंदर सिंह के साथ भी मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष की ग्राम गोबरा निवासी ज्ञानों कौर पत्नी बलविंदर सिंह ने पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा में तहरीर में नामजद छह लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़िता ने तहरीर में बताया कि विपक्षीगणों द्वारा बीती देर रात्रि खेत की मेड़ को लेकर रंजिश के चलते घर पर आकर गंदी-गंदी गाली गलौज की गई थी और रंजिश के चलते इन लोगों ने गुरुवार की सुबह को घर में घुसकर मारपीट की। जिसमें बलविंदर सिंह के गुम चोटे लगी हैं।

वहीं इस दौरान दोनों पक्षों ने आरोप प्रत्यारोप लगा पुलिस को तहरीरें सौंपी है। और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पीसीसीएफ हाफ की नियुक्ति के लिए चुनौती याचिका खारिज

## हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता को केंद्रीय न्यायधिकारण में अपना पक्ष रखने को कहा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पीसीसीएफ हॉफ की नियुक्ति को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद खण्डपीठ ने याचिकर्ता की याचिका को खारिज करते हुए उनसे केंद्रीय न्यायधिकारण में अपना पक्ष रखने को कहा है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ती रवींद्र मैठाणी व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खंडपीठ में हुई। याचिका में सरकार के उस फैसले को चुनौती दी गई है जिसमें सीनियरिटी को दरकिनार करते हुए प्रमुख वन संरक्षक (हाफ) यानी विभाग के मुखिया की कुर्सी पर रंजन कुमार मिश्रा की नियुक्ति कर दी गयी है। याचिका कर्ता का कहना है कि शासन स्तर पर हुई डीपीसी के बाद रंजन कुमार को ये जिमेदारी दी गई है जबकि उनसे सीनियर विभाग में 1992 बैच के आईएफएस अधिकारी बीपी गुप्ता कार्यरत हैं। सरकार ने अब उनसे एक बैच जूनियर 1993 बैच के अफसर को हाफ बनाया है। जिन्होंने 1 दिसंबर को इस पद की जिम्मेदारी भी ली है। इसी को देखते हुए पीड़ित बीपी गुप्ता ने सरकार के आदेश के चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि सीनियरिटी को दरकिनार करने बाद उन्हें इस पद पर नियुक्ति दी गयी है जो कि केंद्रीय सेवा नियमावली के विरुद्ध है जबकि वे उनसे वरिष्ठ हैं। बता दें उत्तराखंड प्रदेश में यह पहला मौका है जब सरकार ने किसी अधिकारी को सीनियरिटी के हिसाब से वन विभाग के मुखिया की कुर्सी नहीं दी है हालांकि इससे पहले राजीव भरतरी को भी प्रमुख वन संरक्षक हाफ पद से हटाकर उनसे जूनियर विनोद कुमार को ही जिम्मेदारी दी गई थी, सरकार ने यह फैसला भरतरी को कुछ समय तक हाफ बनाने के बाद ही लिया था। इस तरह प्रदेश में यह पहला मामला है जब वन विभाग में सबसे बड़ी कुर्सी पर सरकार ने सीनियरिटी का ध्यान नहीं रखा है।



### प्रत्यावेदन डीएम देहरादून को देने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने तहसीलदार सदर देहरादून के अधीन कार्यरत दैनिक वेतन भोगी वाहन चालक की नियमितीकरण से संबंधित याचिका की सुनवाई के बाद याची से जिलाधिकारी देहरादून को प्रत्यावेदन देने को कहा है। साथ जिलाधिकारी से इस पर नियमानुसार निर्णय लेने को कहा है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने दैनिक तहसील देहरादून के दैनिक वेतन भोगी ड्राइवर जसपाल सिंह की सेवाओं के नियमितीकरण और समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग वाली एक रिट याचिका का निस्तारण करते हुए याचिकाकर्ता को अपनी मांग पर जिला मजिस्ट्रेट देहरादून को अभ्यावेदन देने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता 2017 से तहसीलदार, सदर देहरादून के कार्यालय में दैनिक वेतन भोगी ड्राइवर के रूप में कार्यरत है।

### आजीवन कारावास की सजा पाए दो आरोपी बरी

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सत्र न्यायालय रुद्रपुर द्वारा आजीवन कारावास की सजा पाए दो दोषियों नविशेर और बशीरुद्दीन को हत्या के आरोप से बरी कर दिया है। अपील की सुनवाई न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में हुई। सेशन जज रुद्रपुर ने 27 अक्टूबर 2018 को आरोपियों को आजीवन कारावास और 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई थी। घटना 6 जनवरी 2015 की है जब मृतक इकराम अपने साले साबिर खान के घर पर थे। रात करीब 9 बजे इकराम को नविशर का फोन आया और वह अर्जेंट काम बताकर उनके घर चले गए। अगले दिन सुबह 5 से 5.30 बजे के बीच साबिर खान और शखावत ने नविशर और वशीरउद्दीन सहित अन्य को इकराम को लाठियों से पीटते हुए देखा। इकराम को अस्पताल ले जाया गया जहाँ 8 जनवरी 2015 को उनकी मृत्यु हो गई। हाई कोर्ट ने अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयानों में विरोधाभास पाए। साबिर खान, मेहनाज (मृतक की पत्नी) और कुमारी मुस्कान (मृतक की बेटी) ने इकराम के घर से निकलने के कारण अलग-अलग बताए। जिसके बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों को बरी कर दिया।

### रोडवेज के एमडी को दें प्रत्यावेदन

नैनीताल। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य परिवहन निगम के एक सेवानिवृत कर्मचारी विजयपाल सिंह द्वारा छठे वेतनमान का लाभ देने की मांग को लेकर याचिका पर सुनवाई के बाद याची से इस संबंध ने निगम के प्रबंध निदेशक को प्रत्यावेदन देने को कहा है साथ ही प्रबंध निदेशक से इस पर नियमानुसार निर्णय लेने को कहा है। याची मई 2017 में जूनियर कलर्क के पद से सेवानिवृत हुआ था। लेकिन उसे 1 जनवरी 2006 से प्रभावी 6वें वेतन आयोग के पूर्ण लाभ का भुगतान नहीं दिया गया है जबकि यह लाभ समान स्थिति वाले अन्य कर्मचारियों को दिया गया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई।

## भारतीय भाषाएं सशक्त नागरिक निर्माण की आधारशिला: प्रो. लोहनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय के हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग द्वारा भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन गुरूवार को विश्वविद्यालय के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी भारतीय भाषाओं का विशेष महत्व बताया गया है। उन्होंने कहा कि यह नीति भारतीय भाषाओं के महत्व को स्थापित करती है, और भारतीय बहुलता की दृष्टि से भारतीय भाषा उत्सव का योगदान अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्रीय भाषाओं की उन्नति से राष्ट्रीय दृष्टिकोण को भी मजबूती मिलती है। मानविकी विद्या शाखा के निद. ेशक प्रो. गिरिजा प्रसाद पांडेय ने कहा कि भारत सांस्कृतिक विविधताओं का देश है, और भारतीयता का संदर्भ हर नागरिक से जुड़ा हुआ है। उन्होंने उदाहरण स्वरूप तमिल कवि, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और गुमानी मौला राम की रचनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीयता की पहचान विविधताओं में निहित है। निदेशक अकादमिक प्रो. पीडी पंत ने भारतीय भाषाओं की विशेषताओं पर प्रकाश डाला और मौखिक परंपराओं, भाषा और लिपि के महत्व पर विस्तृत रूप से चर्चा की। इस मौके पर डा. शशांक शुक्ल, डा. कुमार मंगलम, डा. राजेंद्र कैड़ा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर...

### बिजली विभाग के जेई भूपेंद्र कुमार का निधन

**नैनीताल।** विद्युत विभाग में अवर अभियंता के पद पर तैनात भूपेंद्र कुमार का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे वर्तमान में विद्युत विभाग भवाली में मीटर सैक्शन में अवर अभियंता पद पर तैनात और इंचार्ज थे। वर्ष 2008 से 2021 तक नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में जेई के पद पर तैनात थे और उसके बाद उनका स्थानांतरण भवाली हो गया था। अवर अभियंताओं की ट्रेनिंग देहरादून में चल रही थी और वह ट्रेनिंग में गए थे रात को आराम से सोए और सुबह मृत अवस्था में मिले। आज उनका पोस्टमार्टम करने के पश्चात उनके पैतृक निवास रुड़की उनके शव को ले जाया गया। शुक्रवार आज को वहीं पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा उनके निधन पर विद्युत विभाग परिवार में शोक की लहर है।

### भाषण में याशिका को पहला स्थान

**नैनीताल।** राजीव गांधी अभिनव विद्यालय बेतालघाट की छात्रा याशिका जोशी के डीडीहाट पिथौरागढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में सामाजिक विज्ञान महोत्सव में प्रथम स्थान हासिल किया है। दूसरी ओर याशिका की इस कामयाबी पर स्कूल प्रबंधन ने खुशी जाहिर की है।

### कांग्रेस की बैठक में महारैली पर चर्चा

**नैनीताल।** नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल की 14 दिसंबर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर-गद्दी छोड़ महारैली की तैयारियों हेतु महत्वपूर्ण बैठक वीरवार को पार्टी कार्यालय तल्लीताल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर देश की लोकतांत्रिक परंपराओं पर हमला करने वाली सत्ता के खिलाफ आयोजित इस महारैली में देश के सभी कांग्रेसजन व आम नागरिक जनता के अधिकार तथा संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की अस्मिता के बचाव के लिए रामलीला मैदान दिल्ली में एकत्रित हो रहे हैं। इसी क्रम में नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने कहा कि नैनीताल नगर से भी बड़ी संख्या में कांग्रेसजन इस महारैली में शिरकत करेंगे। बैठक में दिनेश कर्नाटक, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष नासिर खान समेत कैलाश अधिकारी, बंटू आर्य, विनोद परिहार, त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, सुरेश चंद्रा, छात्रसंघ महासचिव आयुष कुमार, विमल चौधरी, कमल जोशी, कनक साह, जयंत उप्रेती, गौरव साह, अभिषेक आर्या, राजेंद्र व्यास, रोहित जोशी, कमलेश तिवारी, प्रियांशु बिष्ट, मो. जुनैद तथा गौरव कुमार उपस्थित रहे।

### कूटा ने कुलपति को गिनाई समस्याएं

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) के नव निर्वाचित पदाधिका. रियों के शिष्टमंडल ने वीरवार को कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत से मुलाकात की। शिष्टमंडल ने कुलपति प्रो. रावत को पुष्प गुच्छ भेंट किया तथा प्राध्यापकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके त्वरित समाधान की मांग की। कूटा के शिष्टमंडल ने कुलपति प्रो.रावत से शेष बचे सीएएस के प्रमोशन को शीघ्र कराने का आग्रह किया। इसके अलावा कूटा ने विंटर ब्रेक सहित 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों को शासनादेश के मुताबिक नियमित करने का आग्रह किया। इसके साथ ही डीएसबी परिसर में पानी की समुचित व्यवस्था करने हेतु निर्देश देने तथा बिजली की समुचित व्यवस्था हेतु जनरेटर, पार्किंग सहित विभिन्न विभागों की छत को ठीक करने का आग्रह किया। कूटा ने कुलपति से अन्य मुद्दों पर भी बात चीत की। कूटा के शिष्टमंडल ने बाद में कुलसचिव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल से भी शिष्टाचार मिलकर की तथा उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया। कूटा के शिष्टमंडल में अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, उपाध्यक्ष प्रो. नीलू लोधियाल, महासचिव प्रो. युगल जोशी, उपसचिव डा. कुबेर गिनती समेत कार्यकारिणी सदस्य डा. अशोक कुमार के अलावा डा. दीपक मेलकानी, डा. स्पर्श भट्ट तथा डा. मोहित रौतेला शामिल रहे।

### दो पक्षों के झगड़े में महिला गंभीर घायल

**नैनीताल।** नैनीताल के समीप नलनी मंगोली गांव में आपसी विवाद के चलते दो पड़ोसी पक्षों में झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि कुछ लोगों ने 40 वर्षीय महिला मुन्नी देवी के साथ मारपीट कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को तत्काल राजकीय बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे। इस दौरान इमरजेंसी में तैनात डा. गरिमा कांडपाल ने बताया कि महिला के सिर में चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें न्यूरोलॉजिस्ट की सलाह पर रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर मल्लीताल कोतवाली में पीआईएल दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सीएम धामी आज नैनीताल दौरे पर

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार आज नैनीताल जिले के दौरे पर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीएम धामी शुक्रवार आज पूर्वाह्न 11.20 बजे देहरादून से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर अपराह्न 12.10 बजे राइंका सुंदरखाल स्कूल मैदान हेलीपैड में पहुंचेंगे। सुंदरखाल स्कूल से प्रस्थान कार द्वारा कर अपराह्न 12.30 बजे हिमगिरी स्टेडियम लेटीबूंगा मुक्तेश्वर पहुंचेंगे और पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट के बाद विधानसभा क्षेत्र भीमताल के विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात हिमगिरी स्टेडियम में आयोजित जनसभा में प्रतिभाग करेंगे। उसके बाद शाम 2.45 बजे हिमगिरी स्टेडियम लेटीबूंगा मुक्तेश्वर से प्रस्थान कर सुंदरखाल स्कूल मैदान हेलीपैड पहुंचेंगे और 2.45 बजे सुंदरखाल स्कूल मैदान हेलीपैड से प्रस्थान हेलीकॉप्टर द्वारा कर शाम को 2.55 बजे सैनिक स्कूल घोड़ाखाल हेलीपैड नैनीताल पहुंचेंगे और यहां सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

## जगवीर सिंह को इलाज के लिए 6 माह की पैरोल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हत्या के जुर्म में जेल में बन्द 65 वर्षीय जगवीर सिंह को इलाज के लिये 6 माह के लिये पैरोल पर छोड़ने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में पिछले दिनों हुई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के मुताबिक जगवीर को हृदय रोग से संबंधित समस्या है। जो अभी पैरोल पर है लेकिन उसे पेसमेकर की सलाह दी गई है। उसको पहले से ही एमस ऋषिकेश और सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में हृदय संबंधी इलाज मिल रहा है। कोर्ट ने आरोपी की 6 माह की पैरोल मंजूर करते हुए कहा कि परिवार के एक सदस्य को अस्पताल में कैदी के साथ रहने की अनुमति दी जाए और उसे जेल प्राधिकरण की अनुमति से घर का पका भोजन और अन्य आरामदायक वस्तुएं प्रदान करने की अनुमति दी गई है।

## ग्रीन क्लब शांतिपुरी की बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** ग्रीन क्लब शांतिपुरी ने सार्वजनिक खेल मैदान शांतिपुरी में गुरुवार को तृतीय रन शांतिपुरी कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक आयोजित की। कार्यक्रम के संयोजक ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता शेखर त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को टोलीवार जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने कहा कि आगामी 14 दिसम्बर 2025 दिन रविवार को यह कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें अलग-अलग आयु वर्ग के महिला पुरूषों की क्रमशः पांच किलोमीटर व 10 किलोमीटर दौड़ के साथ ही पुश-अप, प्लेंग, स्किपिंग, चिंन-अप, आर्म रेसलिंग तथा टग आफ वार जैसी आर्कषक प्रतियोगिताएं होंगी। कार्यक्रम को भव्य एवं निश्पक्ष तरीके से संपन्न काराने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में रक्तदान शिविर, प्रतिभागियों के मनोरंजन के लिए जुम्बा डांस व आकर्षक ईनामों की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, नारायण सिंह बिष्ट, मुन्ना त्रिपाठी, सुभाष जोशी, प्रकाश बोरा, करन दफौटी, प्रताप सिंह कोरंगा, बिशन सिंह कोरंगा, जगदीश काण्डपाल मौजूद रहे।

## पर्यावरणीय संवेदनशीलता से अवगत कराया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल में वीरवार को सात दिवसीय सतत् विकास कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला के पहले तीन दिन विद्यालय परिसर में तथा अगले तीन दिन श्री अरविन्द आश्रम, वन निवास नैनीताल में आयोजित किए जाएंगे।

बता दें यह आयोजन श्री अरविन्द आश्रम दिल्ली शाखा ट्रस्ट सोसाइटी एवं श्री अरविन्द आश्रम वन निवास द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। यह वर्कशॉप स्ट्रार ग्रेन एंड सिपिंग प्राईवेट लिमिटेड मुंबई द्वारा स्पॉन्सर की गई है। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण, सतत् विकास और ईको इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रति जागरूकता विकसित करना है। गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से छात्रों को प्रकृति संरक्षण तथा संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग और पर्यावरणीय संवेदनशीलता के व्यवहारिक पहलुओं से परिचित कराया जा रहा है। कार्यशाला का संचालन सुश्री मेघालयना ने किया। सुश्री मेघालयना ने छात्रों को पर्यावरणीय मुद्दों को समझाने के लिए रोचक गतिविधियाँ, चर्चाएं और प्रायोगिक सत्र आयोजित किए। सुश्री निष्ठा मेहरा ने विभिन्न गति. विधियों का आयोजन कर बच्चों को सक्रिय रूप से शामिल किया और मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में सभाध्यक्ष मनोज साह जगाती की विशेष उपस्थिति और मार्गदर्शन उल्लेखनीय रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता की दूरदर्शी सोच और सहयोग से यह आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो रहा है। उनके समन्वित प्रयासों ने छात्रों को पर्यावरणीय शिक्षा का एक समृद्ध और अनुभवात्मक अवसर प्रदान किया। पूरे कार्यक्रम में श्रीमती दिव्या भी सक्रिय रूप से समिलित रहीं और उनका सहयोग कार्यशाला को सफल बनाने में अहम रहा।




सैनिक स्कूल में सतत् विकास कार्यशाला

## अधिवक्ताओं ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला न्यायालय परिसर में राज्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायिक अधिका. रियों और अधिवक्ताओं ने भाग लेते हुए 30 यूनिट से अधिक रक्तदान किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने आयोजित रक्तदान शिविर को न्याय व मानवता का सच्चा उत्सव बताया। जिला जज हरीश गोयल सहित अनेक न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने रक्तदान कर समाज सेवा की मजबूत भावना का संदेश दिया। इस अवसर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति मनोज तिवारी ने रक्तदान को लेकर सभी को प्रेरित किया। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित, न्यायमूर्ति आलोक मेहरा, सालसा सचिव प्रदीपमणि त्रिपाठी, डीएलएसए सचिव पारुल थपलियाल, द्वितीय अपर जिला जज कुलदीप शर्मा, सिविल जज हर्ष यादव, सीजेएम रवि प्रकाश, एसीजेएम रवि रंजन समेत बार एसोसिएशन अध्यक्ष भगवत प्रसाद, सचिव दीपक रूवाली सहित अन्य अधिवक्ता एवं न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।



## हाई कोर्ट में राज्य सरकार ने कहा 'जांच चल रही है'

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 14 अगस्त 2025 को नैनीताल जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव में हुए बवाल व 5 जिला पंचायत सदस्यों के अपहरण व चुनाव में डाले गए एक मतपत्र में ओवर राइटिंग की शिकायत व जिला पंचायत चुनाव में रि-पोलिंग तथा निष्पक्ष चनाव कराने को लेकर स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु 17 दिसंबर बुधवार की तिथि नियत की है। वीरवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि मामले में जांच चल रही है और रिपोर्ट पेश करनी है इसलिए उन्हें एक सप्ताह का समय दिया जाए, यही नहीं महाधिवक्ता के द्वारा यह भी कहा गया कि यह अपराध से जुड़ा मामला है इसलिए इसमें जनहित याचिका नहीं हो सकती, इसमे सर्वोच्च न्यायालय के कई निर्णय हैं, जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को एक सप्ताह का समय देते हुए अगली सुनवाई हेतु 17 दिसंबर बुधवार की तिथि नियत की है।

### जिपं प्रकरण में अब सुनवाई 17 को

वीरवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुस्सर 14 अगस्त 2025 को कोर्ट ने नैनीताल के जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के दौरान उनके सदस्यों का अपहरण करने के मामले में कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था जिसमें कई जीते हुए सदस्यों ने न्यायालय की शरण भी ली थी। बीडीसी सदस्य पूनम बिष्ट ने उच्च न्यायालय में एक अन्य याचिका दायर कर कहा है कि नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में एक मतपत्र में ओवर राइटिंग कर क्रमांक 1 को 2 कर अमान्य घोषित कर दिया गया। याचिका में कोर्ट से जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए पुनः मतदान कराए जाने की प्रार्थना की है।

### वन महकमे के आउटसोर्स कर्मियों को मिली राहत

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने वन विभाग में कार्यरत करीब दो हजार आउट सोर्स कर्मचारियों का वेतन जिस हैड से आता है उस हैड में बदलाव की वजह से उनकी सेवाओं को समाप्त करने के आदेश को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ती मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने उस आदेश पर रोक लगाते हुए उनसे नियमित सेवा लेना को कहा अगर पद और कार्य उपलब्ध हो। मामले के अनुसार वन विभाग में कार्यरत दिनेश चौहान व करीब 300 आउटसोर्स से लगे कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि विभाग ने उनकी सेवाओं को यह कहते हुए समाप्त कर दिया है कि उनका वेतन एक अलग मद से आता है। उस मद में बदलाव आने की वजह से उनकी सेवाएं समाप्त की गयी हैं, यही नहीं विभाग उनसे नियमित सेवाएं नहीं ले रहा है। वीरवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि उनका कोई फाइनेंशियल मद नहीं है इसलिए सरकार ने निर्णय लिया है कि इनसे सेवाएं नहीं ली जा सकती हैं। फरवरी 2023 में कोर्ट ने उनकी सेवाएं समाप्त करने के आदेश पर अंतरिम आदेश पारित किया था जिसपर कोर्ट ने वीरवार को कर्मचारियों के हक में फैसला देते हुए यह निर्णय दिया। इस आदेश का लाभ वन विभाग में आउटसोर्स से कार्यरत 2 हजार कर्मचारियों लाभ मिलेगा।

## मानदेय कम करने पर भड़की आशाएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल के नेतृत्व में नैनीताल में आशा वर्कर्स की बैठक हुई। बैठक में आशा वर्कर्स ने पल्स पोलियो अभियान में आशा वर्कर्स को हर रोज दिए जाने वाले भत्ते को पूर्व की भांति करने समेत अन्य समस्याओं पर गहन विचार विमर्श किया गया।

बैठक के बाद आशा वर्कर्स ने राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के पीएमएस के माध्यम से जिले के सीएमओ को संबोधित ज्ञापन भी सौपा। बैठक में आशा वर्कर्स ने कहा कि आशाओं को एक ओर तो न्यूनतम वेतन, कर्मचारी का दर्जा कुछ भी नहीं मिलता दूसरी ओर 12 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक चले एक हफ्ते के पल्स पोलियो अभियान के दौरान पल्स पोलियो अभियान में एक हफ्ते का कुल मिलने वाला 700 रुपये घटाकर 550 रुपये कर दिया गया है जो कि बिल्कुल अनुचित और अन्यायपूर्ण है। होना तो यह चाहिए था कि आशाओं को न्यूनतम वेतन और कर्मचारी का दर्जा दिया जाता लेकिन बेहद अफसोस की बात है कि आशाओं को जो किसी अभियान में थोड़ा बहुत मिलता भी है उसमें भी कटौती की जा रही है। विधायकों के वेतन भत्ते तो लगातार बढ़ते जा रहे हैं लेकिन आशा वर्कर्स जो दिन रात मातृ शिशु सुरक्षा से लेकर स्वास्थ्य विभाग के हर अभियान को चला रही हैं उनको पल्स पोलियो अभियान में दैनिक 1000 रुपये देना सरकार को भारी पड़ रहा है और उसमें कटौती की जा रही है। यह बेहद शर्मनाक है। कहा कि हम मांग करते हैं कि पल्स पोलियो के एक हफ्ते के अभियान में मिलने वाला 700 रुपये घटाकर 550 कर दिया गया। इस फैसले को वापस लेकर पुनः 700 रुपये किया जाए। बैठक में कमला कुंजवाल समेत दुर्गा टम्टा, चंद्रा सती, माधवी दरमवाल, प्रभा बिष्ट, कमला बिष्ट, देवकी रौतेला, हेमा जोशी, प्रेमा अधिकारी व सरिता कुरिया आदि मौजूद रही।



बैठक कर सरकार पर जताई नाराज़गी

## अज्ञात वाहन ने महिला को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के कोटाबाग क्षेत्र के गटघड़ में वीरवार को एक अज्ञात वाहन ने महिला को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोनिका बुधलाकोटी (32) गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजन नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल लाएं। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डा. गरिमा कांडपाल ने बताया कि मोनिका के दोनों पैरों की हड्डियों में गंभीर फ्रैक्चर आया है। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया है। मल्लीताल कोतवाली पुलिस ने मामले में पीआईएल दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## बर्ड एवं जैव विविधता सर्वे शुरु

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक प्राणी उद्यान आकाश गंगवार के निर्देशन में नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल एवं ओरियनटल ट्रेल के सहयोग से वीरवार से 4 दिवसीय बर्ड एवं जैव विविधता सर्वे का आयोजन तृतीय बार नैना देवी हिमालयन बर्ड कन्जरवेशन रिजर्व नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल में किया जा रहा है। इस अवसर पर 9 राज्यों के 34 बर्ड वाचरों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है जिसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, हिमांचल प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से आये बर्ड वाचर शामिल हैं। इस मौके पर अमित सांकल्य (संस्थापक ओरियनटल ट्रेल) के द्वारा बर्ड एवं जैव विविधता सर्वे से संबन्धित जानकारियां दी गयीं। विभिन्न राज्यों से आये 34 बर्ड वाचरों को 8 समूहों में बांटा गया है जो नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल के अन्तर्गत हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नैना देवी हिमालयन बर्ड कन्जरवेशन रिजर्व, नैनीताल भवाली एवं महेशखान में बर्ड एवं जैव विविधता सर्वे करेंगे। बता दें हिमालयन बोटैनिकल गार्डन नारायणनगर में 4 बर्ड वाचर, किल. बरी में 6, विनायक में भी 6, कुंजाखरक में 5, भवाली 0 में 4, महेशखान में 5 मुक्तेश्वर में 2 तथा चांफी में भी 2 बर्ड वाचर प्रशिक्षण लेगें। इस अवसर पर आनन्द लाल वन क्षेत्राधिकारी नैनीताल प्राणी उद्यान/नगरपालिका वन क्षेत्र, नितिन पन्त वन क्षेत्राधिकारी बढोन वन क्षेत्र, मनोज भगत वन क्षेत्राधिकारी कोसी वन क्षेत्र, अभय जोशी वन क्षेत्राधिक. ारी (परिवीक्षा), अरविन्द कुमार वन आरक्षी, नितिन मुकेश वन आरक्षी, आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट एवं विभिन्न वन क्षेत्रों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. रजनी रावत बोटनिस्ट द्वारा किया गया।



# एआरटीओ का फिटनेस सेंटर पर छापा

## लंढौरा के सेंटर पर निरीक्षण में अनियमितताएं मिलने पर रोक्सी एल्विन ने लगाई फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन महोदय देहरादून के निर्देशानुसार प्राइवेट कंपनी द्वारा संचालित वाहनो के फिटनेस हेतु स्वचालित परीक्षण केंद्र लंढोरा का लगातार शिकायतें मिलने व केंद्र पर अनियमितता होने की सूचना पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रुड़की तथा संभागीय निरीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया जिसकी सूचना मिलने पर स्वचालित परीक्षण केंद्र के कर्मचारियों द्वारा सभी वाहन मौके से भगा दिए गए तथा सर्वर डाउन होने का बहाना बताया गया मौके पर ही परिवहन की टीम द्वारा करीब तीन चार घंटे इंतजार किया गया किंतु कोई भी वाहन नहीं आया यह देखकर परिवहन टीम द्वारा वहाँ से जाने का नाटक किया गया और 15-20 मिनट अन्यत्र कहीं इंतजार करने के उपरांत पुन: जब स्वचालित परीक्षण केंद्र का निरीक्षण किया गया तो मोके पर फिटनेस हेतु 20-25 वाहन खड़े पाए गए परिवहन की टीम को वापस मोके पर देख स्वचालित परीक्षण केंद्र के कर्मचारी अर्चंभित हो गए तथा उनके हाथ पैर फूल गए और मौके से सभी वाहन चालकों को भगा दिया । जांच करने पर कई अनिमियतता सामने आई जिसमे कई बार कहने पर भी उनके द्वारा रेट लिस्ट चस्पा नहीं की जा रही



है और वाहन स्वामियों से मुँह माँगी रकम वसूली जा रही है। मोके पर मौजूद सभी वाहनो के नम्बर नोट कर लिए गए है यदि एटीएस द्वारा इन वाहनो की फिटनेस की जाती है तो उनको अनफिट किया जाएगा तथा चलानी कार्यवाही भी की जाएगी और एटीएस संचालक को

**❖प्रशिक्षण केंद्र के कर्मचारियों ने मौके से सभी वाहन भगाए: एल्विन**

चेतावनी दी गई। पुन: यदि शिकायत मिलती है। अनुशासनात्मक तथा कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी तथा भविष्य में भी औचक निरीक्षण जारी रहेगे।

दिव्यांग बच्चों की सुरक्षा हेतु की गई त्वरित कार्रवाई-निरीक्षण के दौरान लंढोरा चौक पर एक ओमनी वैन में 8 दिव्यांग बच्चों को अत्यंत असुरक्षित ढंग से ले जाया जा रहा था तथा वाहन की भौतिक स्थिति अत्यंत खघ्राब थी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए परिवहन टीम द्वारा वाहन को तत्काल रुकवाया गया, बच्चों को सुरक्षित रूप से दूसरी गाड़ी में भेजा गया तथा संबंधित वाहन का चालान कर उसे सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, रूड़की में बंद (सीज) किया गया। उक्त कार्यवाही में संभागीय परिवहन अधिकारी सुश्री एल्विन रॉक्सी संभागीय निरीक्षक अजय कुमार आर्य वरिष्ठ सहायक अक्षय कुमार तथा परिवहन आरक्षी कृष्ण कुंवर अँतीवाल मौजूद रहे।

# फरार चल रहा बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंग नहर पुलिस द्वारा फरार चल रहे बलात्कार के वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। वादीया (पीड़िता) कोतवाली गंग नहर क्षेत्रा अंतर्गत निवासरत द्वारा थाना हाजा उपस्थित आकर एक किता प्रार्थना पत्र अभियुक्त साकिब द्वारा वादिया को बहला फुसलाकर ले जाना व शादी का झांसा देते हुए कई बार वादिया के साथ शारीरिक संबंध बनाना एवं साकिब व उसके भाई सारिक, फाजिल द्वारा आपराधिक षड्यंत्र के तहत वादिया को साकिब से शादी का झूठा आश्वासन देकर बिना शादी किए साकिब का अफ्रीका भाग जाना तथा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में लाकर दाखिल किया गया। दाखिला प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। परिणाम स्वरूप महिला उप निरीक्षक करुणा रोकली, कांस्टेबल प्रभाकर कांस्टेबल नितिन के रवाना शुदा देखरेख शांति व्यवस्था ड्यूटी ,रोकथाम जुर्म जरायम, चेकिंग व्यक्ति /वाहन तलाश माल मुलजिमान मुकदमा अपराध संख्या 345/24 धारा 366/376(2)(ढ)/120ठ/506 आईपीसी बनाम साकिब आदि में रवाना होकर मुखबिर खास की सूचना के आधार पर आईजीआई एयरपोर्ट नई दिल्ली से अभियुक्त साकिब को उसके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी किए गए थे। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में कारागार भेजा गया।

# ग्रामीण क्षेत्र में नीलगाय पहुंचा रही गेहूं की फसल को नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को नील गायों द्वारा भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। किसानों द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र प्रेशित करते हुए खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा रही नीलगायों से किसी भी तरह निजात दिलाने की मांग की है। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र के किसान राजवीर सिंह प्रदीप कुमार घनश्याम शर्मा सुशील कुमार यशवीर सिंह कालूराम रोहित कुमार भोला सिंह बिट्टू चौधरी आदि का कहना है कि कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के खेतों में नीलगायों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। नीलगाय झुंड में रहना पसंद करती है। इनके झुंड में 5 से लेकर 10 तक नीलगाय होती हैं। नीलगाय किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को खाकर भारी नुकसान पहुंचा रही है। नीलगायो का झुंड जिस भी गेहूं के खेत में घुस जाता है उसमें खड़ी गेहूं की फसल को पहले पेट भरकर खाता है बाद में इस खेत में मस्ती करते हुए कबड्डी खेलते हैं। जिससे पूरे खेत में खड़ी गेहूं की फसल तबाह हो जाती है। किसानों का कहना है कि नीलगाय रात्रि के समय खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाती है। नील गायो द्वारा नुकसान पहुंचाने के कारण ही किसानों द्वारा अपने खेतों में उड़द मसूर तुअर आदि कई दलहन फसलो की बुवाई करनी बंद कर दी गई है। किसानों द्वारा रात्रि 10:00 तक अपने खेतों में पहरा देते हैं। इसके बावजूद भी जब किसान खेतों से अपने घर आ जाते हैं बाद मे उसी समय नीलगाय खेतों में आकर फसलों को नुकसान पहुंचा रही है। किसानों द्वारा अपनी गेहूं की फसल को नीलगायो से बचाने के लिए कई उपाय भी करते हैं। किसान गेहूं की फसल के खेत में लकड़ी के ऊपर कमीज तथा अन्य कपड़े आदि टाँग कर उस पर बदबू करने के लिए फिनायल तेल आदि भी डालते हैं। किसानों का कहना है कि उक्त उपाय करने से पूर्व में नीलगाय रुक जाती थी लेकिन वर्तमान में ऐसा करने से भी नीलगायों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। किसानों द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र प्रेशित करते हुए नील गायों से किसी भी कीमत पर छुटकारा दिलाने की मांग की है।

# किसान समस्याओं को लेकर भाकियू की महापंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भाकियू रोड की महापंचायत में चकबंदी,बिजली बकाया भुगतान, हाथियों के उत्पात से निदान आदि समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में मौके पर पहुंचे एसडीएम एवं चकबंदी अधिकारियों ने किसानों से वार्ता की। उनकी मांगों को सुनने के बाद केसकारात्मक कारवाई का आश्वासन दिया।

भगवानपुर तहसील क्षेत्र के इब्राहिमपुर मसाई गांव में आयोजित भारतीय किसान यूनियन रोड की मासिक पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम सिंह रोड ने कहा कि आज किस तमाम समस्याओं से जूझ रहा है लेकिन शासन प्रशासन उनकी और किसी प्रकार का ध्यान देने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि इब्राहिम मसाई गांव में लंबे समय से किसान चकबंदी की मांग कर रहे हैं लेकिन हमेशा चकबंदी के नाम पर केवल खानापूर्ति होते आई है उन्होंने कहा कि गांव में तुरंत चकबंदी शुरू की जाए। इसके साथ ही गन्ना का बकाया भुगतान तुरंत किसानों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि अगर समस्याओं का समाधान न हुआ तो आने वाले समय जिलाधिकारी कार्यालय पर किसान अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। पंचायत संयोजक ग्राम प्रधान आचार्य घनश्याम ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मोबाइल नेटवर्क की समस्या से समाधान के टावर स्थापित किया जाए ,जंगली हाथियों से सुरक्षा के लिए जंगल और गांव की सीमा पर दीवार बनाई जाए



और जिन किसानों का नुकसान हाथियों ने किया है पांच हजार रुपए प्रति महीना किसानों को मुआवजा उन्हें दिया जाए,क्षेत्र में टूटी सड़कों का निर्माण किया जाए,बाग के बीमे करवाएं जाएं और बकाया गन्ना भुगतान दिलवाया जाए। एसडीएम देवेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि शुक्रवार से गांव में चकबंदी की टीम काम करेगी और तहसील स्तर की समस्याओं का समाधान जल्द होगा। जिला एवं शासन स्तर की समस्याओं को वहां पहुंचाकर उनकी समस्या समाधान के लिए कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर एसओसी चकबंदी अनिल कुमार सुनील,प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुशवाह,प्रदीप त्यागी,नाजिम अली,बृजमोहन त्यागी, प्रवीण कुशवाह,उमेश राणा,गोपाल सिंह राणा, अनीश प्रधान,कारी शहजाद,हाजी इरशाद,रियासत प्रधान,इकबाल अली,अनुज त्यागी,इंदर सिंह रोड,मास्टर तेलूराम सैनी,अर्जुन सैनी आदि मौजूद रहे।

# बहुजन क्रांति मोर्चा ने दिया भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए बहुजन क्रांति मोर्चा के प्रदेश संयोजक भंवर सिंह ने कहा कि जिला हरिद्वार के विभिन्न विभागों में सरकारी योजनाओं के अंतर्गत सरकार के नियमों के विरुद्ध किए जा रहे निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताएं कर भारी भ्रष्टाचार एवं ग्राम मोहम्मदपुर कुन्हारी में ग्राम समाज की भूमि पर जबरन अवैध निर्माण कर ग्राम समाज की भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। जिलाधिकारी के आदेश पर तहसील प्रशासन ने जांच कर ग्राम समाज की भूमि की पुष्टि करते हुए रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत




कर दी है उसके बावजूद भी अवैध निर्माण बेखौफ जारी है। संगठन के द्वारा भ्रष्टाचार से संबंधित पत्र जिला अधिकारी हरिद्वार को पहले ही दिए जा चुके हैं इसके बावजूद भी भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी बेखोफ धड़ल्ले से भ्रष्टाचार कर रहे हैं और जिलाधिकारी हरिद्वार के आदेश के बावजूद भी निर्माण कार्यों से संबंधित सूचना उपलब्ध कराने से भी इनकार कर रहे हैं।बहुजन क्रांति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महिपाल सिंह ने कहा कि बामसेफ के ऑफसूट संगठनों के कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त करने वाली सरकार को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर आगाह किया है कि अगर सरकार एवं संविधान के खिलाफ कार्य करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ शीघ्र कानूनी कार्यवाही नहीं की गई तो संगठन पहले चरण में जिले हरिद्वार की सभी तहसीलों में धरना प्रदर्शन कर भ्रष्टाचारियों को जनता में बेनकाब करेगा और दूसरे चरण में रैली प्रदर्शन करेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।भंवर सिंह प्रदेश संयोजक बहुजन क्रांति मोर्चा उत्तराखंड, महिपाल सिंह जिला अध्यक्ष बहुजन क्रांति मोर्चा जिला हरिद्वार, पोस्टर सुरेंद्र कुमार राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा नई दिल्ली, रमेश चंद जिला संगठन सचिव बहुजन क्रांति मोर्चा, राजू जिला सचिव बहुजन क्रांति मोर्चा हरिद्वार, आशीष कुमार जिला मीडिया प्रभारी हरिद्वार सोनू कुमार जिला सचिव बहुजन क्रांति मोर्चा हरिद्वार विनोद कुमार उपाध्यक्ष बहुजन क्रांति मोर्चा हरिद्वार सुभाष चंद्र मीडिया प्रभारी हरिद्वार, पोस्टर दिनेश कुमार राणा जिला संगठन सचिव बहुजन क्रांति मोर्चा हरिद्वार, तेलू राम बौद्ध शामिल रहे।

# निर्माणाधीन मकान में लाखों की चोरी, तहरीर

**रुड़की।** निर्माणाधीन मकान से चोरों ने लाखों के समान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित में पुलिस को तेरी देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है।

सुभाष नगर निवासी सौरभ श्रीवास्तव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मकतुलपुरी में वह अपने लिए एक नए मकान का निर्माण कर रहे हैं। बीती नौ दिसंबर की रात को घर में मिस्रियों के जाने के बाद वह भी अपने घर चले गए थे लेकिन दस दिसंबर की सुबह जब वह आए तो घर से काफी सामान गायब था। जिस सामान की कीमत करीब दो लाख रुपए बताया गई है। वहीं इस संबंध में कोतवाली एसएसआई दीप कुमार का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# शुगर मिल में काम करते मिले एक दर्जन कश्मीर के मजदूर

## गन्ना समिति सचिव ने की सत्यापन की मांग

**शाह टाइम्स मंगलौर**

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के लिब्बारहेड़ी शुगर मिल में निरीक्षण के दौरान गन्ना समिति सचिव को 13 कर्मचारी जम्मू कश्मीर के निवासी काम करते हुए मिले। सचिव ने पुलिस को सूचना देकर कर्मचारियों का सत्यापन करवाए जाने की मांग की है।

गन्ना समिति लिब्बरहेड़ी में सचिव के पद पर तैनात अंनत सिंह ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि बुधवार राज्य 9:15 बजे करीब उन्होंने शुगर मिल का निरीक्षण किया। इस दौरान तौल केंद्र पर काम कर रहे कर्मचारियों से जानकारी मांगी तो वह अपना लाइसेंस और कोई कागजात आदि नहीं दिखा पाया। नाम पूछने पर उसने अपने आप को जम्मू कश्मीर का निवासी बताया। सचिव ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने इस संबंध में जानकारी जुटाई तो तौल केंद्र प्रभारी के रूप में 13 कर्मचारी इस तरह से काम करते मिले। सचिव ने बताया कि जम्मू कश्मीर के इतने कर्मचारी मिल में काम कर रहे हैं और उनका कोई सत्यापन नहीं हुआ है ऐसे में कोई अप्रिय घटना घट जाए तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी रफत अली ने बताया कि इस संबंध में जांच की जाएगी अगर सत्यापन नहीं किया गया है तो नियमों अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# कांग्रेसियों ने रैली को सफल बनाने को लगाया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की के द्वारा एक प्रतिष्ठित होटल में वोट छोड़ गद्दी छोड़ की प्रस्तावित 14 दिसंबर की रैली को सफल बनाने के के संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को संविधान को बचाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में साथियों सहित 14 तारीख को दिल्ली जाना चाहिए ताकि देश के संविधान की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस को मजबूती प्रदान की जा सके उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया वह राहुल गांधी की इस रैली को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोगकरें। पूर्व राज्य मंत्री डॉ गौरव चौधरी ने कहा कि यह समय कठिन समय है इसलिए संविधान को मजबूत बनाने हेतु कांग्रेस की रैली को सफल बनाना प्रत्येक कांग्रेस जन की जिम्मेदारी है। पूर्व मेयर प्रत्याशी पूजा गुप्ता ने कहा कि वह स्वयं और उनके पति अपने सभी साथियों के साथ 14 तारीख को रैली में शामिल होंगे और पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी उसका निर्वहन करेंगे ।उन्होंने कहा कि वह 14 तारीख को रैली में भारी समर्थकों के साथ दिल्ली के लिए कूच करेंगे

# अवैध स्मैक के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा मुखबीर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से 12 , 11 ग्राम अवैध स्मेंक बरामद हुई है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने के लिए पुलिस मुख्यालय एसएसपी हरिद्वार द्वारा राज्य को नशा मुक्त करने के लिए अवैध मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 10 दिसंबर 2025 को मुखबिर की सूचना पर एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 12 ,11 ग्राम अवैध स्मेंक बरामद हुई पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अनिकेत चौहान पुत्र रविंद्र चौहान निवासी गोल भट्टा मिलाप नगर रुड़की बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार हेड कांस्टेबल रियाज अली कांस्टेबल राजेंद्र शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का पहले नाम सोमिनया था जिसे बदलकर अब अपनी पुत्री का नया नाम अलिहा रहमान (ALIHA REHAN) रख लिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को अलिहा रहमान (ALIHA REHAN) के नाम से ही जाना पहचाना, पढ़ा लिखा, व दर्ज किया जाए। **सुलेमान (SULEMAN) पुत्र असगर अली नि. रामरहीम कालोनी मौ. पांवधोई ज्वालापुर तह. व जिल हरिद्वार।**

# बाइक व स्कूटी की टक्कर बाद गुस्साए युवक ने कर डाली ताबड़तोड़ फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बाईक व स्कूटी की टक्कर के दौरान हुए विवाद के बाद एक पक्ष के दर्जनों युवक ने उद्योगपति की फैक्ट्री के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग कर डाली। फायरिंग की यह घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गंग नहर कोतवाली क्षेत्र के मतल्लापुर निवासी अशोक सैनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे वह अपने घर से फैक्ट्री की ओर बाईक से जा रहे थे तभी सामने से गांव का ही एक युवक हिमांशु सैनी स्कूटी से आया तो उससे उनकी टक्कर हुई। उस समय मामूली कहासुनी के बाद बात निपट गईं लेकिन उसके बाद शाम करीब सात बजे वह युवक उनकी फैक्ट्री के बाहर बीस पच्चीस युवक लेकर आ गया और फायरिंग शुरू कर दी। आरोप है कि कई राउंड फायरिंग की गई। फायरिंग करने वाले युवक एक घर के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए हैं। पीड़ित के अनुसार जिस समय यह वारदात हुई तो फैक्ट्री में कई कर्मचारी काम कर रहे थे इसके साथ ही परिवार के लोग भी थे।उन्होंने पुलिस को बताया कि इस घटना के बाद परिवार के लोग और फैक्ट्री कर्मी दहशत में हैं। वहीं इस संबंध में कोतवाली के एसएसआई दीप कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर आई है मुकदमा दर्ज किया जा रहा है,आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# मंगलौर नगर पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

# अधिशासी अधिकारी ने टीम के साथ बाजारों से हटवाया अवैध निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** गुरुवार को दूसरे दिन भी अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम द्वारा बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजार में नाले के ऊपर और नाले के बाहर से अतिक्रमण को हटवाया गया और दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि पालिका टम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। अभियान के दौरान मेन बाजार जैन स्तम्भ से हनुमान मन्दिर को होते हुए हैदरी चोक एवं किला रोड़ को होते हुए पुलिस चोकी तक दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि नाले के ऊपर व नाले से बाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें और तत्काल अतिक्रमण को स्वयं हटा लें वरना चालानी कार्यवाही व अन्य कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी। अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी के नेतृत्व में पालिका टीम द्वारा दूसरे दिन उक्त अभियान के तहत दुकानदारों को चेतावनी दी गई। इसके साथ ही किला रोड़ पर मीट व्यापारियों को भी चेतावनी दी गई कि वह अपनी दुकानों के बाहर चिक लगाये या काले शीशे लगवाये और फूड



सेफ्टी एक्ट के तहत सभी नियमों का पालन करें और गन्दगी न फैलायें वरना नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही दुकानदारों को प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग न करने के बारे में भी हिदायत दी गई। इस अवसर पालिका टीम में अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी, सफाई निरीक्षक जसवीर सिंह, वसीम अब्बासी, सन्दीप कुमार एवं अन्य पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# सहायक अभियंता ने किए सीवर लाइन के फॉल्ट चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एडीबी द्वारा रुड़की नगर में लगभाग 300 करोड़ रुपए से सीवर कार्य कराए थे निमार्ण के समय से ही ये गड्ढे क्षेत्रवासियो के लिए जी का जंजाल बने हुए है जिस समय एडीबी ने कार्य शुरू किया था उसके बाद से लगातार सात वर्षों से गड्ढे हों जाते है पिछले 2 माह से एडीबी के बड़े बड़े गड्ढों का सभी अधिकारी निरीक्षण कर चुके है जिसमें लोगो ने बताया था जब से सीवर लाइने डाली गई है तभी से यहां बड़े बड़े गड्ढे हों रहे है जिन्हें लोगो की सुरक्षा के दृष्टिगत जल संस्थान द्वारा अनेक बार भरवाया गया लेकिन मिट्टी फिर बैठ जाती है गणेशपुर क्षेत्र में लगभग पिछले 7वर्षों से भू धंसाव बड़े बड़े गड्ढे और मकानों में आ रही दरारों एवं चौंबर टूटने का सिलसिला लगातार चल रहा है जिसको जल संस्थान अधिकारी और नगर निगम अधिकारी समाधान हेतु कार्य करते आ रहे है गणेशपुर में लगातार मकानों में आती दरारें और जमीन में जा रहे नाले के पानी का सुराग ढूंढने हेतु हल संस्थान ने कास्टिंग पाइप मंगाए है जिसका निरीक्षण स्वयं अधिशाषी अभियंता हरीश बंसल प्रतिदिन कर रहे है एवं सहायक अभियंता मुख्यालय और सहायक अभियंता रुड़की अपर सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता लगातार डटे हुए है एवं ठेकादर को लगातार टैक्निकल दिशा निर्देश दिए जा रहे है सहायक अभियंता जुनैद गौड ने साइट का निरीक्षण करते हुए कहा कि पिछले 7 साल से ये



समस्या चल रही है इसकी तकनीकी समस्याओं की खुदवाकर जांच की जा रही है जिससे जमीन के अंदर के सभी फॉल्ट चिह्नित किए जा सके कास्टिंग पाइप के अंदर खुदाई कराने से दुर्घटना का खतरा नहीं होगा और सुरक्षित करते हुए खुदाई कार्य कराए जा रहे है एवं फॉल्ट को चिह्नित करने के प्रयास किए जा रहे है सहायक अभियंता जुनैद गौड ने बताया ड्रॉइंग को चेक कर लिया गया है उसी के अनुसार तकनीकी फॉल्ट को चेक किया जा रहा है जिससे उक्त समस्या का तकनीकी फॉल्ट का पता लगाया जा सके।

# फिर बढ़ी तिथि

चुनाव आयोग ने एक बार फिर मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर के लिए चल रहे अभियान की तिथि बढ़ा दी है। ऐसा दूसरी बार है जब चुनाव आयोग ने यह तिथि बढ़ाई है। यह तिथि पांच राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, तमिलनाडु के साथ अंडमान निकोबार के लिए बढ़ाई गई है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि निर्वाचन आयोग ने बिहार में एसआईआर कराने के बाद 12 राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की है। आयोग की ओर से बताया गया है कि इन राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों ने तिथि बढ़ाने के लिए अनुरोध किया था। उत्तर प्रदेश में यह तिथि 26 दिसंबर तक के लिए बढ़ गई है। चुनाव आयोग का कहना है कि यह फैसला यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि नई सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं छूटे। वैसे आयोग के फैसले को लेकर शुरू से ही उसकी आलोचना हो रही थी और उस पर आरोप लग रहे थे कि इतने कम समय में इतना बड़ा काम संभव नहीं है। कोई भी समझ सकता है कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक का समय इतने बड़े काम को लेकर नाकाफी था और यह किसी के भी समझ में नहीं आ रहा था। इस बीच कई बीएलओ ने अपनी जान से भी हाथ धो लिया, इसके पीछे जो कारण माना गया वह भी एसआईआर का दबाव ही माना गया। इसको लेकर भी चुनाव आयोग की आलोचना हो रही थी। शायद यह आलोचनाओं का ही दबाव रहा कि चुनाव आयोग को अपने ही फैसलों में दो बार संशोधन करना पड़ा। अच्छी बात यह है कि चुनाव आयोग ने जल्द ही अपनी गलती सुधारने का काम किया और 22 दिनों का समय अतिरिक्त दिया। निसंदेह इससे जहां बीएलओ से दबाव हटेगा वहां लोगों को भी हड़बड़ी में काम करने से निजात मिलेगी। विशेषकर उन लोगों को जो अपने घरों से दूर काम के सिलसिले में बाहर हैं। साथ ही चुनाव आयोग की ओर से यह भी संदेश जाएगा कि वह इस बात को लेकर गंभीर है कि कोई पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न होने पाए। वैसे बेहतर होता कि चुनाव आयोग उदारता व दूरदर्शिता दिखाते हुए कम से कम उन राज्यों में पर्याप्त समय दे सकता था, जहां अगले वर्ष चुनाव नहीं होने जा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग ने पता नहीं किस समझ के साथ बहुत ही कम समय सीमा के साथ एक बड़े काम के साथ आगे बढ़ने का फैसला लिया। जबकि इसकी कोई जरूरत नहीं थी। विपक्ष भी चुनाव आयोग पर यह कहकर आरोप लगा रहा है कि अगर वास्तव में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग गंभीर है और घुसपैठियों को निकालना उसका मकसद है, तो फिर वह गंभीरता उसके आचरण में क्यों दिखाई नहीं दे रही है। वह इतनी हड़बड़ी में क्यों है, यह समस्या कोई आनन फानन में हल नहीं होने वाली, क्योंकि हड़बड़ी में काम करने से अनावश्यक भय का वातावरण बनता है।

## संसद में धूम्रपान कानून का अपमान



लोकतंत्र के मंदिर संसद में धूम्रपान करना संविधान और कानून का अपमान है, लोकतंत्र के मंदिर में एक दुर्भाग्यपूर्ण एक घटना को घटते हुए देखा गया, पूरे देश में ई-सिगरेट 2019 से पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं, कानून के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना भी प्रतिबंधित है, लेकिन, संसद यानी लोकतंत्र के मंदिर में ई-सिगरेट लाना और पीना कानून के खिलाफ है, इन सभी का उल्लंघन टीएमसी के सांसद ने किया है। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए अध्यक्ष ने भी कहा कि ये पूर्ण तरीके से गलत है, इसकी जांच होगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्यवाही की जाएगी, इसी शीतकालीन सत्र में हमने देखा कि एक सांसद द्वारा संसद में कुत्ते को लेकर आना और ऊपर से यह कहना कि यह तो नहीं पर जो अंदर बैठे है वो काटते हैं, इसका मतलब संसद के अधिकारी, सुरक्षाकर्मी, सांसद समेत सभी लोगों पर एक तरह का बड़ा आक्षेप है।

**-शहजाद पूनावाला, प्रवक्ता, भाजपा**

# इंडिगोः एक मानव निर्मित संकट





**रजनीश कपूर**

**इंडिगो संकट, एयरलाइन प्रबंधन और नियामकीय निगरानी दोनों की व्यापक विफलता को उजागर करता है। डीजीसीए द्वारा नए नियमों के तहत क्रू उपलब्धता की जांच किए बिना सर्दी के शेड्यूल को मंजूरी देना, ऑडिट की कमी को दर्शाता है। अन्य एयरलाइंस, जैसे एयर इंडिया, अकासा और यहां तक कि स्पाइसजेट ने नियाम परिवर्तनों की प्रत्याशा में रोस्टर समायोजित करके और अतिरिक्त स्टाफ भर्ती करके इसी तरह के व्यवधानों से बचाव किया। सोचने वाली बात है कि यह संकट कम किया जा सकता था या पूरी तरह टाला भी जा सकता था, यदि इंडिगो ने स्टाफिंग और अनुपालन के लिए अधिक पारदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया होता।**

भारतीय विमानन क्षेत्र ने हाल ही में अपने सबसे अंधकारमय दौर से गुजरा है, जब प्रमुख निजी एयरलाइन इंडिगो की अनुपालन न करने की वजह से एक बड़ा संकट उत्पन्न हुआ। इस संकट ने न केवल आकाश में बल्कि जमीन पर भी अफरा-तफरी मचा दी, जिससे भारतीय विमानन की वैश्विक छवि को गहरा धक्का लगा। इंडिगो का वर्तमान संकट, जिसमें 3,000 से अधिक उड़ानों के रद्द होने और व्यापक परिचालन पक्षाघात शामिल है, 2019 में जेट एयरवेज के ग्राउंडिंग के बाद भारतीय विमानन में सबसे गंभीर व्यवधान है। यह एयरलाइन, जो लंबे समय से दक्षता और समय की पाबंदी का प्रतीक मानी जाती थी, अब नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशंस नियमों की पूर्वानुमान और तैयारी में विफलता के कारण विश्वास के संकट का सामना कर रही है। पुरानी अंडर-स्टाफिंग और दुबली-पतली मैनपावर रणनीति के साथ मिलकर, एयरलाइन को आपातकालीन योजनाओं के लिए हाथ-पांव मारने पड़े, जिससे देश भर में हजारों यात्री फंसे रह गए।

यह संकट पूरी तरह से टाला जा सकता था, यदि एयरलाइन ने नियामक के निर्देशों का पालन किया होता। इंडिगो के प्रबंधन ने पायलट यूनियनों और उद्योग विशेषज्ञों की बार-बार चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया, जो हायरिंग फीज और नो-पोचिंग समझौतों के जोखिमों के बारे में थीं। लालच के चलते एयरलाइन ने अपनी मौजूदा फ्लाइटों बढ़ोतरी भी की जिसने आग में घी डालने का काम किया। नए एफडीटीएल नियम लागू होने पर एयरलाइन कॉकपिट और केबिन क्रू की गंभीर कमी सामने आई। लागत कटौती के लिए स्टाफ संख्या को न्यूनतम रखने की रणनीति तब उलटी पड़ गई। संकट को और गहरा किया खराब रोस्टर प्लानिंग और नियामकीय चूकों ने। इंडिगो के सीईओ पीटर एलबर्स ने स्वीकार किया कि सामान्य परिचालन धीरे-धीरे ही बहाल हो पाएगा, क्योंकि एयरलाइन नए पायलट डयूटी नियमों से अस्थाई छूट मांग रही है। सवाल यह उठता है कि जब डीजीसीए ने सभी ऑपरेटरों को नए नियमों का अनुपालन करने के लिए पर्याप्त समय दिया था, तो इंडिगो ने उन्हें नजरअंदाज करने का फैसला क्यों लिया?

भारत के विमानन इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां निजी एयरलाइनों का पतन प्रबंधन की विफलताओं और बाहरी दबावों के कारण हुआ। किंगफिशर एयरलाइंस, जो कभी देश की सबसे चमकदार कैरियर थी, वित्तीय कुप्रबंधन और अत्यधिक कर्ज के कारण 2012 में अचानक बंद हो गई। जेट एयरवेज, जो भारत के निजी विमानन युग का अग्रदूत था, 2019 में नियम पुस्तिका के उल्लंघनों, खराब वित्तीय नियंत्रणों, बढ़ते घाटे और बदलते बाजार हालातों से अनुकूलन में असमर्थता के कारण इसी भाग्य का शिकार हुआ। इंडिगो का नए एफडीटीएल नियमों को नजरअंदाज करने का तरीका भी जेट एयरवेज की याद दिलाता है, जो इसी तरह के घमंड के चलते अपनी सुविधा के लिए नियमों को अनदेखा करती रही। यह उदाहरण एक दोहरावदार पैटर्न को रेखांकित करते हैं, वे एयरलाइंस जो अल्पकालिक लागत बचत को पायलटों और यात्रियों की सुरक्षा तथा नियामकीय अनुपालन आवश्यकताओं से ऊपर रखती हैं, वे एक ब्रेकिंग पॉइंट पर पहुंचकर अचानक ढह जाती हैं।

इंडिगो संकट, एयरलाइन प्रबंधन और नियामकीय निगरानी दोनों की व्यापक विफलता को उजागर करता है। डीजीसीए द्वारा नए नियमों के तहत क्रू उपलब्धता की जांच किए बिना सर्दी के शेड्यूल को मंजूरी देना, ऑडिट की कमी को दर्शाता है। अन्य एयरलाइंस, जैसे एयर इंडिया, अकासा और यहां तक कि स्पाइसजेट ने नियाम परिवर्तनों की प्रत्याशा में रोस्टर समायोजित करके और अतिरिक्त स्टाफ भर्ती करके इसी तरह के व्यवधानों से बचाव किया। सोचने वाली बात है कि यह संकट कम किया जा सकता था या पूरी तरह टाला भी जा सकता था, यदि इंडिगो ने स्टाफिंग और अनुपालन के लिए अधिक पारदर्शी और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया होता। डीजीसीए द्वारा सख्त अनुपालन ऑडिट की अनुपस्थिति ने भी इस अराजकता में भूमिका निभाई। भविष्य के संकटों को रोकने के लिए, एयरलाइंस को परिचालन लचीलेपन को प्राथमिकता देनी चाहिए, पर्याप्त स्टाफिंग में निवेश करना चाहिए और नियामकीय निकायों तथा कर्मचारी यूनियनों के साथ खुले संवाद बनाए रखने चाहिए। सरकार को भी इन पर निगरानी रखनी चाहिए ताकि उड़ान शेडडूल केवल परिचालन और सुरक्षा मानदंडों के अनुपालन की जांच के बाद ही मंजूर किए जाएं। परिचालन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, डीजीसीए को ऑपरेटरों से सुझाव भी लेने चाहिए ताकि उनकी मांगों को समायोजित किया जा सके। इंडिगो का संकट सिर्फ एक एयरलाइन की गलतियों की कहानी नहीं है, बल्कि पूरे भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए एक चेतावनी है।

इंडिगो संकट के मद्देनजर डीजीसीए द्वारा सख्त नियामकीय कार्रवाई भारत में एयरलाइन उल्लंघनों के लिए एक शक्तिशाली मिसाल कायम कर सकती है। डीजीसीए ने पहले ही सामूहिक रद्दीकरणों की परिस्थितियों की जांच के लिए एक व्यापक जांच शुरू कर दी है, जिसमें चार सदस्ईय पैनल को 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का काम सौंपा गया है ताकि प्रवर्तन कार्रवाइयों और संस्थागत सुधारों की सिफारिश की जा सके। पिछले उदाहरण दिखाते हैं कि नियामक ने अनुपालन न करने के लिए कठोर दंड लगाने में संकोच नहीं किया, जिसमें 10 लाख से 90 लाख रुपये या इससे अधिक के वित्तीय जुर्माने, ऑपरेटर अनुमतियों का निलंबन और बार-बार या गंभीर उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को हटाना भी शामिल है। उदाहरण के लिए, डीजीसीए ने हाल ही में एयर इंडिया को एक पायलट को अनिवार्य नियामकीय आवश्यकताओं को पूरा किए बिना उड़ान संचालित करने की अनुमति देने के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। डीजीसीए ने पहले क्रू शेड्यूलिंग और सुरक्षा निगरानी में गंभीर और दोहरावदार चूकों के लिए एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों को हटाया है। ऐसे दंडों को लागू करके और एयरलाइंस तथा उनके प्रबंधन को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराकर, डीजीसीए एक स्पष्ट संदेश देता हैरू परिचालन शॉर्टकट, नियामकीय अनुपालन न करने और लापरवाही को त्वरित और सख्त परिणामों से सामना करना पड़ेगा। इंडिगो का संकट बताता है कि परिचालन उत्कृष्टता सिर्फ दक्षता और समय की पाबंदी के बारे में नहीं है, बल्कि एयरलाइन क्रू व यात्री सुरक्षा, तैयारीऔर जिम्मेदारी के बारे में भी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्यार को जाने देना आसान नहीं...

**किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं, पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है।**

अगर कोई आपको छोड़कर जाना चाहता है, तो उसे जाने दें, यह बात हम सबने सुनी है। लेकिन क्या यह इतना आसान होता है? क्या आपने कभी खुद से पूछा है कि उस शख्स के लिए दरवाजा खोलने का सही वक्त कब आता है? जब रिश्ता टूटने की कगार पर हो, तो दिल और दिमाग के बीच एक खींचतान शुरू हो जाती है। क्या एक आखिरी कोशिश करनी चाहिए? या फिर अपनी आत्मा को और तकलीफ देने से बेहतर है कि सब कुछ छोड़कर आगे बढ़ा जाए? किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं। पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है। इसके बाद डॉ. उन दो संकेतों की गहराई से व्याख्या करते हैं, जो दर्शाते हैं कि अब शायद रिश्ते को अलविदा कह देने का समय आ गया है न सिर्फ उनके लिए, बल्कि आपके अपने भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी।

### संकेत 1- जब वे रिश्ते की जिम्मेदारियों से कतराने लगते हैं

डॉ. के अनुसार, यदि आपका साथी अब रिश्ते में अपनी भूमिका निभाने से बच रहा है या जिम्मेदारी लेने से पीछे हट रहा है, तो यह एक बड़ा संकेत है कि शायद उन्हें जाने देने का वकग्त आ गया है।

वह समझाते हैं, एक स्वस्थ और सशक्त रिश्ते के लिए दो लोगों की भागीदारी जरूरी होती है। अगर आपका साथी अब ना तो आत्ममंथन करने को तैयार है, ना संघर्षों में अपनी भूमिका स्वीकार करता है, और ना ही आपके साथ आगे बढ़ना चाहता है तो यह रिश्ता टिक नहीं पाएगा। ऐसे हालातों में रिश्ता धीरे-धीरे खत्म होने लगता है, चाहे आप उसे कितना भी थामे रहें।

### संकेत 2- जब वे साझेदारी छोड़कर आपको ही दोष देने लगते हैं

डॉ. बताते हैं कि जब आपका साथी अब रिश्ते में करुणा और समझ के बजाय, केवल दोष देने की भाषा अपनाने लगे तो यह एक स्पष्ट संकेत है कि रिश्ता बिखरने की कगार पर है। वे कहते हैं, जब बातचीत हम इसे मिलकर कैसे ठीक करें? आप से बदलकर तुम ही समस्या हो बन जाए तो समझ लीजिए कि अब आप दोनों एक टीम नहीं रह गए। जब कोई समझने की कोशिश छोड़कर आपको जज करने लगे, और मिलकर रास्ता निकालने के बजाय दोष बांटने लगे, तो रिश्ते की नींव हिल जाती है। डॉ. आगे जोड़ते हैं, एक बार जब आपका साथी समाधान की तलाश में आपके साथ खड़े होने के बजाय दूरी बनाने लगे, तो वह दरअसल रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढ रहा होता है।



### रोज की बहस से परेशान हो गए हैं, जानें असहमति से निपटने के स्मार्ट तरीके

बहस किसी भी रिश्ते का एक स्वाभाविक हिस्सा होती है, इसकी तीव्रता और आवृत्ति इस बात पर निर्भर करती है कि लोग उसे कैसे संभालते हैं। कई जोड़ें बहस के बावजूद एक-दूसरे को समझने की कोशिश करते हैं और मतभेद सुलझा लेते हैं, जबकि कुछ केवल लड़ते रह जाते हैं। रिश्ते में असहमति होना सामान्य है, लेकिन उन्हें सुलझाना अपने आप में एक कला है, जिसे हर कोई नहीं जानता, लेकिन सीखा जरूर जा सकता है। अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच बार-बार छोटी-छोटी बातों पर बहस होती है, तो इसका समाधाान संभव है, बस जरूरत है सही नजरिए और संवाद की। यह समझना बेहद जरूरी है कि बहस के दौरान आपकी प्रतिक्रिया न सिर्फ उस पल की स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि रिश्ते की दिशा भी तय कर सकती है। रिलेशनशिप कोच कृति और जय ने इंस्टाग्राम पर कुछ अहम सवाल साझा किए हैं, जो आपके अपने व्यवहार को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि ये सवाल अपने पार्टनर से जरूर पूछें ताकि आप न केवल बहस की जड़ को समझ सकें, बल्कि बेहतर संवाद के जरिए रिश्ते को मजबूत भी बना सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कोशिकाओं की सुरक्षा प्रणाली के लिए घातक है यह वायरस

एक नए अध्ययन में जीका वायरस के संक्रमण फैलाने की शक्ति के जैविक रहस्य का पता लगाया गया है। जीका मरीज की कोशिकाओं की अपनी खुद की देखभाल करने वाली प्रणाली का उपयोग कर उनमें प्रवेश कर जाता है। जबकि कोशिकाओं की सतहें संक्रामक प्रोटीन के प्रवेश के लिए जरूरी हैं, वे एंटीवायरल प्रतिक्रिया उत्पन्न करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसा होने से पहले, संक्रामक प्रोटीन की गतिविधि को कम करने के लिए कोशिकाओं द्वारा खुद को स्वस्थ रखने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रक्रिया में हेरफेर किया जाता है, जिससे अनियंत्रित संक्रामक संक्रमण का रास्ता साफ हो जाता है।

प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित शोध पत्र में शोधकर्ता के हवाले से कहा गया है कि हालांकि एचआईवी जैसे अन्य वायरस मरीज के रिसेप्टर्स को चुप कराने के लिए जाने जाते हैं जो उन्हें कोशिकाओं में जाने देते हैं, लेकिन जीका में कम से कम तीन ऐसे प्रोटीन होते हैं जो यह काम कर सकते हैं।


यह सबसे दिलचस्प हिस्सा है, केवल एक ही नहीं, बल्कि कई जीका प्रोटीन ऐसा कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने दो जीका वायरस के स्ट्रेन या उपभेदों को देखा और तीन शारीरिक रूप से अहम कोशिकाओं की जांच की। दोनों स्ट्रेन के साथ, तीनों अलग-अलग तरह की कोशिकाओं में कमी देखी जा सकती है। ऐसा लगता है कि यह एक अहम तंत्र है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, साल 2007 से एडीज एजिप्टी मच्छरों द्वारा लोगों में फैलने वाला जीका वायरस अफ्रीका, अमेरिका, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में संक्रामक प्रकोप का कारण बना। हालांकि 2017 के बाद से दुनिया भर में मामलों में कमी आई है, लेकिन अमेरिका और अन्य स्थानीय क्षेत्रों में वायरस का संक्रमण छोटे स्तर पर जारी है। साल 2015 में ब्राजील में एक बड़ी महामारी ने गर्भावस्था के दौरान जीका संक्रमण और माइक्रोसेफली या सामान्य से छोटे सिर के आकार सहित जन्मजात समस्याओं के साथ पैदा होने वाले शिशुओं के बीच संबंध की पुष्टि की। जबकि अधिकांश संक्रमित लोगों में केवल हल्के लक्षण विकसित होते हैं, वायरस वयस्कों और बड़े बच्चों में गुइलेन बैरे सिंड्रोम, न्यूरोपैथी और मायलाइटिस (रीढ़ की हड्डी की सूजन) से भी जुड़ा हुआ है। इस अध्ययन में इनमें से दो प्रोटीनों पर गौर किया गया, जिन्हें एएक्सएल और टीम-1 के रूप में जाना जाता है, जिन्हें पहले जीका संक्रमण से जोड़ा गया था। इसमें शोधकर्ताओं ने यह समझने की कोशिश की कि एएक्सएल और टीम-1 के द्वारा प्रवेश करने के बाद जीका संक्रमण को कैसे बनाए रखता है।

शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि सांस लेने, प्रजनन और तंत्रिका तंत्र से संबंधित तीन प्रकार की कोशिकाओं में जीका वायरस के अफ्रीकी और एशियाई स्ट्रेन का उपयोग करके सेल कल्चर प्रयोग पूरे किए, जो रोग. जनक द्वारा निशाना बनाए गए थे। मानव कोशिकाएं जो फेफड़ों के काम को आगे बढ़ाती है, भ्रूण को सहारा देने वाली कोशिकाएं जिन्हें ट्रोफोब्लास्ट कहा जाता है और ग्लियोब्लास्टोमा मस्तिष्क कैंसर कोशिकाएं होती है। प्रयोगों से पता चला कि जीका द्वारा संक्रमण के बाद तीन प्रकार की कोशिकाओं पर एएक्सएल और टीम-1 दोनों को कम किया गया। शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से उम्मीद जताई गई थी कि यह दबाव दो सामान्य प्रोटीनों की गिरावट

**शोध पत्र में शोधकर्ताओं के हवाले से कहा गया है कि सांस लेने, प्रजनन और तंत्रिका तंत्र से संबंधित तीन प्रकार की कोशिकाओं में जीका वायरस के अफ्रीकी और एशियाई स्ट्रेन का उपयोग करके सेल कल्चर प्रयोग पूरे किए, जो रोगजनक द्वारा निशाना बनाए गए थे।**

प्रक्रियाओं के माध्यम से हुआ था, लेकिन इसके बजाय पाया गया कि जीका वायरस एक सेलुलर खुद की देखभाल करने वाले दिनचर्या का उपयोग करता है।

इस मामले में, वायरस की संक्रामक प्रक्रिया ने मरीज की कोशिकाओं को अपने स्वयं के सुरक्षात्मक प्रोटीन को दबाने के लिए हेरफेर किया, एक संक्रामक अनुकूली रणनीति जो जीका को अपने आपको नियंत्रित करने में मदद करता है। इस दबाव के बिना, एएक्सएल और टीम-1 एंटीवायरल प्रतिक्रिया के हिस्से के रूप में उत्तेजक अणुओं का उत्पादन करना शुरू कर देंगे। संक्रामक प्रवेश को सुविधाजनक बनाने का उनका सामान्य स्तर भी अधिक जीका कणों को पहले से संक्रमित कोशिकाओं तक पहुंचाने में सक्षम बना सकता है, जिससे सुपरइंफेक्शन नामक एक प्रतिस्पर्धी नजरिए की स्थापना होती है। ऐसा कुछ जिससे वायरस बचना चाहते हैं क्योंकि भीड़भाड़ से कोशिकाओं के नष्ट होने का खतरा होता है, जो संक्रमित रोगजनकों को मार देता है। आगे के प्रयोगों ने तीन जीका प्रोटीन की पहचान की जो मरीज की कोशिका ऑटोफैगी को प्रेरित करते हैं, जो



सभी वायरस की झिल्ली पर स्थित होते हैं। सामान्यतः ए प्रोटीन वायरस के प्रवेश में मध्यस्थता करते हैं या वायरस के अपने आपको दोहराने में शामिल होते हैं, लेकिन वे इस को. शिका के सही से काम न करने के लिए भी जिम्मेदार होते हैं। क्योंकि वायरस कुछ ऐसा एनकोड करते हैं जो उनके लिए जरूरी होता है, या तो उनकी अपने आपको दोहराने के लिए या मरीज को नियंत्रित करने के लिए ऐसा किया जाता है।

शोध पत्र में शोधकर्ता के हवाले से कहा गया है कि निश्चित रूप से जानने के लिए और अधिक शोध की जरूरत है, लेकिन इस बात के आसार हैं कि यह तंत्र इबोला वायरस के लिए प्रासंगिक है, जो मरीज की कोशिकाओं तक पहुंचने के लिए टीम-1 प्रोटीन का उपयोग करता है, या जीका के समान फ्लेविवायरस परिवार के अन्य रोगजनकों के लिए, जिसमें वेस्ट नाइल, पीला बुखार और डेंगू वायरस शामिल हैं। वायरस के लिए एक मरीज जितना अधिक जरूरी होता है, वायरस उसे नियंत्रित करने के लिए उतना ही अधिक काम करता है। इन तंत्रों को समझना संक्रामक रोगों का कारण बनने वाले उभरते या फिर से उभरने वाले वायरस के लिए तैयार रहने का एक जरूरी हिस्सा है।

**...साभार**

# अमेरिका के बाद मेक्सिको भी भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा



■ 2026 से लागू होगा, भारत के अलावा चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिका के बाद अब मेक्सिको भी भारत पर हाई टैरिफ लगाने जा रहा है। मेक्सिको की संसद ने बुधवार को भारत समेत 5 एशियाई देशों पर 50 प्रतिशत तक का भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। यह टैरिफ ऐसे देशों पर लगाया जाएगा जिनके साथ मेक्सिको का कोई फ्री ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है। यह साल 2026 से लागू होगा। जिन देशों पर मेक्सिको टैरिफ लगाएगा उनमें भारत के अलावा चीन, भारत, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। मेक्सिको इन देशों से बहुत ज्यादा सामान खरीदता है। 2024 में इन देशों से 253.7 अरब डालर का सामान आया। इतने ज्यादा आयात की वजह से मेक्सिको को करीब 223 अरब डालर का घाटा हुआ। अब नए कानून के अनुसार कारें, आटो पार्ट्स, कपड़े-टेक्सटाइल, प्लास्टिक के उत्पाद, स्टील और जूते-चप्पल जैसे लगभग 1400 तरह के सामान महंगे होंगे। ज्यादातर पर 35 प्रतिशत तक और कुछ पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगेगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह कदम 2026 में होने वाली यूएसएमसीए (अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा व्यापार समझौता) की समीक्षा से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को खुश करने की कोशिश है। क्योंकि अमेरिका लंबे समय से चीन से मेक्सिको के रास्ते आने वाले सस्ते सामान पर चिंता जता रहा है। चीन सरकार, मेक्सिको के बड़े कारोबारी संगठन और विपक्षी दल टैरिफ लगाने को गलत कदम बता रहे हैं। उनका कहना है कि टैरिफ दरअसल आम उपभोक्ताओं पर एक्स्ट्रा टैक्स है, जिससे रोजमर्रा का सामान महंगा हो जाएगा और महंगाई बढ़ेगी। पहले प्रस्तावित बिल इससे भी सख्त था, लेकिन विरोध के बाद करीब दो-तिहाई सामान पर टैरिफ को कम कर दिया गया। सीनेट में बिल 76 के मुकाबले 5 वोटों से पास हुआ जबकि 35 सांसदों ने वोटिंग से दूर रहना चुना।

# नेपाल में चीन के लोन से बना पोखरा एयरपोर्ट फेल

■ जमकर भ्रष्टाचार हुआ, टूरिस्ट भी नहीं आए चीनी कंपनी समेत 55 लोगों पर केस

**काठमांडू।** नेपाल में पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। 2012 में 620 करोड़ रुपये अनुमानित लागत वाला यह प्रोजेक्ट 892 करोड़ तक पहुंच गया।

जांच के बाद नेपाल की कमिशन फार इन्वेस्टिगेशन आफ एब्यूज आफ अथारिटी (सीआईएए) ने 5 पूर्व मंत्रियों, 10 पूर्व सचिवों सहित कुल 55 लोगों और चीनी कंपनी चाइना सीएएमसी इंजीनियरिंग पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। एयरपोर्ट 2023 में शुरू हुआ, लेकिन ढाई साल में यहां सिर्फ 45 इंटरनेशनल फ्लाइट्स आईं और करीब 3,000 यात्री पहुंचे, जबकि इसे पश्चिमी नेपाल का अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हब घोषित किया गया था।। पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को कभी नेपाल के 'गेटवे आफ वर्ल्ड' के रूप में पेश किया गया था। दावा किया गया था कि यह पश्चिमी नेपाल का अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हब बनेगा और टूरिस्ट बढ़ेंगें। संचालन के ढाई साल बाद यहां सिर्फ 45 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें दर्ज की गईं। यात्रियों की संख्या सिर्फ 3000 रही। हिमालयन एयरलाइंस और सिचुआन एयरलाइंस ने कुछ टेस्ट फ्लाइट्स चलाईं, लेकिन नियमित सेवा नहीं चल सकीं। पोखरा एयरपोर्ट प्रोजेक्ट चीन के एग्जिम बैंक से लोन लेकर बनाई गई थी और इसे नेपाल की पर्यटन क्षमता दोगुनी करने वाला प्रोजेक्ट बताया गया था।



**तिरुनेलवेली। तमिलनाडू में चुनाव कर्मचारी मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के प्रपत्रों को अलग करते हुए।**

## अमेरिका में युद्ध विभाग के लिए 901 अरब डॉलर संबंधी विधेयक पारित

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार शाम वित्त वर्ष 2026 के लिए युद्ध विभाग को 901 अरब डॉलर की भारी-भरकम रकम आवंटित करने संबंधी राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण विधेयक को पारित किया। यह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुरोध से आठ अरब डॉलर जडादा है। यह 3000 से जयादा पन्नों वाला विधेयक 112 के मुकाबले 312 वोटों से पास हुआ है। अब इसे मंजूरी के लिए सीनेट में भेजा जा रहा है। आखिरी वोटिंग में 18 रिपब्लिकन और 94 डेमोक्रेट्स ने ष्नकारात्मकष वोट दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प से जितनी जल्दी हो सके मिलने को तैयार हूं: ताकाइची

**टोक्यो।** जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने संसद में कहा है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जल्द से जल्द मिलने के लिए तैयार हैं। सुताकाइची ने बुधवार को कहा कि मैं वाशिंगटन जा सकती हूं और जब राष्ट्रपति ट्रम्प विदेश जाएंगे और यदि उनसे मिलना संभव है तो मैं जल्दी उनसे मिलना चाहूंगी। यह बात उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के नेता युइचिरो तमाकी के चीन दौरे से पहले ट्रम्प से मिलने के प्रस्ताव के बाद कही। तमाकी ने खास तौर पर सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री अगले वर्ष जनवरी में दावोस फोरम में हिस्सा लें और वहां ट्रम्प से मिलें।

### चीन ने मैक्सको की ओर से बढ़ाए आयात शुल्कों की निंदा की

**बीजिंग।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने गुरुवार को मैक्सिको की एकतरफा नीतियों और संरक्षणवाद में सुधार का आग्रह करते हुए कहा है कि चीन ने हमेशा एकतरफा आयात शुल्क वृद्धि का विरोध किया है। प्रवक्ता ने यह टिप्पणी मेक्सिको की संसद द्वारा 'गैर-मुक्त व्यापार समझौता भागीदारों' पर शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के संबंध में एक मीडिया प्रश्न के उत्तर में की। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, नए शुल्क 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी होंगे।

### गाजा में वर्चस्व बढ़ाना चाहता है इजरायल: तुर्की

**अनकारा।** तुर्की के विदेश मंत्री हकान फदिान ने बुधवार को कहा कि इजरायल सीरिया को अपने विस्तार के क्षेत्र के तौर पर देखता है जबकि इजरायली प्रधानमंत्री बेन्जमिन नेतन्याहू का मंत्रिमंडल गाजा में अलग-अलग तरीकों से युद्ध जारी रख पश्चिमी एशिया में अपना वर्चस्व मजबूत रखने की कोशिश कर रहा है। अनादोलू एजेंसी ने फिदान के हवाले से कहा कि तेल अवीव की हरकतों का सीरिया पर असर पड़ रहा है। यह क्षेत्र की स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है।

### मेलोनी की जेलेंस्की से युक्रेन युद्ध समाप्त करने की अपील

रोम। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने यहां यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान यूक्रेन में जारी संघर्ष को सुलझाने का आग्रह किया है। इटली के अखबार कोरिएरे डेला सेरा ने अपनी रिपोर्ट रिपोर्ट में ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी के सूत्रों के हवाले से कहा है कि सुमेलोनी ने जेलेंस्की पर अमेरिकी शांति योजना के संबंध में आग्रह किया। इस दौरान जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नरम रुख अपनाने के लिए उनसे (सुमेलोनी) से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

# 9 करोड़ में मिलेगी अमेरिकी नागरिकता

## ट्रम्प गोल्ड कार्ड आज से लागू, प्लेटिनम कार्ड जल्द शुरू होगा, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: कार्ड से सरकारी खजाना बढ़ेगा



■ ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था
■ ट्रम्प का प्लेटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड' के लिए अप्लाई प्रोसेस शुरू करने का ऐलान किया। इसके लिए आवेदक आज से आवेदन कर सकते हैं। कार्ड की कीमत 1 मिलियन डालर (करीब 8.8 करोड़ रुपये) है। हालांकि कंपनियों को कार्ड के लिए 2 मिलियन डालर देना होगा।

ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में 'गोल्ड कार्ड' वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डालर (42 करोड़ रुपये) रखी थी। सितम्बर में इसे घटाकर 1 मिलियन डालर किया गया। ट्रम्प का कहना है कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है। होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह दुनिया के सफल उद्यमियों को आकर्षित करेगा। वहीं ट्रम्प का प्लेटिनम कार्ड भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसकी फीस करीब 5 मिलियन डालर (लगभग 42 करोड़ रुपये) है।

गुरुवार को कार्ड लान्च करते हुए ट्रम्प ने कहा गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डालर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लान्च किए थे। इनमें 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कार्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। वहीं ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड जल्दी शुरू किया जाएगा। कामर्स सेक्रेटरी हावर्ड लुटनिक के मुताबिक, यह गोल्ड कार्ड मौजूदा ईबी-1 और ईबी-2 वीजा की जगह लेगा। ग्रीन कार्ड श्रेणियां बंद हो सकती हैं। ईबी-1 वीजा अमेरिका का एक स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) वीजा है। ईबी-2 वीजा भी ग्रीन कार्ड के लिए है, लेकिन उन लोगों के लिए जो उच्च शिक्षा (मास्टर्स या उससे ऊपर) की योग्यता रखते हों।

## ट्रम्प की कोलंबिया के राष्ट्रपति पेट्रो को चेतावनी

■ ड्रग्स पर कार्रवाई करें 'वरना चुकानी पड़ेगी भारी कीमत'

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो को चेतावनी दी है कि यदि वह देश में मादक पदार्थों की स्थिति पर ध्यान नहीं देते हैं, तो उन्हें 'भारी मुसीबत' का सामना करना पड़ सकता है। ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा कि अगर वह (पेट्रो) समझदारी से काम नहीं लेते हैं तो उनको भारी मुसीबत का सामना करन पड़ सकता है। कोलंबिया बहुत अधिक ड्रग्स का निर्माण कर रहा है। उनके पास कोकीन बनाने वाली फैक्ट्रियां हैं और वे इसे सीधे अमेरिका में बेचते हैं। इसलिए उन्हें समझदार बनना होगा, वरना वह अमेरिका का अगला निशाना होंगे और मुझे उम्मीद है कि वह सुन रहे होंगे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अभी तक पेट्रो से बात करने पर विचार नहीं किया है उनके बारे में 'जयादा नहीं सोचा' है। इस सप्ताह की शुरुआत में पॉलिटिको को दिए गए एक साक्षात्कार में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि वह कोलंबिया और मेक्सिको के संदिग्ध ड्रग्स तस्करी करने वाले अपराधियों पर हमला करने की संभावना को खारिज नहीं करेंगे। हाल के महीनों में अमेरिका ने कैरिबियन में संदिग्ध ड्रग्स तस्करी में शामिल नावों पर हमले किए हैं। अमेरिका इसके लिए मुख्य रूप से वेनेजुएला पर ड्रग्स भेजने का दोष लगाता है। पेंटागन के प्रेस सचिव किंग्सले विल्सन ने कहा कि अमेरिका ने संदिग्ध ड्रग्स तस्करी वाली नौकाओं पर कुल 21 हमले किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 82 लोगों की मौत हुई है।

# वेनेजुएला पर अमेरिका का मिलिट्री एक्शन

■ बीच समंदर में जहाज पर हथियारबंद कमांडो उतरे, पलभर में कब्जा किया, वेनेजुएला बोला: ये समुद्री डकैती

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने वेनेजुएला के तट के पास बीच समंदर में एक बहुत बड़े क्रूड आयल टैंकर को जब्त कर लिया। बुधवार को अमेरिकी अटार्नी जनरल पैम बान्डी ने सोशल मीडिया पर इस आपरेशन का 45 सेकेंड का वीडियो जारी किया।

वीडियो में दो सैन्य हेलीकॉप्टर समुद्र के ऊपर से तेजी से उड़ते हुए एक टैंकर को घेरते हैं। उनसे कई कमांडो रस्सियों के सहारे टैंकर के डेक पर उतरते हैं और कुछ ही मिनटों में टैंकर को अपने कब्जे में ले लेते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इस जब्ती की पुष्टि की। दूसरी ओर, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने इस कार्रवाई को समुद्री डकैती और खुलेआम चोरी करार देते हुए कड़ी निंदा की है। ट्रम्प ने कहा कि हमने वेनेजुएला के तट पर एक टैंकर जब्त कर लिया है, बहुत बड़ा टैंकर, शायद अब तक का सबसे बड़ा टैंकर। जब उनसे पूछा गया कि जहाज में भरे लाखों बैरल तेल का क्या होगा, तो ट्रम्प ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि हम रख लेंगे, मुझे ऐसा लगता है। अटार्नी जनरल बान्डी ने कहा कि यह जहाज कई सालों से अमेरिकी प्रतिबंधों की सूची में था क्योंकि यह वेनेजुएला और ईरान के प्रतिबंधित तेल को गैरकानूनी तरीके से ले जा रहा था। इस तेल की कमाई से विदेशी आतंकवादी संगठनों को मदद पहुंचाई जा रही थी। वहीं, तीन अमेरिकी अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर न्यूयार्क टाइम्स से बताया कि जहाज वेनेजुएला का तेल लेकर जा रहा था। मिलिट्री आपरेशन का जहाज के कर्मचारियों ने कोई विरोध नहीं किया और आपरेशन में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। बान्डी ने बताया कि इस अभियान को एफबीआई, होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टिगेशंस और अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने मिलकर अंजाम दिया, जबकि सैन्य सहायता अमेरिकी रक्षा विभाग ने प्रदान की। बान्डी ने इसे पूरी तरह सुरक्षित और सफल आपरेशन बताया और कहा कि प्रतिबंधित तेल की तस्करी करने वाले छिपे हुए नेटवर्क को तोड़ने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# पाकिस्तान के पूर्व आईएसआई चीफ हमीद को 14 साल कैद



■ मिलिट्री कोर्ट ने चार आरोपों में दोषी ठहराया पूर्व पीएम इमरान खान के माने जाते हैं करीबी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक मिलिट्री कोर्ट ने पूर्व आईएसआई चीफ फैज हमीद को 14 साल कैद की सजा सुनाई है। उनके खिलाफ करीब 15 महीने तक कोर्ट मार्शल की कार्रवाई चली। फौज की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, फैज पर चार गंभीर आरोपों में मुकदमा चलाया गया।

उन पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, आफिशियल सीक्रेट्स एक्ट का उल्लंघन कर देश के हितों को नुकसान पहुंचाने, सरकारी अधिकार और संसाधनों का दुरुपयोग करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के आरोप थे। सेना ने कहा कि कोर्ट ने सभी आरोपों में फैज को दोषी पाया है, हालांकि उन्हें फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार भी दिया गया है। फैज को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का करीबी माना जाता है। फैज हमीद को पिछले साल 12 अगस्त को हाउसिंग घोटाला केस में आर्मी ने अरेस्ट किया था। उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई का आदेश दिया था, जिसके बाद उनका कोर्ट मार्शल शुरू किया गया।

## पाक के एफ-16 लड़ाकू विमान अपग्रेड करेगा

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमानों को अपग्रेड करने के लिए 686 मिलियन डालर (लगभग 5,800 करोड़ रुपये) का प्रस्ताव संसद को भेजा है। 8 दिसम्बर 2025 को डिफेंस सिक्योरिटी कोआपरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने संसद को एक नोटिफिकेशन भेजा है, जिसमें पाकिस्तान के एफ-16 अपग्रेड पैकेज (+686 मिलियन) को मंजूरी की घोषणा की गई है। यह प्रक्रिया आर्म्स एक्सपोर्ट कंट्रोल एक्ट के तहत होगी। अब अमेरिकी संसद के पास इसे रोकने या पास करने के लिए 30 दिन का समय है। इस पैकेज में 37 मिलियन डालर की मेजर डिफेंस इक्विपमेंट और बाकी 649 मिलियन डालर की साफ्टवेयर, हार्डवेयर और लाजिस्टिक सपोर्ट शामिल हैं।

# 'हनुमान' को झूठा देवता कहने वाले अमेरिकी उम्मीदवार फेल

■ प्राइमरी चुनाव में जगह बनाने में नाकाम रहे अलेक्जेंडर डंकन, कहा था: झूठी मूर्ति क्यों लगने दे रहे

**टेक्सास।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के नेता और टेक्सास सांसद उम्मीदवार अलेक्जेंडर डंकन का चुनावी सफर शुरू होने से पहले ही खत्म हो गया।

उन्हें प्राइमरी चुनाव में जगह बनाने के लिए जरूरी समर्थन नहीं मिल सका। अब टेक्सास में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से प्राइमरी उम्मीदवार बनने के लिए 3 उम्मीदवार रेस में हैं। टेक्सास में 3 मार्च 2026 को प्राइमरी चुनाव होने हैं। डंकन सुर्खियों में तब आए थे जब उन्होंने सितम्बर में टेक्सास के शुगर लैंड स्थित अष्टलक्ष्मी मंदिर में लगी 90 फीट ऊंचे भगवान हनुमान को झूठे भगवान की झूठी प्रतिमाश कहा था। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर लिखा था, टेक्सास में एक झूठे हिंदू देवता की झूठी मूर्ति को रखने की इजाजत क्यों दी जा रही है? हम ईसाई देश हैं! डंकन के इस बयान से हिंदू समुदाय में भारी आक्रोश फैल गया था। हजारों लोगों ने डंकन पर धार्मिक असहिष्णुता और हिंदू-विरोधी नफरत फैलाने का आरोप लगाया था। टेक्सास में भगवान हनुमान की 90 फीट ऊंची मूर्ति। इसकी स्थापना अगस्त 2024 में हुई थी। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने टेक्सास रिपब्लिकन पार्टी से डंकन के खिलाफ कार्रवाई करने और उन्हें पार्टी से निकालने की मांग की थी।

संगठन ने कहा कि डंकन का बयान पार्टी के खुद के भेदभाव-विरोधी नियमों का उल्लंघन है और यह हिंदूओं के लिए उनकी नफरत को दिखाता है। फाउंडेशन ने अमेरिकी संविधान के प्रथम संशोधन का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी धर्म को मानने और उसकी पूजा की स्वतंत्रता हर अमेरिकी नागरिक को है।

## एक साल में दुनियाभर में 67 पत्रकार मारे गए: आरएसएफ रिपोर्ट

**पेरिस।** रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स (आरएसएफ) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 में दुनिया भर में अपने काम के दौरान 67 पत्रकार मारे गए हैं। आरएसएफ ने अपने रिपोर्ट में कहा कि पत्रकार सिर्फ मरते नहीं है, मारे जाते हैं। पत्रकारों की हत्या की संख्या फिर से बढ़ गई है और इसका कारण नियमित और अर्धसैनिकों की आपराधिक गतिविधियां हैं। इस वर्ष 67 में से 53 पत्रकार युद्ध या आपराधिक समूह द्वारा मारे गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 12 महीनों में (एक दिसम्बर तक) मारे गए पत्रकारों में से लगभग आधे (43 प्रतिशत) को गाजा में इजरायली सशस्त्र बलों द्वारा मारा गया। इसके बाद सबसे अधिक पत्रकार (नौ) मैक्सिको में आपराधिक समूहों द्वारा मारे गए।

# ट्रम्प की विदेश नीति फेल हुई: अमेरिकी प्रतिनिधि

## अमेरिकी संसद में मोदी-पुतिन की कार वाली तस्वीर दिखाई

■ डेमोक्रेट सांसद बोलीं: यह फोटो हजार शब्दों के बराबर

**वाशिंगटन।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा अमेरिका में भी चर्चा में बना हुआ है। एक अमेरिकी सांसद ने पीएम मोदी और पुतिन की सेल्फी वाली तस्वीर दिखाकर राष्ट्रपति ट्रम्प की विदेश नीति की आलोचना की। अमेरिकी प्रतिनिधि सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह पोस्टर हजार शब्दों के बराबर है।

इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारत नीति की कड़ी आलोचना की। डव ने कहा कि ट्रम्प की भारत को लेकर नीतियां ऐसी हैं जैसे हम खुद को ही नुकसान पहुंचा रहे हों। दबाव डालकर साझेदारी करना महंगा साबित होता है। और यह पोस्टर इसका सबसे बड़ा सबूत है। अमेरिका की दबाव वाली नीति भारत को रूस के करीब धकेल रही है। दूसरी ओर ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद बिल हुइजेंगा ने क्रास-बार्डर टेररिज्म पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भारत के इस दावे का खुलकर समर्थन किया है कि पाकिस्तान में बैठे लश्कर-ए-तैयबा और उसका संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) पहलगाम हमले के पीछे थे। अमेरिकी सांसद सिडनी कैमलेगर-डव ने मोदी-पुतिन की कारपुलिंग वाली तस्वीर दिखाई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसम्बर को भारत आए थे। इस दौरान वे अपनी कार छोड़कर मोदी की गाड़ी में बैठ गए थे। सांसद डव ने ट्रम्प के उस दावे पर भी तंज कसा जिसमें ट्रम्प खुद को नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार बताते रहे हैं और दावा करते हैं कि उन्होंने आठ युद्ध रुकवाए हैं, जिनमें भारत-पाकिस्तान भी शामिल है। डव ने कहा कि जब कोई देश अपने सबसे अहम रणनीतिक साझेदारों को ही विरोधियों की ओर धकेल दे, तो वह नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार नहीं कहलाता। डव ने आगे कहा कि अमेरिका को अब बेहद तेजी से कदम उठाने होंगे, ताकि ट्रम्प प्रशासन की नीतियों से अमेरिका-भारत साझेदारी को जो नुकसान हुआ है, उसे जल्द से जल्द ठीक किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच वह भरोसा और सहयोग फिर से बहाल करना जरूरी है, जो अमेरिका की समृद्धि, सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व के लिए अनिवार्य है। ये टिप्पणियां हाउस फारेन अफेयर्स सबकमेटी आन साउथ एंड सेंट्रल एशिया की उस सुनवाई के दौरान आईं, जिसका विषय था 'अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारीरू एक स्वतंत्र और खुले इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा'। अमेरिकी सांसद बिल हुइजेंगा ने कहा कि अमेरिका का भारत के साथ साझेदारी बेहद अहम है। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रम्प प्रशासन ने इसी साल जुलाई में टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया था।



